खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $27^{0}$ C
न्यूनतम : $18^{0}$ C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 8 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 110 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 20 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ऑपरेशन सिंदूर: कांग्रेस ने सरकार की नीतियों की आलोचना की** पेज 2



**विनेश फोगाट एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल के लिए अयोग्य : WFI** खेल टाइम्स



**वीडियो बनाने की बजाय जान बचाना जरूरी** सम्पादकीय



**ट्रम्प को झटका, होर्मुज में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा नुकसान** पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### विस चुनावों व उपचुनावों को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता हटाई गई

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विधानसभाओं के चुनावों और उपचुनावों के संबंध में लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटाने की घोषणा की। आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित पुड्डुचेरी विधानसभा के आम चुनाव और गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा में कुल सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए 15 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू की थी। आयोग ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में इन राज्यों के संबंध में लागू आचार संहिता को तत्काल प्रभाव से हटाने की घोषणा की।

### दिल्ली-पटना फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी, लोग चिल्लाए

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बुधवार को बारिश हुई। वहीं बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ओले भी गिरे। बिहार के पटना में बुधवार रात भारी बारिश हुई। इसी बीच इंडिगो की एक फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई, जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि बाद में इसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम समेत ऊंची चोटियों पर लगातार चौथे दिन बर्फबारी हुई।

### रिश्वत लेते CGST अफसर व कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के एक अधीक्षक और उनके कार्यालय में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया। सीबीआई ने बुधवार को सीजीएसटी कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर यश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को वापस लेने के बदले में मेरठ के सीजीएसटी अधीक्षक संजय मीणा की ओर से 6,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

### म्यांमार सीमा से आए उग्रवादियों ने मणिपुर में घर जलाए

**इंफाल।** मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतर्राष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए।

# सऊदी अरब का अमेरिका को एयरस्पेस देने से इन्कार

**दुबई, वार्ता**

**अमेरिका ने** 4 मई को होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही शुरू करने के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया था। हालांकि एक दिन बाद ही ट्रम्प ने इसे रोकने का आदेश दिया। तब ट्रम्प ने कहा था कि पाकिस्तान के कहने पर उन्होंने यह ऑपरेशन रोका है।

हालांकि अब यह दावा किया जा रहा है कि सऊदी अरब की वजह से अमेरिका को यह कदम उठाना पड़ा। सऊदी अरब ने इस मिशन में शामिल अमेरिकी विमानों को अपने एयरस्पेस और एयरबेस के इस्तेमाल की इजाजत देने से इन्कार कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने अचानक सोशल मीडिया पर इस ऑपरेशन का ऐलान कर दिया था। इससे खाड़ी के सहयोगी देश चौंक गए। सऊदी लीडरशिप इससे नाराज हो गया। ट्रम्प ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत भी की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। अमेरिका 2 दिन में सिर्फ 3 जहाज पार करा पाया और आखिरकार ट्रम्प को यह ऑपरेशन रोकना पड़ा।



- क्राउन प्रिंस की नाराजगी के बाद ट्रम्प ने होर्मुज से जहाजों का रेस्क्यू रोका

### ब्रिक्स के लिए भारत आ सकते हैं ईरान के विदेश मंत्री

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस महीने भारत आ सकते हैं। वे 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली ब्रिक्स बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान चाहता है कि भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को कम करने में रचनात्मक भूमिका निभाए। अगर यह दौरा होता है, तो क्षेत्रीय संघर्ष शुरू होने के बाद यह अराघची की पहली भारत यात्रा होगी। मार्च में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत के दौरान भी अराघची ने ब्रिक्स की भूमिका का मुद्दा उठाया था। ईरानी सरकार के मुताबिक उन्होंने कहा था कि मौजूदा हालात में ब्रिक्स जैसे मंच क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत मई में ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता कर रहा है और नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी में है। ऐसे में ईरान का भारत के साथ बढ़ता संपर्क भू-राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

### नीति आयोग ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को व्यापक रूपरेखा पेश की

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने देश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए व्यापक नीतिगत रूपरेखा पेश की है। 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली: गुणवत्ता संवर्धन के लिए सामयिक विश्लेषण और नीतिगत रूपरेखा' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने आज जारी किया।

# पश्चिम बंगाल गवर्नर ने की विधानसभा भंग

## नोटिफिकेशन जारी, ममता कैबिनेट के किसी भी मंत्री के पास अब कोई पावर नहीं

**कोलकाता/चेन्नई, वार्ता**

**पश्चिम बंगाल** की राजनीति से जुड़ा एक बड़ा संवैधानिक निर्णय सामने आया है। राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आदेश जारी कर दिया है।

लोक भवन, पश्चिम बंगाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा को 7 मई 2026 से प्रभावी रूप से भंग कर दिया गया है। यह कदम संवैधानिक प्रावधानों के तहत लिया गया है। लोक भवन की अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर लिया गया है। इसी बीच कोलकाता में शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। वहीं तमिलनाडु में नई सरकार के गठन पर फैसला फिलहाल अटका हुआ है। टीवीके प्रमुख विजय ने कांग्रेस के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया है, लेकिन राज्यपाल राजेंद्र ने साफ कर दिया है कि शपथ से पहले 118 विधायकों का समर्थन साबित करना होगा। दरअसल, 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में टीवीके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया था। हालांकि विजय खुद दो सीटों से चुनाव जीते हैं और नियमों के मुताबिक उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। ऐसे में पार्टी की प्रभावी संख्या 107 रह जाएगी।

### आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक



- तमिलनाडु के राज्यपाल ने विजय को दूसरी बार राजभवन से वापस भेजा, 118 विधायक लाओ, तभी होगी शपथ

### कांग्रेस के समर्थन से भी बहुमत पूरा नहीं

सरकार बनाने की कोशिश में टीवीके को उस समय बड़ी राहत मिली जब कांग्रेस ने डीएमके गठबंधन से अलग होकर विजय को समर्थन देने का फैसला किया। कांग्रेस के पांच विधायक टीवीके के साथ आए, लेकिन इसके बाद भी आंकड़ा केवल 112 तक पहुंच पाया। यानी बहुमत के जादुई आंकड़े 118 से अभी भी छह विधायक कम हैं। यही वजह है कि राज्यपाल ने फिलहाल शपथ ग्रहण को लेकर कोई हरी झंडी नहीं दी है।

### बावरिया गैंग के दो इनामी बदमाश ढेर

**मथुरा (ब्यूरो)।** जिले में गुरुवार सुबह पुलिस और कुख्यात बावरिया गिरोह के बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 50-50 हजार रुपये के इनामी दो डकैत मारे गए, जबकि पुलिस के दो जवान भी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए बदमाशों की पहचान धर्मवीर उर्फ लंबू (35) निवासी भरतपुर, राजस्थान तथा राजेंद्र उर्फ पप्पू (55) निवासी अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों अंतरराज्यीय बावरिया गिरोह के सक्रिय सदस्य थे और लंबे समय से डकैती, लूट तथा हत्या के प्रयास जैसी वारदातों में वांछित चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि यह मुठभेड़ यमुना एक्सप्रेस-वे के समीप तेंटीगांव अंडरपास के पास उस समय हुई, जब पुलिस टीम संदिग्ध बाइक सवारों की घेराबंदी कर रही थी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन बाइक फिसल गई। इसके बाद दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# यूपी देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बना: मुख्यमंत्री योगी

**तसलीम कुरैशी**

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग तक विकास पहुंचाने का काम कर रही है। योगी आदित्यनाथ हाईवे स्थित सिल्वर पैराडाइज के निकट जनपद सहारनपुर को 2131 करोड़ रुपये की सौगात देते हुए 325 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व नियुक्ति पत्र वितरित करने के उपरांत विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद सहारनपुर अब विकास रोजगार और औद्योगिक प्रगति का नया केंद्र बनने जा रहा है। यहां इंडस्ट्रीयल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं को रोजगार मिले और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, बेहतर क्नेक्टिविटी एवं प्रस्तावित एलिवेटेड हाईवे से जनपद तस्वीर बदल जाए। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने देवबन्द से जारी होने वाले फतवों का जिक्र करते हुए मदरसों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि फतवे की कुसंस्कृति से मुक्त होकर सहारनपुर अब विकास की ओर अग्रसर है और भारत की समृद्धि में सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश की तस्वीर बदलती चली गई। सहारनपुर की काष्ट कला को विश्वस्तरीय पहचान मिली। हाल ही में दिल्ली से बागपत, शामली, सहारनपुर होते हुए देहरादून तक जाने वाले एक्सप्रेस-वे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया।



- कहा : उप्र सरकार बिना भेदभाव के कर रही काम

# मैंने ममता को हराया, इसलिए हुई पीए की हत्या: सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या इसलिए हुई, क्योंकि उन्होंने ममता को हराया है। सुवेंदु ने कहा कि इस हत्या को जिस तरह से अंजाम दिया गया, उसकी जितनी भी निंदा करें वह कम है। हत्या की वजह भवानीपुर से ममता की हार हो सकती है।

उधर चंद्रनाथ की मां ने कहा कि इस हार का बदला मेरे बेटे की हत्या कर लिया गया। कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बचा नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि रथ को चार गोलियां लगीं थीं। पुलिस जांच में पता चला है कि हमलावरों ने रथ की गाड़ी का सात किमी तक पीछा किया था।

### हावड़ा में BJP- TMC कार्यकर्ताओं में झड़प

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के कई इलाकों में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आ रही हैं। गुरुवार को हावड़ा के शिवपुर स्थित चौराबस्ती इलाके में कथित तौर पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। नतीजे आने के बाद से ही राज्य के अलग-अलग हिस्सों में खूनी खेल शुरू हो गया है। चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद शांति बहाल होने के बजाय हिंसा और राजनीतिक टकराव की खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

### चुनावों के दौरान जब्त की 1440 करोड़ की नकदी: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि हाल के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों को धारा 144 और प्रलोभन से मुक्त रखने की उसकी सतर्कता और कार्रवाई में कुल 1444 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, नशीले द्रव्य, कीमती सामान और उपहार की वस्तुएं जब्त की गई। आयोग के अनुसार इस बार जब्त धन और अन्य संदिग्ध सामान इन राज्यों में 2021 चुनावों के दौरान की गई जब्ती की तुलना में 40.14 प्रतिशत अधिक है। पिछले चुनावों में 1029.93 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ प्रतिक्रिया: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया, जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया।



### मोदी ने एक्स पर डिस्प्ले तस्वीर बदली

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर अपने सोशल मीडिया एक्स की डिस्प्ले तस्वीर बदलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' कर ली है और सैनिकों के पराक्रम और देशभक्ति की सराहना की है। पीएम मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बहादुरी को नमन करते हुए एक्स पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत को मिली असाधारण विजय हमारे वीर सैनिकों के अद्भुत पराक्रम और देशभक्ति की प्रेरक मिसाल है। उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पर हर देशवासी को गर्व है।

# दिल्ली में महिलाओं-बुजुर्गों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने साल 2024 में देश में हुए क्राइम की रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक राजधानी दिल्ली में महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

रिपोर्ट बताती है कि 2024 में मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामले में शीर्ष पर रही है। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में 13,366 थे। तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ अपराध घटे हैं। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 4,41,534 मामले दर्ज हुए, जो 2023 से 1.5 फीसदी कम थे। सबसे अधिक 27.2 फीसदी मामले पति के क्रूरता और अपहरण से संबंधित थे। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ 1,267 अपराध दर्ज किए गए। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों की दर प्रति लाख आबादी पर 110 मामले रही, जो केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा दरों में से एक रही। मध्य प्रदेश सबसे ऊपर रहा, जहां 2024 में 5,875 मामले दर्ज किए गए, यह संख्या 2023 के 5,738 मामलों से ज्यादा है। दूसरी तरफ, देश में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2024 में कुल 32,602 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 के मुकाबले 16.9 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी 1.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के खिलाफ अपराध का रेट 2023 में 66.2 से घटकर 2024 में 64.6 हो गया।



- साल 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 केस दर्ज
- तमिलनाडु में 2023 की तुलना में 1.5 फीसदी कम क्राइम

# हर धार्मिक प्रथा को चुनौती गलत: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं और धर्म के मामलों को अदालत में चुनौती देने लगेंगे, तो इससे धर्म और समाज पर असर पड़ सकता है।

कोर्ट ने कहा कि इससे सैकड़ों याचिकाएं आएंगी और हर रिवाज पर सवाल उठने लगेंगे। यह टिप्पणी नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे और महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। इसमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय का केस भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़ी 40 साल पुरानी जनहित याचिका की वैधता पर सवाल उठाए थे।



## संक्षिप्त समाचार

### सुभेंदु के निजी सहायक की हत्या की भाजपा ने की निंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के नेता सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की घटना की निंदा करते हुए कहा है कि आतंक के खिलाफ आवाज उठाना और इसे समाप्त करना अब मजबूरी नहीं, जरुरत है। भाजपा ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, खूनी खेल बंद करो! बंगाल में राजनी. तिक हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या लोकतंत्र पर सीधा हमला है। भाजपा ने कहा कि इस आतंक के खिलाफ आवाज उठाना और इसे समाप्त करना अब मजबूरी नहीं, जरुरत है। गौरतलब है कि अधिकारी के करीबी माने जाने वाले चंद्रनाथ रथ की बुधवार रात मध्यमग्राम के दोहरिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार कुछ अज्ञात हमलावर मोटर साइकिलों पर आए और रथ के वाहन पर गोलीबारी कर दी।

### संजय सिंह मामले में अब 14 मई को होगी अगली पेशी

**सुलतानपुर।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह से जुड़े आचार संहिता उल्लंघन मामले में सुलतानपुर दीवानी न्यायालय स्थित की एमपी-एमएलए कोर्ट में गुरुवार को मामले के विवेचक के उपस्थित न होने के कारण सुनवाई टल गई। अगली पेशी के लिए न्यायालय ने 14 मई की तारीख नियत की है। आप नेता संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि यह मुकदमा बंधुआ कला थाने में दर्ज किया गया था और इसका ट्रायल कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में लगभग सभी साक्ष्य पूरे हो चुके हैं। गुरुवार को विवेचक की गवाही होनी थी।

### सीएम योगी ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत की

# सही आंकड़े ही समग्र विकास का आधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ करते हुए कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का मजबूत आधार है।

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आज का दौर डेटा आधारित निर्णयों का है और

■ **सफल संचालन के लिए 5.47 लाख कर्मचारियों की तैनाती**

जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सही जनगणना से यह सुनिश्चित होगा कि विकास की धारा में समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा।

### सहारनपुर की पहचान फतवों से नहीं, विकास कार्यों से

**सहारनपुर।** सहारनपुर के देवबंद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए कहा कि बंगाल में पहली बार बीजेपी ने सरकार बनाकर उन राजनीतिक विश्लेषकों और दलों को आईना दिखाया है, जो समाज को बांटने की राजनीति करते रहे हैं। सीएम ने कहा कि आज का भारत विकास, सुरक्षा और राष्ट्रवाद की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश उसकी सबसे बड़ी मिसाल बन चुका है। उन्होंने दारुल उलूम से जारी होने वाले फतवों को लेकर कहा कि सहारनपुर की पहचान पहले फतवों से हुआ करती थी, लेकिन अब विकास कार्यों से हो रही है। उन्होंने कहा कि यह जीत साबित करती है कि अगर जनप्रतिनिधि जनता के बीच सक्रिय रहें, तो सरकार दोबारा बनती है, लेकिन जो दल देश और समाज को धोखा देते हैं जनता उन्हें खत्म करने में देर नहीं लगाती। सीएम ने कहा कि जाति के नाम पर राजनीति करने वालों के लिए बंगाल का जनादेश एक संदेश है। कहा कि 2016 में यह इलाका दंगों के कारण बदनाम हुआ था और एक समय सहारनपुर अपनी पहचान के लिए मोहताज था, लेकिन अब विभाजनकारी मंसूबों को खत्म करने का समय है। योगी ने कहा कि समाज के विभाजन की राजनीति करने वाले दल देश और भारत को नुकसान पहुंचा रहे हैं और जनता अब ऐसे राजनीतिक दलों को जवाब देने लगी है। देवबंद में सीएम ने कहा कि विकास का विकल्प नहीं है, हमें बंटना नहीं है, विभाजित नहीं होना है। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले, फतवे की संस्कृति पर विश्वास करने वाले अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए जाति का सहारा लेते हैं, जो लोग जाति के नाम पर राजनीति करते हैं, उनके लिए आईना है बंगाल।

# यूपी-बिहार में होगी झमाझम बारिश

**नई दिल्ली, वार्ता**



मौसम विभाग ने 7 मई से 12 मई के बीच देश के कई राज्यों के लिए चेतावनी जारी की है। उत्तर, पूर्व और दक्षिण भारत में बदलते मौसम के कारण आंधी-तफान, भारी बारिश और तेज हवाएं चलने के साथ-साथ तापमान में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

आईएमडी के अनुसार आने वाले दिनों में कम से कम 13 राज्यों में मौसम खराब रहने की आशंका है। उत्तर-पश्चिम भारत में आंधी और तेज हवाएं चल सकती हैं, जबकि दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और आंधी आ सकती है। कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार इससे भी ज्यादा होने की संभावना है। वहीं केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की उम्मीद है। असम और मेघालय में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग ने गुरुवार को खासकर दोपहर और शाम के समय हल्की आंधी और बिजली कड़कने का अनुमान जताया है। उत्तर, दक्षिण, पश्चिम दिल्ली, शाहदरा और नई दिल्ली जैसे इलाकों में बादल छाए रह सकते हैं और कहीं-कहीं धूल भरी आंधी चल सकती है। दिल्ली से सटे शहरों जैसे गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में भी हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह राहत बस कुछ समय के लिए है। इसके बाद तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। वीकेंड (शनिवार-रविवार) तक दिल्ली का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है।

## सरकार ने 40 से अधिक उम्र के श्रमिकों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच योजना शुरू की

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ करते हुए कहा है कि सरकार श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डा. मांडविया ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा कि चार श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रमिकों के लिए गरिमा, कल्याण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की गारंटी को दर्शाता है। उनका यह भी कहना था कि देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 19 से बढ़कर 64 प्रतिशत हो गया है और लगभग 94 करोड़ लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश भर में 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए हर वर्ष निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जांच के दौरान पहचानी गई बीमारियों का उपचार और दवाएं ईएसआईसी सुविधाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। डा. मांडविया ने कहा कि भारत श्रम संहिता के तहत गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने वाले पहले देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी लाभार्थियों की संख्या भी लगभग सात करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ तक पहुंच गई।

## बीजेपी व चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को लूटा: अखिलेश यादव

**कोलकाता, वार्ता**

बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को कोलकाता पहुंचकर निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाक. ात की और कहा कि दीदी आप हारी नहीं हैं। बीजेपी और चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को लूटा है।

ममता के कालीघाट आवास पर हुई इस मुलाकात में अखिलेश ने कहा कि दीदी आप हारी नहीं हैं। उन्होंने ममता को उपहार भी भेंट किए। अखिलेश ने इस दौरान ममता के सांसद भतीजे व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को गले लगाय। अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद



■ **कोलकाता पहुंचकर सपा मुखिया ने ममता से की मुलाकात**

निवर्तमान मुख्यमंत्री को भावनात्मक समर्थन दिया।अखिलेश यादव कोलकाता में टीएमसी प्रमुख के आवास पर ममता और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी से मिले। ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला और कहा कि 'दीदी' हारी नहीं है। बीजेपी ने जो-जो बंगाल में किया है, यूपी में उसका पहले ट्रायल किया और फिर बंगाल में उसे बड़े पैमाने पर किया।

उन्होंने कहा कि बंगाल में यूपी बाय-इलेक्शन से ज्यादा तस्वीरे आई होंगी, बंगाल में जो हुआ है, उसने लोकतंत्र को डैमेज किया। बीजेपी की आंखों में दीदी खटकती है और बीजेपी सामंती सोच की है, ये नारी को कभी बढ़ते हुए नहीं देख सकते है। उन्होंने बीजेपी की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को आधी-अधूरी सीएम कहा। अखिलेश यादव ने कहा कि बीज. ेपी अराजकता फैलाने का काम करती है। उन्होंने टीएमसी के कार्यालय को जलाने पर कहा कि सुरक्षा देने की जिम्मेदारी किसकी थी, चुनाव आयोग और गृह मंत्री की, सुना है 3 लाख से ज्यादा फोर्स भेजी गई थी। उसमें बड़ी संख्या में यूपी के लोग थे।

## दस से तेरह मई तक का मौसम

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बताया कि 10 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। 10 मई की रात से जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश शुरू हो सकती है। इसके बाद 11 से 13 मई के बीच बारिश का यह सिलसिला जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और राजस्थान तक फैल जाएगा। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों के लिए उत्तर प्रदेश के कम से कम 40 जिलों में भारी बारिश और गरज के साथ तूफान का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ, बरेली, आगरा, अयोध्या, गोरखपुर, सीतापुर, बहराइच, बलिया और गाजीपुर सहित कई जिलों में बारिश, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। बिहार के पटना और गया जैसे शहरों में आने वाले दिनों में तेज हवाएं चलने और ओले गिरने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हाल ही में राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में बारिश लाने वाला पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर होकर पूर्व की ओर बढ़ गया है, जिससे उत्तर-पश्चिम भारत में मौसम फिलहाल थोड़ा शांत है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77844.52
निफ्टी 24326.65

सोना 152887 प्रति 10 ग्राम
चांदी 257055 प्रति किलो

## दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को पूरे दिन उतार-चढ़ाव बना रहा और इस बीच दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का संसेक्स 114 अंक (0.15 प्रतिशत) टूटकर 77,844.52 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे 24,326.65 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त में खुलने का बाद आज दिन भर कभी लाल तो कभी हरे निशान में ऊपर-नीचे होते रहे। बीच कारोबार में संसेक्स ऊपर 78,384.70 अंक और नीचे 77,713.21 अंक तक गया। वृहत बाजार में अच्छी लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.41 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.87 प्रतिशत मजबूत हुआ। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सार्वजनिक बैंकों से सूचकांक फिसल गए जबकि ऑटो, रियलटी, निजी बैंकों और धातु समूहों के



सूचकांक ऊपर बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। एनटीपीसी और कोटक महिंद्रा बैंक में भी एक से डेढ़ फीसदी की तेजी रही। एशियन पेंट्स, इटरनल, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, एलएंटटी और बीईएल के शेयर भी ऊपर बंद हुए। हिंदुस्तान यूनीलि. वर का शेयर दो फीसदी के करीब टूट गया। टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाइटन और सन फार्मा एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। आईटीसी, बजाज फाइनेंस, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर लाल निशान में रहे।

### क्रैश होने के बाद सोना-चांदी की भाव बढ़े

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतें हाई से क्रैश होने के बाद अब एक बार फिर से रफ्तार पकड़े हुए नजर आ रही हैं। गुरुवार को खुलने के साथ ही चांदी की कीमत में फिर से उछाल आया है। बीते कारोबारी दिन 2,53,265 रुपये पर क्लोज हुई वायदा चांदी ओपनिंग के साथ ही उछलकर 2,57,055 रुपये पर पहुंच गई। इस सप्ताह पहले दिन सोमवार को जरूर चांदी का भाव टूटा था और 2,43,895 रुपये पर आ गई थी। बुधावार को 5 जून की एक्सपायरी वाले गोल्ड का रेट एमसीएक्स पर 1,52,132 रुपये पर क्लोज हुआ था और गुरुवार को ओपनिंग के साथ ही 1,52,887 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। भले ही इस सप्ताह एमसीएक्स पर सोना तेज रफ्तार से भागता हुआ नजर आ रहा है।

## चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव टूट गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गई। चीनी की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही स्थिर रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपये गिरकर 3,848 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 11 रुपये सस्ता हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी नौ रुपये उतर गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। उड़द दाल की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल और



चना दाल 30-30 रुपये गिर गई। मूंग दाल 19 रुपये सस्ती हुई। वहीं मसूर दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 41 रिंगिट गिरकर 4,538 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74.49 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 46 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति 41 रुपये और मूंगफली तेल 39 रुपये फिसल गया। सोया तेल की औसत कीमत 32 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ गई। पाम ऑयल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7646.58 रुपये, मसूर काली 8105.63 रुपये, मूंग दाल 10140.90 रुपये, उड़द दाल 10808.99 रुपये, तुअर दाल 11238.47 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## शादी वाले घर में डोली के बाद उठीं अर्थियां, तीन शव बरामद

**हमीरपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में रात को हुए दिल दहला देने वाले नाव हादसे से हड़कंप मचा हुआ है। यहां नाव यमुना नदी के बीच में पलट गई, जिसके चलते उसमें सवार 9 लोग डूब गए। इस हादसे में किसी तरह एक पुरुष समेत 2 बच्चे तैरकर किनारे आ गए, लेकिन एक महिला सहित 5 बच्चे लापता हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से 11 घंटों के रेस्क्यू अभियान के बाद एक महिला और दो बच्चों के शव नदी से बरामद कर लिए गए, वहीं 4 बच्चों की तलाश के लिए अभी भी अभियान जारी है। मामला जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के कुतु. बपुर गांव का है, जहां रहने वाले

■ **हमीरपुर के एक परिवार के थे, छह अभी भी लापता**

शराजू की बेटी अंजली की मंगलवार को शादी थी। बुधवार को विदाई के बाद शाम करीब 6 बजे रिश्तेदारी में आए 9 लोगों को विष्णु अपनी पत्नी के साथ नाव पर सवार होकर यमुना पार अपने खेत में तरबूज और खरबूज खिलाने के लिए ले गए। वहां खाने के बाद सभी ने कई फल तोड़कर नाव में लाद लिए और वापस घर आने लगे। आधे रास्ते में यमुना नदी में अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई, जिसमें नाव चला रहे धीरू ने तैरकर खुद को बचाते हुए विष्णु और पारुल को बचा लिया, लेकिन बाकी 6 लोग पानी में लापता हो गए. इनमें से एक महिला और दो बच्चों के शव गुरुवार सुबह बरामद कर लिए गए हैं। श्रीपाल की बेटी की शादी थी, जिसके चलते आसपास के सारे रिश्तेदार शादी में आए हुए थे। घर में मंगल गीतों के साथ बेटी को विदा किया गया और रिश्तेदारों को तरबूज और खरबूजा खिलाने की बात हुई। राजू की बारी यमुना नदी के पास स्थित थी, जहां तरबूज और खरबूज भारी मात्रा में लगे थे। राजू के चाचा का लड़का विष्णु अपनी पत्नी ब्रजरानी सहित 8 बच्चों को नाव से लेकर यमुना पार खेत में चला गया। वहां से उन्होंने भारी मात्रा में खरबूजे और तरबूज नाव में रख लिए और सभी को लेकर वापस आने लगे। नाव में वजन ज्यादा होने से उसका संत. ुलन बिगड़ गया और सभी नदी में डूब गए।

## कांग्रेस ने जवानों की उपलब्धियों को किया नमन

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की उपलब्धियों को नमन कर उस दौरान सरकार की नीतियों की आलोचना की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि आज ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था। उनका कहना था कि उसके बाद ट्रम्प ने



■ **ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सरकार की नीतियों की आलोचना**
■ **युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री ने दस मई को की थी**

विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया। रमेश ने कहा कि उसके बाद 30 मई को सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि 10 जून 2025 को जकार्ता में भारतीय दूतावास के डिफेंस अताशे ने भी यह माना था कि राजनीतिक नेतृत्व द्वारा तय सीमाओं के कारण भारत ने अपने कुछ विमान गंवाए थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि चार जुलाई 2025 को उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने पाकिस्तान की कार्रवाई में चीन की भूमिका की ओर ध्यान दिलाया था। उनके अनुसार चीन ने पाकिस्तान को उपकरण, गोला-बारूद, सैटेलाइट इमेजरी और रियल टाइम टारगेटिंग सहायता उपलब्ध कराई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद मोदी सरकार चीन के प्रति नरम रुख अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापक कूटनीतिक अभियान के बावजूद पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह अलग-थलग नहीं पड़ा जैसा 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद हुआ था।

### अडिग इरादों का ऐलान था ऑपरेशन सिंदूर: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के अडिग इरादों का ऐलान बताते हुए इसमें शामिल भारतीय सेना के जवानों को नमन किया है। भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को लिखा, ष्वो सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं था, भारत के अडिग इरादों का ऐलान था। 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर उन वीरों को नमन, जिन्होंने दुश्मन को जवाब नहीं, संदेश दिया और उस संदेश की गूंज दुनिया ने सुनी। जय हिंद!

### यूपी में भाजपा के बंसल को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अगली चुनावी लड़ाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है। पार्टी के अंदर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को प्रदेश में अधिक सक्रिय और प्रत्यक्ष भूमिका दी जा सकती है, ताकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के जातीय समीकरणों को फिर से मजबूत किया जा सके। यह अटकलें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की हालिया सफलता के बाद तेज हुई हैं, जहां बूथ स्तर की मजबूत रणनीति और संगठनात्मक समन्वय ने पार्टी को बड़ी जीत दिलाई और 15 वर्षों से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियां पश्चिम बंगाल से कहीं अधिक जटिल हैं।

# पन्नी, त्रिपाल, पैकेजिंग के गोदाम में लगी भयंकर आग

## दमकल विभाग की गाड़ियों ने दीवार तोड़कर कई घंटे बाद पाया काबू



**■ नगर व आसपास की एक दर्जन दमकल गाड़ियों ने बुझाई आग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के नवीन मंडी स्थल पर बुधवार की देर रात गेट नम्बर पांच के निकट एक बडे गोदाम में भयंकर आग लग गई। विकराल रूप धारण कर चुकी आग की लपटे चारो ओर फैली और गोदाम में रखा सामान को राख बना दिया। इस दौरान दमकल विभाग की कई गाडियां मौके पर पहुंची और व्यापारी भी यहां भारी संख्या मे इकट्ठा हो गए। कई घंटे तक फायरबिग्रेड के अधिकारी आग की लपटों से लडते रहे।

बताया जाता है कि नवीन मंडी के निकट गेट नम्बर पांच के पास प्लास्टिक की पन्नी, त्रिपाल और पैकेजिंग तथा अन्य ज्वलनशील सामान का बडा गोदाम है। इसके मालिक थोक का काम करते है और गोदाम में लाखों रूपये का सामान भरा हुआ था। कारोबारी रोजाना की भांति रात्रि के समय भी दुकान व गोदाम बंद करके लोट गए थे जहां रात्रि करीब दो बजे अचानक ही फर्म सतिश चंद्र जैन एण्ड सन्स से जुडे गोदाम में अचानक ही आग लग गई। आग की लपटों को देखकर यहां इकट्ठा हुए व्यापारियों को आसपास की दुकानों में खतरा दिखाई देने लगा, क्योकि ऊंची-ऊंची उठ रही आग की लपटे विकराल रूप धारण कर चुकी थी।

इस दौरान यहां शोर शराबा हुआ जिसके बाद दमकल विभाग सूचना के बाद ही मौके पर पहुंच गया। गंभीर बात यह थी कि ज्वलनशील सामान और प्लास्टिक के सामान में लगी आग ने ईंधन का काम किया। आग की लपटे इतनी भयंकर हो रही थी कि दमकल विभाग को आग बुझाने में बडी मशक्कत करन पडी। हालात इतने गंभीर थे कि काफी देर तक दमकल विभाग आग बुझाने के लिए जुझता रहा। इस दौरान आग कई हिस्सो में फैल चुकी थी। एफएसओ रामकिशोर यादव ने जब हालात गंभीर देखे तो उन्होने बुढ़ाना जानसठ, खतौली से भी दमकल विभाग की गाडी मौके पर बुलाई। इतना ही नहीं कुछ प्रमुख फायर टेण्डर मंगाने पडे। सात से अधिक गाडिया आग बुझाने के प्रयास करती रही।

कुछ ही देर में गोदाम का ढांचा बन गया था, लेकिन अंदर आग बराबर जलती रही। दमकल विभाग काफी देर तक अंदर घुसने का प्रयास करता रहा, लेकिन हालात बडे नाजुक थे जिसके बाद मजबूरन गोदाम की दीवार तोडनी पडी। इसके कई घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

## बिजली विभाग और सरकार से मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रात्रि एक बजे लगी आग की खबर पूरे शहर में आग की खबर आग की तरह फैल गई। व्यापारी नेता संजय मित्तल और अन्य व्यापारी भीयहां इकट्ठा हो चुके थे। बताते है कि इस गोदाम में करोड से अधिक का सामान भरा हुआ था, लेकिन शॉर्ट सर्किट की एक ही चिंगारी ने करोडों के सामान को राख में तब्दील कर दिया। एक तरफ जहां व्यापारी अपने नुकसान को देखकर मायूसी की हालत में खडा हुआ था शायद उसके मन में यही बात चल रही होगी कि अब उसके कारोबार का क्या होगा तो वहीं आसपास के व्यापारी ही घटना को लेकर चिंता में थे। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने जहां बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बिजली विभाग को मुआवजा देना चाहिए। वहीं उन्होने मंडी समिति और सरकार से भी मुआवजे की मांग रखी है। रात्रि एक बजे लगी आग सवेरा होने तक धहकती रही यदि दमकल विभाग के अधिकारी और पुलिस गोदाम की दीवार को नहीं तोडती तो शायद आसपास के लोगों को भी बडा नुकसान उठाना पडता। फिलहाल कारोबारी सुभाष और परिवार घटना को लेकर चिंतित है। गुरूवार की दोपहर के बाद क्षेत्रीय जेई निरीक्षण को पहुंचे, लेकिन छानबीन नहीं हो सकी।

## मंडी में आग की घटना के बाद डिप्टी डायरेक्टर से मिले व्यापारी

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मुजफ्फरनगर।** नवीन मंडी समिति में आग की घटना के बाद अब व्यापारियों ने मंडी की बदहाल व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों के सामने अपनी मांगें रखीं। बुधवार को मंडी समिति कार्यालय में डिप्टी डायरेक्टर सहारनपुर देवेंद्र वर्मा, डीडीसी नितिन शर्मा, सचिव वीरेंद्र कुमार चंदेल, पूर्व सचिव कुलदीप सिंह और निर्माण विभाग के जेई से मुलाकात करने पहुंचे संजय मिश्रा और मनीष चौधरी ने अन्य व्यापारियों के साथ अधिकारियों से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि मंडी समिति प्रशासन अब इन समस्याओं पर तेजी से कदम उठाएगा, ताकि मंडी में कारोबार करने वालों और यहां आने वाले किसानों को राहत मिल सके। व्यापारियों ने अधिका. रियों को मंडी परिसर की कई पुरानी और नई समस्याओं से अवगत कराया। सबसे पहले आग से प्रभावित दुकान और उसके आसपास क्षतिग्रस्त हुई दुकानों की मरम्मत व निर्माण का मुद्दा उठाया गया। व्यापारियों ने कहा कि आग लगने के बाद दुकानदारों को नुकसान झेलना पड़ा है, इसलिए मरम्मत और निर्माण कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने अधिकारियों से मांग की कि मंडी में आग से प्रभावित दुकान और आसपास क्षतिग्रस्त हिस्सों का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए। उनका कहना था कि जब तक दुकानों की मरम्मत पूरी नहीं होगी, तब तक संबंधित व्यापारियों के सामने कारोबार चलाने में परेशानी बनी रहेगी। इसके साथ ही मंडी की उन दुकानों और हिस्सों की भी जांच कराने की बात रखी गई, जहां आग की घटना के बाद नुकसान की आशंका है। व्यापारियों ने कहा कि मंडी में सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर अब ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

व्यापारियों ने तिकोनी मंडी में शेष रह रहे फड़ों का निर्माण पूरा कराने की मांग भी अधिकारियों के सामने रखी। उनका कहना था कि अधूरे निर्माण और व्यवस्थित फड़ न होने से मंडी में आने-जाने वाले व्यापारियों और किसानों दोनों को दिक्कत होती है। बैठक में मंडी परिसर की प्रकाश व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए। व्यापारियों ने अधिकारियों को बताया कि कई हिस्सों में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से शाम और रात के समय परेशानी होती है। मंडी में देर तक काम करने वाले व्यापारी, मजदूर और वाहन चालक अंधेरे के कारण असुरक्षा महसूस करते हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर आरजेपी कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कालेज बिजनौर में एनसीसी 30 यूपी बटालियन द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने ध्वजारोहण किया। एनसीसी कैडेट द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार द्वारा एक वर्ष महले 7 मई 2025 की रात को चलाया गया था, जो पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए भारतीय सेना का एक सटीक और दंडात्मक सैन्य अभियान था। यह पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब था। भारतीय सेना ने पूरी निडरता के साथ पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया और उन्हें नष्ट करने का साहसिक कार्य किया था, जिसका हमें हमेशा गर्व रहेगा। उन्होंने आह्वान किया कि हमें देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहना है।

# बंगाल चुनाव परिणाम के बाद सियासी जुबानी जंग तेज

## अतुल प्रधान ने जनमत की लूट बताया, तो बालियान बोले- जनता का फैसला स्वीकार करना चाहिए

**■ पुलिस फोर्स के दम पर जनमत को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजों के बाद ज़िले की राजनीति में भी तूफ़ान तेज हो गया है। समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मुजफ्फरनगर के सांसद रहे डॉ. संजीव बालियान के बीच जुबानी जंग छिड़ी है सपा विधायक अतुल प्रधान ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने इसे 'जनमत की लूट' करार देते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता को वोट देने का अधिकार है और इसे छीनने का हक किसी को नहीं है। अतुल ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष चुनाव नहीं हुए और पुलिस-फोर्स के दम पर जनमत को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए अतुल प्रधान ने कहा कि चुनाव आयोग बंधुआ मजदूर की तरह काम कर रहा है, जिसकी हम मुखालफत करते हैं। चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष होने चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मीडिया असली मुद्दों से ध्यान भटकाकर जाति और धर्म की राजनीति दिखा रही है, जबकि हकीकत में 'जनमत की लूट' हुई है, वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने बंगाल में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में पूरा हुआ है। पश्चिम बंगाल में जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में पूरे देश में जबरदस्त उत्साह है और अब राज्य विकास की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ेगा।

ममता बनर्जी पर टिप्पणी करते हुए बालियान ने कहा कि वह देश की बड़ी नेता हैं और लंबे समय तक मुख्यमंत्री रह चुकी हैं, इसलिए उन्हें हार को बड़े दिल से स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'यह पश्चिम बंगाल की जनता का फैसला है और लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है। दोनों नेता छछरपुर गांव पहुंचे थे, जहां हाल ही में एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद, उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान पश्चिम बंगाल चुनाव पर अपने विचार साझा किए।

# प्रेमी के सहयोग से लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रामराज पुलिस और एसओजी की टीम ने जबरन गाडी में बैठाकर लूटपाट की घटना को अंजाम देकर फरार हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने इनके कब्जे से स्विफ्ट कार, मोटरसाईकिल, एटीएम व पैन कार्ड व हजारों की नगदी, अवैध असलाह बरामद करने का दावा भी किया है।

पुलिस लाइन के सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी देहात व सीओ जानसठ ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुएबताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग स्कूटी पर जा रहे थे और हासमपुर के सामने बदमाशों ने स्कूटी रोक कर उन्हे जबरन अपनी गाडी में बैठाया और बाग में ले जाकर मारपीट करते हुए नगदी व सामान लूट लिया। उन्होने बताया कि पुलिस ने भागदौड कर नईम पुत्र जहीरूद्दीन, अनस पुत्र नजीर निवासी मीरांपुर, सुमीत सैनी पुत्र खूब सिंह निवासी मुझेडा मीरांपुर को गिरफ्तार किया। इस मामले में शाहरूख पुत्र उम्मेद अली, समरेज पुत्र इमरान, अरमान पुत्र सुलेमान निवासी मुझेडा प्रकाश में आए थे और उन्हे भी गिरफ्तार किया गया। उन्होने बताया कि समरेज का पीडित के भाई समीर ने अब से करीब तीन माह पहले पुलिस से पकडवाने पर रंजिश रखने लगा था। समरेज ने अपनी प्रेमिका और दोस्त के साथ मिलकर पीडित तालिब को फंसाने की योजना बनाई और चार मई को मिलने के बहाने उन्हे बुलाकर इस घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों ने अपनी गाडी आगे अडाकर स्कूटी गेर कर उन्हे गाडी में बैठाकर लूटपाट की थी। अब पुलिस ने लिखापढी के बाद इनको भी जेल भेज दिया है।

# जनगणना का पहला चरण शुरू मंत्री अनिल व सांसद चंदन ने की स्वगणना





**मुजफ्फरनगर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। स्वगणना कार्य का आगाज रालोद सांसद चंदन चौहान और यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने अपने घरों पर किया।

गुरुवार से देश भर के साथ ही जनपद में भी जनगणना-2027 के पहले चरण का कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने स्वगणना करते हुए लोगों को प्रेरित करने का काम किया है। यूपी सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार के अंकित विहार पचेंडा रोड स्थित आवास पर जिला जनगणना अधिकारी एडीएम-वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार जनगणना टीम के साथ पहुंचे और उनको जनगणना के पहले चरण के शुभारंभ की व्यवस्था से अवगत कराते हुए स्वगणना कराई।

सांसद चंदन चौहान के आवास पर तहसीलदार ने ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन कराया, सही जानकारी दर्ज करने की अपील की सदर तहसीलदार राधेश्याम गोंड ने झांसी की रानी के पास स्थित सांसद चंदन सिंह चौहान के आवास पर पहुंचकर ऑनलाइन माध्यम से जनगणना की सेल्फ एन्यूमरेशन प्रक्रिया पूरी कराई। इस प्रक्रिया के तहत सांसद परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि सेल्फ एन्यूमरेशन व्यवस्था से नागरिक अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे आंकड़ों की पारदर्शिता और शुद्धता सुनिश्चित होगी। तहसीलदार राधेश्याम गोंड ने इस अवसर पर कहा कि जनगणना देश के विकास और भविष्य की योजनाओं का आधार है। सरकार की विभिन्न योजनाएं, बजट निर्धारण, विकास कार्य और जनसंख्या आधारित निर्णय इन्हीं आंकड़ों पर निर्भर करते हैं।

उन्होंने नागरिकों से सही और पूरी जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। प्रशासन इस पूरी प्रक्रिया को एक जागरूकता अभियान के रूप में भी संचालित कर रहा है। अधिकारियों का मानना है कि जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से आम लोगों में इस डिजिटल प्रक्रिया के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़ेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरुवार से जनपद में भी जनगणना कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। ऐसे में 6575 अधिकारी कर्मचारी जुट गये हैं। इसमें प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य होगा। आमजन को 7 से 21 मई 2026 तक स्वगणना का विकल्प भी दिया गया है, जिसके तहत नागरिक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 22 मई से जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। इस दौरान स्वगणना करने वाले परिवार को अपनी 12 नम्बर की एसई आईडी सुरक्षित रखनी है, जो प्रगणक को उपलब्ध करानी होगी। दूसरे चरण में 9 फरवरी 2027 से प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। इस जनसंख्या गणना में जातिगत जनगणना भी करने की तैयारी है, जो 1931 के बाद पहली बार हो रही है।

### 21 मई तक भर सकेंगे ऑनलाइन विवरण

**मुजफ्फरनगर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत सेल्फ एन्यूमरेशन प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत सेल्फ एन्यूमरेशन प्रक्रिया का आज शुभारंभ हुआ है।

सात मई से इक्कीस मई तक जनपद के लोग स्वयं ऑनलाइन पोर्टल http://se.cenus.gov.in पर अपना विवरण दर्ज कर सकेंगे।

### आत्महत्या में आरोपी युवती गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** तितावी पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में एक युवती को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। तितावी पुलिस का कहना है कि गांव गढ़ी देशराज निवासी आयुष पंवार की मौत हो गई थी। जिसकी शिकायत पीड़ित परिवार ने दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले की छानबीन की और आरोपी पाई गई अनशीका को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि मृतक ने एक सुसाइड नोट लिखा था और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर युवती व उसकी मां के खिलाफ आत्महत्या का मामला पाया गया।

# 25 लाख की अफीम सहित दो पकड़े

## शाहपुर व कोतवाली पुलिस ने किया दो घटना का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली पुलिस ने वाहन लूट गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यक्ष एप के माध्यम से बदमाशों की शिनाख्त की थी। वहीं दूसरी और शाहपुर पुलिस ने मुठभेड के दौरान चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए 25 हजार का इनामी गिरफ्तार किया। एक ओर अन्य घटना में शाहपुर पुलिस ने मादक पदार्थ के तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 लाख रूपये का नशीला पदार्थ पकडा है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन सवेरा के चलते कोतवाली पुलिस ने फिरोज अहमद पुत्र जलील अहमद पटेल नगर देहरादून और मौ. राशिद पुत्र सईद अहमद निवासी महमूद नगर हाल देहरादून को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने इनके कब्जे से स्पलेण्डर और अन्य सामान भी बरामद किया है। वहीं दूसरी और ऑपरेशन सवेरा के चलते पुलिस ने अरशद पुत्र इरफान अली निवासी गेहराबाग खालापार, मोबीन उर्फ भूरा पुत्र यासीन निवासी मईनूद्दीनपुर खतौली को गिरफ्तार किया। और पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध असलाह और कार बरामद की। वहीं एक अन्य घटना में पुलिस माधव कुमार पुत्र बेहरूललाल निवासी चित्तौडगढ राजस्थान को गिरफ्तार किया पुलिस ने इसके कब्जे से करीब पौने तीन किलो अफीम बरामद करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि इस अवैध मादक पदार्थ की कीमत करीब 25 लाख रूपये है। एसएसपी ने बताया कि आरोपी काफी समय से नशीले पदार्थ की तस्करी में लिप्त है। पुलिस का कहना है कि पकडे गए आरोपी ने यह अफीम अज्ञात व्यक्ति से खरीदी थी। अब पुलिस नशीले पदार्थ के तस्करों की तलाश में जुटी है।

# सबूत के अभाव में हत्या में नामजद आरोपी हुए बरी

## कातिलाना हमले के आरोपी की जमानत की खारिज, खेलते समय हुआ था हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने दस साल पूर्व पिमोडा किसान सईद खान हत्याकांड में जेल गए लोगों को सबूत व गवाहों के अभाव में बरी कर दिया है। वहीं एक ओर अन्य मामला भोपा क्षेत्र में हुआ था जहां नामजद आरोपी की जमानत खारिज कर दी गई। बताया जाता है कि 6 अप्रैल 2026 को रात्रि करीब दस बजे भोपा रोड पर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में खेलते समय युवक पर हमला हुआ था। अभियोजन के अनुसार 28 अगस्त 2016 की सवेरे ग्यारह बजे नसीम खान ने पुलिस को बताया था कि उसके पिता सईद खेत पर काम करने के लिए गए थे और शाम सात बजे तक भी वह वापस नहीं लौटे जिसके बाद शिकायतकर्ता अपने भाईयों के साथ पिता की तलाश करने जंगल पहुंचा इस दौरान यहां खेत में उसके पिता सईद की साइकिल व कपडे खेत पर पडे मिले, जबकि शिकायतकर्ता के पिता का शव ईख के खेत में अंदर पडा हुआ मिला था। इस घटना में मौ. नसीम खान ने थाना कोतवाली जानसठ पर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने घटना की छानबीन की और जांच पडताल के बाद हत्या के मामले में ग्राम पिमोडा थाना जानसठ निवासी असलम पुत्र फत्तू व कामिल पुत्र असगर के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने जेल भेजने के बाद इस मामले में गहना से जांच पडताल की और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। यह मामला फास्ट ट्रेक कोर्ट संख्या तृतीय के पीटाशीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट में था। इस मुकदमे की पैरोकारी अधिवक्ता संदीप कुमार त्यागी व टीटू सिंह तथा मौ. आबिद द्वारा की गई। मुकदमे की पैरवरी कर रहे अधिवक्ताओं ने इस घटना से संबंधित सबूत व गवाह पेश किए। और कोर्ट ने सभी सबूत व गवाहों के आधार पर नामजद आरोपियों को निर्दोष पाते हुए सबूत व गवाह के अभाव में तीनों को बरी कर दिया है। वहीं दूसरी ओर गौतम पालीवाल पुत्र घनश्याम पालीवाल अपने साथी देवांश उर्फ वंश के साथ खेल रहे थे तो इसी दौरान अर्पित शर्मा, सचिन राणा, अमरदीप वाल्मीकि, सगुन सैनी और करण जोशी पहुंचे और घेरकर लाठी डंडो से हमला करते हुए लोहे की चैन से भी गंभीर चोटे पहुंचाई। हत्या के इरादे से हमला किया गया जिससे शरीर पर काफी चोटे आई देवांश ने बचाने की कोशिश की जिससे उसे बचाने में चोटे आई। घायलों को भोपा रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था पुलिस ने इस मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और सभी लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# कुत्तों को लेकर टकराव दो धड़ों में बंटी राय

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में आवारा और खूंखार कुत्तों के बढ़ते हमलों को लेकर छिड़ी बहस अब नए मोड़ पर पहुंच गई है। एक तरफ जहां मोहल्लों में रहने वाले लोग, खासकर महिलाएं और बच्चे, लगातार बढ़ रहे डर और हमलों से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर पशु संरक्षण से जुड़ी संस्थाएं इस समस्या के समाधान के लिए वैज्ञानिक और कानूनी प्रक्रिया अपनाने की वकालत कर रही हैं। रेलवे रोड स्थित श्यामपुरी कॉलोनी समेत कई इलाकों में बीते दिनों महिलाओं ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया था। महिलाओं का कहना था कि आवारा कुत्तों के झुंड गलियों और सड़कों पर खुलेआम घूमते हैं तथा राह चलते लोगों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर रहे हैं। उनका आरा. `प था कि कई बार शिकायतों के बावजूद पालिका स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

महिलाओं के आंदोलन के बाद अब स्थानीय एलआईसी एनिमल संस्था ने भी अपना पक्ष सार्वजनिक किया है। गुरुवार को संस्था के संरक्षक पुनीत अरोरा ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि स्ट्रीट डॉग्स की समस्या गंभीर जरूर है, लेकिन इसका समाधान हिंसा या कुत्तों को एक क्षेत्र से हटाने में



नहीं, बल्कि व्यवस्थित प्रबंधन में है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स-2023 और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने का वैधानिक तरीका नसबंदी और एंटी-रेबीज टीकाकरण है। यदि किसी इलाके से कुत्तों को पकड़कर बाहर छोड़ दिया जाता है तो वहां दूसरे और अधिक आक्रामक कुत्ते आ जाते हैं, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। पुनीत अरोरा ने बताया कि संस्था पिछले दो वर्षों से नगर पालिका और प्रशासन को लगातार पत्र लिखकर नसबंदी अभियान शुरू कराने की मांग करती रही है, लेकिन इस दिशा में ठोस पहल नहीं होने के कारण अब स्थिति चिंताजनक बन गई है।संस्था ने प्रशासन के सामने कई सुझाव भी रखे। इनमें बड़े स्तर पर नसबंदी अभियान चलाना, सभी स्ट्रीट डॉग्स का एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन कराना, अत्यधिक आक्रामक या बीमार कुत्तों के लिए अलग शेल्टर होम बनाना तथा आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाना शामिल है। प्रेस वार्ता में संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि डर और गुस्से में लोग कई बार कुत्तों के प्रति हिंसक रवैया अपना लेते हैं, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान प्रशासन, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही संभव है। संस्था के संरक्षक पुनीत अरोरा ने कहा, हम लोगों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को पूरी तरह समझते हैं। महिलाएं और बच्चे भय में हैं, यह गंभीर विषय है। लेकिन समस्या का स्थायी समाधान वैज्ञानिक, कानूनी और मानवीय ख्रष्टिकोण अपनाकर ही निकाला जा सकता है।ह फिलहाल कस्बे में आवारा कुत्तों का मुद्दा सुरक्षा बनाम पशु संरक्षण की बहस का रूप ले चुका है। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका और प्रशासन इस बढ़ते विवाद के बीच किस तरह का संतुलित समाधान निकालते हैं।

## तरबूज खाकर परिवार की हालत बिगड़ी, युवती की मौत

**कोतवाली देहात।** तरबूज खाने से एक परिवार के तीन सदस्य बीमार हो गए। उन्हें बिजनौर निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां पर उनमें से एक युवती की मौत हो गई। युवती का रिश्ता हुआ था, कुछ दिनों बाद उसकी शादी होनी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के ग्राम शेरनगर नरैनी निवासी डॉक्टर जियाउल रहमान उनकी पत्नी और पुत्री मुस्कान की कल शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। तीनों उल्टियां करने लगे। परिजन उन्हें चिकित्सक के यहां ले गए, जहां से चिकित्सकों ने तीनों को बिजनौर रेफर कर दिया। बिजनौर के एक निजी अस्पताल में तीनों का इलाज चल रहा था। मुस्कान की हालत ज्यादा गंभीर थी। कुछ समय बाद उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया कि की तीनों ने कल दोपहर तरबूज का सेवन किया था।

## चार खिलाड़ियों का चयन

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के चार खिलाड़ियों का अंर्तराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। चारों खिलाड़ी अगस्त में वियतनाम में होने वाली प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सनराइज सरबजीत योग अकादमी खुर्दी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों ने अयोध्या के महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय में आयोजित आठवीं राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

## नवीन मंडी स्थल में हुए अग्निकांड पर व्यापारी नेता संजय मित्तल ने जताया रोष



**मुजफ्फरनगर।** नवीन मंडी स्थल मे शॉर्ट सर्किट से हुए अग्निकांड को लेकर दी गुड़ खाण्डसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसो. के अध्यक्ष संजय मित्तल ने भारी रोष प्रकट किया और विद्युत विभाग से मांग की है कि शॉर्ट सर्किट से हुए अग्निकांड की वजह से व्यापारी का करोड़ों रुपए का सामान जल कर खाक हो गया है जिसका मुआवजा विद्युत विभाग से दिलाया जाए दुक. ानों के लेंटर भी टूट गए हैं उन्होंने मंडी सचिव से भी वार्ता की और मंडी समिति से भी व्यापारी को मुआवजा दिलाने की बात कही मंडी सचिव ने बताया कि कल विद्युत विभाग के अधिकारी दुकान में आकर पूरा निरीक्षण करेंगे संजय मित्तल ने बताया कि उनकी माननीय मंत्री कपिल देव जी से बात हुई है और उनको बताया गया कि अग्निकांड के कारण व्यापारी के दुकान के लेंटर भी टूटकर गिर गए हैं और बिल्कुल व्यापारी बर्बाद हो गया है उन्होंने सरकार से मांग की है कि व्यापारी को मुआवजा देकर उसे अपने पैरों पर पुणरू खड़ा किया जाए मंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि संबंध में मैं सरकार को पत्र लिख रहा हूं कि जिनके जीएसटी के रजिस्ट्रेशन है उनका पूरा मुआवजा दिलवाया जाए इस अवसर पर सुरेंद्र बंसल, हरिशंकर तायल, मनमोहन मुंद्रा, राजेश गोयल विवेक गर्ग, अनुज सिंघल, संजय चावल वाले, अंकित गर्ग, सरवन कुमार, अनुज सिंघल, बॉबी भाई, मुकेश जैन टीटू, प्रवीण तायल, आदि काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित है।

## वेदांता स्कूल में टैगोर जयंती मनाई

**मंसूरपुर।** जयंती के अवसर पर वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में कार्यक्रम बड़े सम्मान एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा गुरुदेव टैगोर के जीवन एवं उनके महान योगदानों को याद किया।

विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर महान कवि, साहित्यकार एवं नोबेल पुरस्कार विजेता थे। उन्होंने अपने विचारों और लेखन के माध्यम से मानवतावाद, विश्वबंधुत्व तथा आंतरिक स्वतंत्रता का संदेश दिया। उनके साहित्य ने देश में एकता और सामाजिक जागरूकता को नई दिशा प्रदान की।विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि गुरुदेव द्वारा रचित ह्जन-गण-मनह्व भारत की शान और गौरव है। उन्होंने रटने वाली शिक्षा पद्धति का विरोध करते हुए शांतिनिकेतन की स्थापना की, जहाँ प्रकृति के सानिध्य में शिक्षा प्रदान करने और सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया गया।

विद्यालय की कोऑर्डिनेटर कृतिका आर्य एवं प्रीति शर्मा ने भी विद्यार्थियों को गुरुदेव टैगोर के विचारों एवं आदर्शों से अवगत कराया। अध्यापिका निकिता शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने देश के प्रति सजग, समर्पित एवं जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए।विद्यालय की छात्राओं आयुषी एवं दिव्यांशी ने भी गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर के जीवन, साहित्य और राष्ट्र के प्रति उनके योगदानों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समस्त वेदांता परिवार का सराहनीय सहयोग रहा।

## फाइनल क्रिकेट मैच का रोमांचक समापन

**बुढ़ाना।** कांधला रोड पर स्थित एमआई क्रिकेट एकेडमी बुढाना के मैदान में हुए चौम्पियन ट्राफी फाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन हुआ। मैच मेक्स व वीआईपी टीम के बीच हुआ। जिसमें मेक्स टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया जिसमे मेक्स टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 161 रन बनाए। जिसमे वीआइपी टीम ने स्कोर का पीछा करते हुए 121 रन पर आल आऊट हो गई। इस तरह मेक्स टीम ये मैच 40 रन से जीत गई और फाइनल के विजेता हुए। जिसमे आज के मैन ऑफ़ दा मैच अदनान रहे। जिन्होंने 40 बॉल पर 71 रनों की पारी खेली। खराब मौसम के चलते 2 दिन से टल रहा फाइनल मैच आज धूप खिलने के साथ खेला गया जिसमें खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि भाकियू बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष इसरार थे। उन्होंने विजेता टीम के खिलाड़ियों को अपने हाथों से बड़ी आकर्षक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ट्रॉफी पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मुख्य अतिथि इसरार का आभार जताया। यहां एडवोकेट आबाद कुरैशी, एडवोकेट मोहम्मद मियां रिजवानी, खिलाड़ी सूरज सैनी, भाजपा नेता हिमांशु सिंगल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट आयोजक राहिल ने सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों, दर्शकों व सहयोगियों का आभार जताया।

## मेपल्स एकेडमी में फोरेंसिक साइंस पर हुआ इंटरैक्टिव सत्र

**बुढ़ाना।** विद्यार्थियों को करियर की नई राह दिखाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना में फोरेंसिक विज्ञान विषय पर एक विशेष इंटरैक्टिव फ्यूचर प्लानिंग सत्र आयोजित हुआ।

इस ज्ञानवर्धक कार्यशाला में नीदरलैंड से आए विश्व प्रसिद्ध फोरेंसिक डाइविंग विशेषज्ञ व अन्वेषक डॉक्टर मार्को पोंट ने कक्षा 11वीं, 12वीं व इस वर्ष बोर्ड परीक्षा दे चुके स्टूडेंट्स को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक फोरेंसिक साइंस अब सिर्फ फिंगर प्रिंट तक सीमित नहीं है। उन्होंने सोनार टेक्नोलॉजी, अंडरवाटर रोबोटिक्स व अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए पानी के भीतर होने वाले अपराधों व डूबने से जुड़े संदिग्ध मामलों की जांच प्रक्रिया को बेहद



रोचक अंदाज में समझाते हुए कहा कि आज तकनीक इतनी आगे बढ़ चुकी है कि नदी, नहर या समुद्र में फेंका गया सबूत भी अब छुप नहीं सकता। सोनार से हम पानी के नीचे थ्री डी मैप बना लेते हैं। सत्र के दौरान स्टूडेंट्स ने अपराध जांच, बॉडी डिकम्पोजिशन, डिजिटल फोरेंसिक व करियर स्कोप को लेकर काफी सवाल पूछे तो उन्होंने हर प्रश्न का उत्तर उदाहरण देकर दिया। जिससे हॉल तालियों से गूंज उठा। कक्षा 12 की छात्रा अंशिका ने कहा कि आज पता चला कि साइंस की फील्ड में क्राइम ब्रांच, सीबीआई व आईबी तक में जॉब के रास्ते खुलते हैं। एकेडमी प्रबंधक राजीव गर्ग व अनन्या गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा और उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव ने मार्को पोंट का आभार जताया।

## नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चरथावल।** थाना चरथावल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को मुखबिर की सूचना पर बिरालसी से गुनियाजुड्डी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया ने बताया कि मार्च के महीने मे ग्राम महेशपुर थाना बड़गांव जनपद सहारनपुर निवासी दीपांशु पुत्र सुशील वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले में वादी की तहरीर के आधार पर थाना चरथावल में अभियोग पंजीकृत किया गया था।विवेचना के दौरान अप्रैल माह मे पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बरामद कर लिया था। गुरुवार को थाना चरथावल पुलिस ने आरोपी दीपांशु को गिरफ्तार कर लिया।

## एआईएमआईएम पदाधिकारियों ने कसी कमर

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढाना क्षेत्र में एआईएमआईएम पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने हेतू बैठक की गई। जिलाध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के निर्देश पर सै"यद बाबर के आवास पर आयोजित बैठक में बुढ़ाना विधानसभा व नगर इकाई को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष



मौलाना इमरान कासमी ने कहा पार्टी सुप्रीमो ओवैसी के हाथों को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है। बुढ़ाना विधानसभा व नगर में संगठन को हर वार्ड मोहल्ले तक पहुंचाना है। बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष सै"यद बाबर ने कहा कि आगामी नगर पंचायत चुनाव को मजबूती से लड़ने के लिए अभी से तैयारी शुरु करनी होगी। हर वार्ड में 11 सदस्यीय कमेटी बनाकर जनता के मुद्दों को उठाया जाएगा। नगर की बदहाल सफाई, पानी व सड़क की समस्याओं को लेकर आंदोलन करेंगे। विधानसभा की 98 ग्राम पंचायतों में पार्टी का संगठन खड़ा करेंगे। बैठक में पूर्व यूथ जिला अध्यक्ष रमीज माविया उस्मानी, असलम खान, तै"यब सैफी, नसीम सिद्दीकी, नफीस अंसारी, आबिद अब्बासी, आमिर सूफी, शोएब सिद्दीकी, अब्दुल क"यूम मंसूरी, आमिर रंगरेज, वसीम कुरैशी, फैजुल सलमानी, वरिष्ठ नेता लालू सिद्दीकी, असलम पेंटर, गुलफाम कस्सार, आकिब अंसारी, वाजिद कस्सार, शायर इजहार, मुस्तुफा राणा, उम्मेद राणा और विधानसभा सचिव माजिद राणा आदि कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## युशा नफीस का एशियन जूनियर और वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में चयन

**धामपुर।** प्रतिभाशाली स्क्वैश खिलाड़ी युशा नफीस का चयन अंर्तराष्ट्रीय स्तर की दो महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। युशा नफीस, जो कि नफीस अहमद के पुत्र हैं, का चयन 33वीं एशियन जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 20 से 24 मई 2026 तक पानझिहुआ सिटी (चीन) में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा उनका चयन वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए भी हुआ है, जो 20 से 30 जुलाई 2026 तक कनाडा में आयोजित होगी। युशा नफीस के पिता नफीस अहमद वर्तमान में धामपुर शुगर मिल्स के डिस्टिलरी प्लांट में कार्यरत

## करंट लगने से गुलदार की मौत

**नांगल सोती।** लालपुर मान के समीप चंदक नहर शाखा के किनारे बिजली के करंट की चपेट में आकर एक मादा गुलदार की मौत हो गई। आज सुबह करीब दस बजे चंदक नहर शाखा के किनारे अर्जुन के पेड़ के नीचे राहगीरों ने गुलदार का शव पड़ा देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सामा. जिक वानिकी विभाग के अधिकारियों को दी। डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची वानिकी विभाग की टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। टीम शव को लेकर जालपुर स्थित वन विभाग की नर्सरी में पहुंची और चिकित्सकों से पोस्टमार्टम कराया। डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह ने बताया कि शव मादा गुलदार का है।

## एसडी मैनेजमेंट में बीएससी कम्प्यूटर साइंस के मेधावी छात्रों का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बी.एससी. (कंप्यूटर साइंस) प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किया गया। इस अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल एवं बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह निरंतर परिश्रम,



अनुशासन एवं सकारात्मक सोच का परिणाम होती है। बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग तकनीकी प्रगति का है, जिसमें कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों के लिए अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी प्रतिभा को पहच. ानने एवं निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया।

घोषित परिणाम के अनुसार, बी.एससी. (कंप्यूटर साइंस) प्रथम सेमेस्टर में वेदिका मित्तल ने 80.33: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान नेहा कौशिक ने 79.50: अंकों के साथ प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान दीक्षा रानी ने 78.30: अंक प्राप्त कर हासिल किया। इस अवसर पर सभी सफल विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता, गुरुजनों एवं मित्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वेदिका मित्तल ने कहा कि उनकी सफलता का श्रेय उनके माता-पिता और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग को जाता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच को अपनी सफलता का आधार बनाया

## अभद्र टिप्पणी पर ग्रामीणों में आक्रोश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बाबा साहिब डा.भीमराव अम्बेडकर को लेकर की गई टिप्पणी से आक्रोशित ग्रामीण और एससी समाज के लोगों ने कार्यवाही को मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहिब की बहनों को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई है और एक फेस बुक आईडी बनाकर उस पर वीडियो डाली गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और भीड़ कोकार्यवाही का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को क्षेत्र के ग्रामीण और एससी समाज के लोग बसेडा चौकी पर पहुंचे इस दौरान पुरूष वमहिलाएं शामिल थी और चोकी पर प्रदर्शन करते हुए बसेडा चौकी प्रभारी के नाम दी उन्होंने बताया कि बाबा साहिब अम्बेडकर की शादी को लेकर अभद्र टिप्पणी करते हुए वीडियो फेसबुक पर डाली गई है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्यवाही की मांग की। बसेडा चौकी पुलिस ने इस मामले से अधिकारियों को अवगत कराया और आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## गुड़ मंडी की समस्याओं को सचिव समक्ष उठाया

**मुजफ्फरनगर।** मंडी समिति में डिप्टी डायरेक्टर सहारनपुर देवेंद्र वर्मा, डीडीसी नितिन शर्मा, सचिव वीरेंद्र कुमार चंदेल, पूर्व सचिव कुलदीप सिंह एवं निर्माण विभाग के जेई से घटना स्थल व मंडी समिति कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की तथा मंडी की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

इस दौरान मंडी में आग लगने से प्रभावित दुकान एवं उसके आसपास क्षतिग्रस्त दुकानों का जल्द से जल्द निर्माण एवं मरम्मत कराने की मांग रखी गई। साथ ही तिकोनी मंडी में शेष रह रहे फड़ों, मंडी की टूटी एवं अधूरी सड़कों के छोटे-छोटे हिस्सों के निर्माण,



प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा बारिश के दौरान जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग भी अधिकारियों के समक्ष रखी गई।अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा तथा आवश्यक निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किए जाएंगे। इस अवसर पर संजय मिश्रा एवं मनीष चौधरी ने भी अधिकारियों से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

## मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

**चरथावल।** गांव नगला राई स्थित जामिया आयशतुस्सिद्दीका लिल बनात में वार्षिक रिज़ल्ट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जमीयत उलेमा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष हाफिज़ मोहम्मद फुरकान असअदी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सद्भावना मंच जमीयत उलेमा के कन्वीनर एवं जामिया अल-हिदाया के मैनेजर मौलाना मो. मूसा क़ासमी मौजूद रहे। संचालन जामिया के मैनेजर मौलाना मो. अहसान क़ासमी ने किया। कार्यक्रम में क़ारी मो. शहनवाज़ क़ासमी एवं क़ारी मो. शुऐब क़ासमी ने भी सहभागिता की।इस अवसर पर प्रिंसिपल नुसरत जहां,राहत हुदा इरशादी, फैमिदा खतीजी,नाजरीन सिद्दीकी, साफिया सिद्दीकी,खुशनसीब सिद्दीकी,खुशनुमा मौजूद रहे।

**खोया पाया**

मैने यू.पी.बोर्ड की इण्टरमीडिएट संस्थागत परीक्षा वर्ष 2018 में गांधी इन्टर कलिज चरथावल से उर्त्तीण की थी। जिसका अनुक्रमांक-0539596 है। मेरी उक्त मार्कशीट कही गुम हो गई है।

**अंकित कुमार**
**पुत्र श्री सोमपाल**
**निवासी ग्राम घिस्सूखेडा**
**पोस्ट चरथावल**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**खोया पाया**

मैने यू.पी.बोर्ड की हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2015 में गांधी इन्टर कलिज चरथावल से उर्त्तीण की थी। जिसका अनुक्रमांक-0572951 है। मेरी उक्त मार्कशीट कही गुम हो गई है।

**अंकित कुमार**
**पुत्र श्री सोमपाल**
**निवासी ग्राम घिस्सूखेडा**
**पोस्ट चरथावल**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**आवश्यकता है**

राजमाता अहिल्याबाई होल्कर डिग्री कालेज कितास मे प्राचार्य तथा बी.ए. (शिक्षा शास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र) एवं बी. पी. ई. एस. हेतू योग्य अध्यापकों की आवश्यकता है।

**सम्पर्क करें-**
**पुष्पेन्द्र बालियान**
**9557048988,**
**सत्येन्द्र कुमार**
**82 73734800**

**सूचना**

मैंने अपना नाम WAJID से बदलकर WAJID ALI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए पता
**WAZIDALI S/O**
**SHAUKAT ALI**
**VPO**
**PURBALIYAAN**
**MUZAFFARNAGAR**
**UTTAR PRADESH**
**PIN 251203**

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री शंकर स्वरूप बंसल, पुत्र स्व. श्री विष्णु स्वरूप बंसल, निवासी 196, सिविल लाईन उत्तरी, तहसील सदर, जिला-मुजफ्फरनगर, उ.प्र.के द्वारा ऑनलाईन शमन मानचित्र सं. :-MZDA/BP/COMP/25-26/0602 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं0-660, 661 व 662, ग्राम-बामनहेडी, जिला-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के कुल क्षेत्रफल 2817.76 वर्गमी. पर 'बजट होटल' के प्रयोजन का शमन मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल खसरा नं0-660, 661 व 662, ग्राम-बामनहेडी, जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 45 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार / मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त 'आवासीय (150 से 400 व्यक्ति / हेक्टेयर)' भू-उपयोग में दर्शित है। अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.5 के अनुसार 'आवासीय' भू-उपयोग के अन्तर्गत 'बजट होटल' की क्रिया सामान्यत: अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन / महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया / उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेंगे एवं इन आपत्तियों /सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था / अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

# साधु सेवा से वैराग्य के साथ ऐश्वर्य भी मिलेगा : मोरारी बापू

## हाथ का आभूषण दान होता है, सत्संग से विवेक पैदा होता है : बापू





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में स्थित प्रसिद्ध श्री शुकदेव आश्रम के परिसर में हो रही राम कथा के छठे दिवस बिश्व प्रसिद्ध संत मुरारी बापू ने अपने विशिष्ट अंदाज में कथा का वर्णन किया।राम सीता विवाह उत्सव,शुकदेव महिमा,साधु महिमा,आश्रय,व सत्संग के महत्व,विवेकशीलता,श्रीमद्भागवत महिमा आदि पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विशेष भजन प्रस्तुत किये।वहीं भाकियू नेता राकेश टिकैत सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

सन्त मोरारी बापू ने गुरुवार को अपनी 977 वीं तथा शुकतीर्थ में छठी बार राम कथा का वर्णन करते हुए कहा कि विद्वानों, महापुरुषों की परीक्षा भागवत में हुआ करती है।सरलता, मधुरता,शीतलता, भक्ति भाव ,धैर्य साधु में होता है।सीमितकाल में सीमित साधन में मुक्ति को पाना सफलता है। बापू कहते हैं कि 9 प्रकार के आश्रय कर मनुष्य भक्ति की ओर जाता है।नामाश्रय यह है कि प्रभु नाम का खूब जप करें।कलयुग में नाम प्रसाद मुक्ति का मार्ग है।शुक शुक शुक जपते जपते परीक्षित फल पा गए।नाम की महिमा का पूर्ण वर्णन भी नही किया जा सकता।राम कथा कितनी भी कही जाए वह संक्षेप में ही कही जाएगी। राम कथा को पूर्ण गाना हमारे ज्ञान में नही हैं। शुकदेव भगवान की महिमा का वर्णन करते हुए बापू कहते हैं कि जब शुक मिल जाता है तब सुख प्राप्त हो जाता है। शुकतीर्थ की रज रज में शुक का वास है।सुख की अनुभूति है। मानस के लिये विज्ञान विशारद से बड़ी कोई डिग्री नहीं है ज्ञान, विज्ञान में समाहित हो जाये। परम् भक्ति परमात्मा में मिल जाए जैसे चौतन्य महाप्रभु ,मीराबाई भगवान की मूर्ति में समा गई आज का बौद्धिक जगत इसे कैसे भी स्वीकार करें किंतु भक्ति भाव का चरम उसे प्रभु में विलीन कर देता है। दूसरा आश्रय अश्रु अथवा आंसू हैं। आंसू भाव को प्रकट करता है शरीर को हल्का करता है। अश्रु जलाश्रु आश्रय है।आंसू आत्मा को स्नान कराते हैं।कबीर कहते हैं किसी का दिया काम नही आएगा।तू अपना दिया लेकर चल यही तेरा दीपक बनेगा।यही तुझे प्रकाशमान करेगा।सत्य स्वर्ग से ढका हुआ है।निंदा हटेगी तो अंदर का छिपा साधु नजर आएगा। खलाश्रय के अंतर्गत एकांत में मौन बैठकर परमात्मा का ध्यान लगाओ।निंदा करने वाले ही महापुरुषों को खढ़ बनाते हैं।उन्हें चमकाते हैं।ग़ालिब कहते हैं कि उनकी जूतियों को चमकाने का काम उनके निंदक करते हैं। उपाश्रय,धामाश्रय,वस्तु आश्रय, आदि का वर्णन करते हुए मुरारी बापू कहते हैं।की परमात्मा और भक्ति का पक्ष लेने वाले पक्षी हैं तुलसीदास भी पक्षी हैं।शुकदेव भी पक्षी हैं जिनके ज्ञान वैराग्य में राम हैं वह सब पक्षी हैं।विवेक आश्रय को बताते हुए बापू कहते हैं कि विवेक पुकारने से नहीं मिलता। यदि कथा सत्संग में बैठे हो तो तुम्हें विवेकशील होना चाहिये।

विरति आश्रय में त्याग है।वंचितों की सेवा है। प्रेम से ही फल मिलेगा साधु की सेवा में वैराग्य भी होता है और ऐश्वर्या भी प्राप्त होता है कथा आश्रम सबसे श्रेष्ठ आश्रय है हमारी कथा कभी नहीं छूटनी चाहिए। राजा परीक्षित ने कथा श्रवण कर मृत्यु को टाल दिया।संयम की अपनी आवाज होती है संयम स्वयं बोलता है संयम प्रभावशील है पवित्र मन अलौकिकता की ओर आकर्षित होता है।मोरारी बापू ने प्रभु राम व लक्ष्मण के द्वारा गुरु बिश्वामित्र की चरण सेवा तथा बगीचे में जाकर गुरु के लिए पुष्प चुनना तथा राम सीता विवाह सहित दशरथ के चारों पुत्रों के एक साथ विवाह अयोध्या में विवाहउत्सव का विस्तार से वर्णन करते हुए प्रभु के रूप, नाम, दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला।मोरारी बापू ने शुकतीर्थ के बारे में कहा कि शुकतीर्थ में बहुत विकास हुआ है सुंदर घाट बन गए हैं। अनेक विकास कार्य दिखाई दे रहे है।जिसके लिये सरकार धन्यवाद की पात्र है।किंतु अभी बहुत विकास होना शेष भी हैं।

### सरकार बंगाल में हिंसा करा रही है : टिकैत

पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम को लेकर राकेश टिकैत ने कहा कि चुनाव जीतने के तरीके बदल गए हैं हिंसा किसी भी रूप में उचित नहीं है यह हिंसा सरकार द्वारा कराई जा रही है इसके परिणाम घातक होंगे। ममता बनर्जी को हार स्वीकार कर इस्तीफा दे देना चाहिए चुनाव तो चुनाव हैं।जिसका दांव लगे। अपना काम करे।किन्तु इसका पलट होगा।

## अजय कश्यप के हत्यारोपी शुभम को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा में बीते 22 अप्रैल को टयूबवेल पर सो रहे अजय कश्यप को गाली गलौज के बाद आरोपी शुभम ने ईंट मार कर गंभीर रूप से घायल कर दियाथा दो सप्ताह बाद उपचार के दौरान अजय की मौत हो गई पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

थाना व गांव भोपा निवासी शीतल ने मुकदमा दर्ज कर बताया था कि बीते 22 अप्रैल को उसका पति अजय कश्यप खेत का काम निपटाकर टड्ूबवेल पर ही सो गया था तभी वहां गांव अथाई निवासी युवक शुभम ने अजय के सिर में ईंट मार कर घायल कर दिया घायल को सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया जहां से उसे पहले मुजफ्फरनगर फिर मेरठ मेडिकल ले जाया गया जहां बीते बुधवार को अजय कश्यप की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि आरोपी शुभम को भोपा अथाई मार्ग पर टंकी के पास से गिरफ्तार किया कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया आरोपी शुभम ने पुलिस पूछताछ में बताया कि टड्ूबवेल पर अजय के साथ किसी बात को लेकर गाली गलौज हो गई जिस पर मैंने उसे पर ईंट से वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने आल ए कत्ल ईंट व मृतक की जैकेट बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### दबंगों ने महिला को पीटा

**भौराकलां/बुढ़ाना।** गांव भौराकलां निवासी कुसुम पत्नी स्वर्गीय इन्द्रपाल ने पुलिस को बताया कि बीती 8 अप्रैल को गांव के मोनू, मोहित पुत्रगण बाली और बाली पुत्र नन्हा उसके घर में घुस आए। आरोप है कि तीनों ने घर में आते ही उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से मारपीट की। कुसुम का आरोप है कि जब वह चीखी तो उसे बचाने उसकी बेटी मोनिका और देवर कृष्णपाल दौड़े। आरोपियों ने उन्हें भी बुरी तरह पीटा। तीनों ने कुसुम को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि समझौते का दबाव बनाया जा रहा था लेकिन उसने समझौता करने से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता ने कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उधर थाना प्रभारी भौराकलां ने बताया कि पीड़िता कुसुम की तहरीर पर मोनू, मोहित व बाली के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।

### सपा नेता शोएब ने हुसैनपुर कलां-लुहसाना में लिया आशीर्वाद

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढाना चुनाव की सरगर्मी के बीच समाजवादी पार्टी के युवा नेता कुंवर शोएब ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां व लुहसाना का दौरा किया। गांवों में अपनों के बीच पहुंचे शोएब ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और नौजवानों से चुनाव में साथ देने की अपील की। कुंवर शोएब ने दोनों गांवों में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की। उन्होंने महिलाओं, किसानों व मजदूरों से बात कर उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क व छुटा पशुओं की समस्या बताई। शोएब ने भरोसा दिलाया कि मौका मिला तो विधानसभा में आपकी आवाज मजबूती से उठाऊंगा। जनता का आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। कुंवर शोएब के गांव में पहुंचने पर युवाओं में खासा जोश देखने को मिला।

## बिटावदा गांव के तालाब का पानी खेतों में घुसा

**बुढ़ाना।** दो दिन से हो रही बारिश बिटावदा गांव के किसानों पर कहर बनकर टूटी। गांव के तालाब में जल निकासी का कोई इंतजाम न होने से तालाब ओवरफ्लो हो गया और उसका पानी आसपास के खेतों में भर गया। पानी भरने से खड़ी फसलें बर्बाद हो गई। किसानों ने गुरुवार को एसडीएम आफिस पहुंचकर मुआवजे व स्थायी समाधान की मांग की। गांव निवासी इन्द्रपाल ने बताया कि हमारे खेत तालाब से सटे हैं। तालाब की पानी निकासी का कोई नाला या रास्ता नहीं है। 2 दिन की बारिश में तालाब लबालब भर गया। सारा पानी खेतों में घुस गया। गन्ना, चारा व सब्जी की फसल पूरी तरह डूब गई। अन्य किसानों की करीब 100 बीघा से अधिक फसल जल भराव से नष्ट हो गई। खेतों में 3 फीट तक पानी भरा है। किसान बंसीलाल ने कहा साल भर की मेहनत 2 दिन में डूब गई। अब परिवार का गुजारा कैसे होगा? गुरुवार को किसान तहसील पहुंचे और बुढ़ाना एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। किसानों ने मांग की कि तालाब के पानी की निकासी का स्थायी समाधान कराया जाए और बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत बिश्वकर्मा ने किसानों को आश्वस्त किया कि लेखपाल व राजस्व टीम को मौके पर भेजकर नुकसान का आंकलन कराया जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

## सदस्यता लेने वाले हिन्दू वीरों को पहनाया भगवा पटका



**मुजफ्फरनगर।** आज क्रांतिसेना कार्यालय पर संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने सदस्"ता ग्रहण करने वाले हिंदूवादीओ को भगवा पटका पहनाकर उन्हें क्रांतिसेना की सदस्यता ग्रहण कराई, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्रांतिसेना संघठन हिंदुत्व व जनहित के मुद्दों को लेकर हमेशा मुखर रहता है उन्होंने कहा कि हिंदुओं की एकजुटता के कारण बीजेपी आज देश के 22 राज्यों में सरकार चला रही है लेकिन 12 वर्षों की बीजेपी की केंद्रीय सत्ता में आज भी गौ हत्या गोतस्करी बांग्लादेशी घुसपेठियो को बाहर करने, बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे जस के तस हैं, आम जनता महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से पूरी तरह तृस्त हैं। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा व जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी ने पार्टी में शामिल हुए होमगार्ड कंपनी कमांडर पुष्पेंद्र शर्मा, रमेश चंद गुप्ता, अनित शर्मा, तुषार अरोरा अरविन्द कौशिक, तुषार शर्मा, सचिन गुप्ता, पंडित दिनेश शास्त्री, हिंदू महासभा छोड़कर आए अभिनव त्यागी अमित धीमान, विनय कोरी को भगवा पटका पहनाकर उनका स्वागत किया, इस अवसर कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा, जिलाअध्यक्ष मुकेश त्यागी महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान जिला उपाध्यक्ष मंगतराम सोनकर नरेंद्र ठाकुर संजीव वर्मा उज्ज्वल पंडित, अमित मित्तल,राजेंद्र तायल, राकेश सोनकर, सुनील प्रजापति विकास चौहान प्रभात रावत ललित रूहेला शैलेंद्र बिश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे, बैठक की अध्यक्षता ललित मोहन शर्मा का संचालन वेद प्रकाश शर्मा ने किया।

### गांव-गांव पंचायत कर संगठन मजबूत करेंगे राकेश टिकैत

**भोपा।** गांव धीराहेडी मे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत में निर्णय लिया गया कि गांव दर गांव जाकर उन परिवारों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने किसान आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और संघर्ष किया। पंचायत का संचालन चांवीर सिंह ने किया। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार स्मार्ट मीटर के नाम पर किसानों और ग्रामीणों के साथ हेराफेरी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर अधिक रीडिंग दिखा रहे हैं और गांवों में जबरन इन्हें लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों के हितों की लड़ाई लगातार लड़ता रहेगा और किसानों को अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी पड़ेगी।उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा के किसान गेहूं के मुद्दे पर संघर्ष कर रहे हैं, जबकि किसानों को गन्ना, गेहूं और सरसों जैसी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे। खाद और डीजल की समस्या आने की आशंका भी जताई। टिकैत ने कहा कि खेती में अत्यधिक केमिकल के उपयोग से जमीन खराब हो रही है और किसानों को अपने खानपान व स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए।वही जिला अध्यक्ष नवीन राठी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है और किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांवों में जबरदस्ती स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने दिए जाएंगे। पंचायत का संचालन चांवीर सिंह व अध्यक्षता मंगत सिंह ने किया। नवीन राठी जिला अध्यक्ष, बिट्टू प्रधान जिला सचिव, मनीष अहलावत जिला महासचिव, हरिओम राठी महामंत्री, सरदार आमिर सिंह मंडल महासचिव, सर्विंद्र राठी ,मनीष चेयरमैन ;षिपाल राठी ग्राम प्रधान, गुलवीर राठी, प्रमोद शर्मा, श्यामवीर, प्रमोद अहलावत, अनुज राठी ब्लॉक अध्यक्ष, पवन राठी, किशन राठी, विकास चौधरी जिला महासचिव, पप्पू राठी, ओमबीर राठी, सुक्रपाल राठी पूर्व प्रधान, प्रवीन प्रजापति, चांदवीर राठी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शहर की सफाई पर ढिलाई, कूड़े के ढेरों से घिरा खतौली

**खतौली।** नगर पालिका परिषद की कार्यशैली एक बार फिर चर्चा में है। अधिकारियों से अभद्रता के मामले में तत्काल सख्ती दिखाते हुए संबंधित व्यक्ति के घर के बाहर कूड़ा डलवा दिया गया, लेकिन नगर की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर फैली गंदगी को लेकर पालिका की निष्क्रियता अब लोगों के निशाने पर आ गई है। कुछ दिन पूर्व एक कांग्रेस नेता द्वारा पालिका ईओ से कथित अभद्रता किए जाने के बाद सफाई कर्मचारियों में नारा. जगी फैल गई थी। विरोधस्वरूप कर्मचारियों ने संबंधित नेता के घर के बाहर कूड़ा डालकर प्रदर्शन किया। इस घटना से आसपास रहने वाले परिवारों, महिलाओं और स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। दुर्गंध और गंदगी के



कारण स्थानीय लोगों में भी रोष देखने को मिला। अब यही मामला नगर में चर्चा का विषय बन गया है। लोगों का कहना है कि यदि कूड़ा डालना विरोध का माध्यम बन सकता है, तो फिर शहर के प्रमुख मार्गों और मोहल्लों में कई दिनों से पड़े कूड़े के ढेरों को हटाने के लिए पालिका गंभीर क्यों नहीं है। नगर के कई इलाकों में नियमित सफाई न होने से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा हैं और नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। विशेष रूप से खतौली-जानसठ मार्ग स्थित ओव. रब्रिज क स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। पुल पर जमा कूड़ा और फैली दुर्गंध से राहगीरों व वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई दिनों से यहां सफाई नहीं हुई और पालिका प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कदम नजर नहीं आया। नगरवासियों ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन केवल विवाद और विरोध के समय सक्रिय दिखाई देता है, जबकि नगर की मूल समस्याएं लगातार नजरअंदाज की जा रही हैं।

### देसी घी के गर्म परांठे खाकर गरजे किसान

बुढ़ाना। ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव टोडा में स्थित बिजलीघर के जेई विपिन राठी पर श्वितखोरी का आरोप लगाते हुए टोडा बिजलीघर पर भारतीय किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। सुबह सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता धरनास्थल पर जुटे। चाय की चुस्कियों के साथ विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। धरने के दूसरे दिन नाश्ते की व्यवस्था अमित प्रधान ने की। सुबह देसी घी में सिके गरमागरम परांठों व चाय का लंगर चला। चौधरी सूल्हे समेत पास के गांवों से आए किसानों ने एक साथ बैठकर नाश्ता कर भाकियू जिंदाबाद व भ्रष्ट जेई को हटाओ के नारे लगाए। जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान और तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने कहा जेई विपिन किसानों से कनेक्शन, ट्रांसफार्मर, बिल के नाम पर अवैध वसूली कर रहा है। बिना पैसे कोई काम नहीं होता। जब तक भ्रष्ट जेई यहां से नही हटता। किसानों का शोषण बंद नहीं होता धरना अनिश्चितकालीन चलेगा। बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर प्रधान व नगर अध्यक्ष इसरार ने दो. हराया कि 13 मई को टोडा बिजलीघर पर महापंचायत बुलाई गई है। बीती बुधवार की देर रात भी बड़ी संख्या में किसान बिजलीघर परिसर में डटे रहे।

## काऊ सेन्चूरी: सरोगेसी टैक्निक से बांझ गायों के गर्भ से जन्मी गिर नस्ल की दो बछियां

**मुजफ्फरनगर।** तुगलपुर कम्हेडा स्थित काऊ सेन्चूरी में गौवंशी पशुओं की नस्ल सुधार के लिए कार्यक्रम का शुभारम्भ हो गया है। थार पारकर नस्ल के दो बछडे और गिर नस्ल की दो बछिया कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से काऊ सेन्चूरी में पैदा हुई। पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान ने आज गौवर्धन गौ सेवा समिति के सदस्यों के साथ काऊ सेन्चूरी का दौरा किया। डा. संजीव बालियान ने बताया कि नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड के माध्यम से निराश्रित गौवंश में नस्ल सुधार के लिए कार्यक्रम चलाया गया है। इसमे पूरे जनपद में जहां तहां से पकड़कर काऊ सेन्चूरी भेजे गये गौवंशीय पशुओं में बछिया का चयन कर उनको ख्रत्रिम गर्भाधान के माध्यम से नस्ल सुधार के लिए उपयोग किया जायेगा। ऐसे 500 पशुओं के लिए नेशनल डेयरी



डवेपलमेंट बोर्ड ने हरित प्रदेश सहकारी समिति को मानित किया है जिसमें एक पशु की गर्भाधान का खर्च 25 हजार रूपये आयेगा। ऐसे 161 पशुओं को अब तक गर्भ धारण कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान के सहयोग से कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से दो बछड़े हीरा और मोती तथा दो बछिया पदमणि और नंदिनी पैदा हुए है जिन्हे पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान ने सभी को दिखाया। उन्होंने बताया कि उन्नत किस्म के सांड का और उन्नत किस्म की गाय का सीमन लेकर इन्हे कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से नस्ल सुधार कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया है और भविष्य में जब ये दोनों बछिया गाय बनेगी तो अभी से भविष्यवाणी है कि यह प्रतिदिन बीस से 25 लीटर के बीच दूध उत्पादन करेगी और जो बछड़े नस्ल सुधार कार्यक्रम में पैदा किये गये है उन्हे नेशनल डेयरी डेवलपरमेंट बोर्ड लेगा और उनसे नस्ल सुधार कार्यक्रम को बढाया जायेगा। उन्होंने कहा कि काऊ सेन्चूरी को आत्मनिर्भरत की ओर अग्रसर करने के लिए यहां पर गैस प्लांट भी लगाने का अभियान शुरू किया गया है लेकिन प्रदेश सरकार की अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण काम रूका हुआ है इसके अलावा यहां पर हरे चारे से साइलेज बनाने की मशीन भी लगा दी गयी है जिससे भविष्य में पशुओं के लिए हरे चारे की समस्या समाप्त हो जायेगी। इस अवसर पर श्रीगोवर्धन गौ सेवा समिति के संरक्षक भीमसैन कंसल, सचिव विपुल भटनागर, मीडिया प्रभारी अरविंद भारद्वाज, हरित प्रदेश ऑपरेटिव सोसायटी के डॉ हितेश पूनिया, सदर गन्ना समिति के चेयरमैन शंकर सिंह भोला, बुढ़ाना गन्ना समिति के चेयरमैन निर्भय सहरावत, शुभम मलिक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### काऊ सेन्चूरी में जल्द शुरू होगा ट्रेनिंग सैंटर

मुजफ्फरनगर। पूर्व मंत्री डा. संजीव बालियान ने बताया कि काऊ सेन्चूरी परिसर में ही नेशनल डेयरी डेवपलमेंट बोर्ड द्वारा एक ट्रेनिंग सैन्टर बनाया जा रहा है जिसमें मैत्री के नाम से जाने जाने वाले पशु मित्रों को तीन माह की ट्रेनिंग दी जायेगी और उन्हे प्रमाण पत्र दिया जायेगा। जिसके बाद वह ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं की चिकित्सा करने के लिए मान्य होंगे। इस प्रोजेक्ट पर 14 करोड रूपये खर्च किये जा रहे है और यह अगले तीन माह में तैयार होने के बाद शुरू हो जायेगा। इसके साथ ही परिसर में 80 प्रशिक्षण लेने वाले लोगों के लिए छात्रावास और शिक्षकों के आवास की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी।

### मांगेराम के निधन पर शोक

**खतौली।**भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत देशवाल के पिता स्वर्गीय मांगेराम देशवाल के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया। उनके सम्मान में पूर्व जिला मंत्री मदन छाबड़ा के आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा के दौरान वक्ताओं ने स्वर्गीय मांगेराम देशवाल को धार्मिक विचारों वाला, मिलनसार और समाजहित में कार्य करने वाला व्यक्तित्व बताया। समाज ने एक सम्मानित व्यक्ति को खो दिया है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री बोबिंदर सहरावत, मदन छाबड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार, सभासद अमित त्यागी, पंकज भटनागर, प्रताप वाल्मीकि, कंवरसेन जैन, मुकेश चंदेल, सुभाष गुप्ता, अविनत गोयल, गुरुदत्त अरोरा, अश्विनी वाल्मीकि, सुभाष शर्मा, राजीव सैनी, सुंदर धारीवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय महासभा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अग्रवाल मार्केट स्थित चर्न्दशील डिस्ट्रीब्यूटर के कार्यालय पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश राणा को पटका पहनाकर वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चौहान ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश पुंडीर भी उपस्थित रहे एवं राकेश पुंडीर (आयोजक) के द्वारा नगला पिथौरा के इंटर कॉलेज के मैदान में दिनांक 17 मई 2026 को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती मनाने का आयोजन किया जा रहा है। सुभाष चौहान ने



वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती में सभी जिले वासियों से अपील की, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा जो प्रोग्राम आयोजित हो रहा है उसमें अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज करें। इस अवसर पर दिव्य प्रताप सोलंकी,संदीप चौहान, राजेंद्र चौहान, सचिन त्यागी, संजीव वर्मा, राजीव चौधरी, एवं दूधली से आए हुए भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य बृजपाल सिंह एवं उनके अन्य साथी भी उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल मार्कशीट में है गलत जन्मतिथि...

**बुढ़ाना।** हाईस्कूल की मार्कशीट में गलत जन्मतिथि दर्ज होने से एक छात्र का भविष्य अधर में लटक गया।

आरोप है कि भारद्वाज शिक्षा सदन बुढ़ाना के प्रधानाचार्य ने जन्मतिथि ठीक कराने के नाम पर 07 साल तक उसे गुमराह किया और मोटी श्वित लेने के बाद भी काम नही किया। छात्र साजिद पुत्र नवाब निवासी मौहल्ला मिर्दगान बुढाना ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर सदन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। साजिद ने बताया कि उसने वर्ष 2019 में भारद्वाज शिक्षा सदन से कक्षा 10 उत्तीर्ण की थी। कक्षा 10 का प्रवेश पत्र मिलने पर ही जन्मतिथि गलत दर्ज होने की जानकारी मिली। तब प्रधानाचार्य ने कहा था कि पहले परीक्षा दो बाद में ठीक करा देंगे। परीक्षा फल आने के बाद जब साजिद ने प्रधानाचार्य से जन्मतिथि ठीक कराने को कहा तो उन्होंने हर बार टालमटोल की। प्रधानाचार्य ने उससे समय समय पर रुपये की मांग की। उसने रुपये दिए और प्रधानाचार्य के कहने पर मार्कशीट गुम होने का विज्ञापन छपवाया। सात वर्ष बीतने के बाद अब सदन स्टाफ जन्मतिथि ठीक करने से इंकार कर रहा है और दोबारा कक्षा 10 पास करने की बात कह रहा है। प्रधानाचार्य ने मोटी घूस लेकर मेरा भविष्य खराब कर दिया। मैं शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान हूं। साजिद ने मुख्यमंत्री से भारद्वाज शिक्षा सदन बुढ़ाना के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस बारे में भारद्वाज शिक्षा सदन बुढ़ाना के प्रधानाचार्य से बात करनी चाही लेकिन उनसे संपर्क नही हो सका।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# समय से करें शिकायतों का निस्तारण:मनीषा

☐ जनसुनवाई के दौरान 14 मामलो ंकी हुई सुनवाई।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से गुरुवार को विकास भवन सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने जन सुनवाई की।

जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु आज् विकास भवन सभागार में मनीषा अहलावत, सदस्य, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। आयोजित जनसुनवाई के दौरान सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में महिलाओं से संबंधित समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को महिला संबंधी प्रकरणों में निस्तारण कराने के निर्देश दिए ताकि उन्हें चक्कर ना काटने पड़े। आयोजित महिला जनसुनवाई के दौरान मनीषा अहलावत जी, सदस्य, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग के द्वारा कुल 14 केसो की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान मारपीट, घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद के मामले सामने आये।

जिसके लिए सदस्य ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की प्रार्थना पत्र का समय से निस्तारण करें किसी भी स्तर पर



लापरवाही ना हो। जनसुनवाई के दौरान सदस्य द्वारा प्राप्त शिकायतों की दृष्टिगत सम्बन्धित थानो, वन स्टॉप सेन्टर व सम्बन्धित अधिका. रियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में हामिद हुसैन डिप्टी कलेक्टर शामली, डा0 अश्वनी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली, जितेन्द्र सिंह क्षेत्राधिकारी सदर शामली, रीतू जिला समाज कल्याण अधिकारी शामली, मौहम्मद मुश्फेकीन जिला प्रोब. ेशन अधिकारी शामली, यामीनी रंजन जिला कार्यक्रम अधिकारी शामली, ऐश्वर्या जायसवाल जिला विद्यालय निरीक्षक शामली, मोनिका चौहान थानाध्यक्ष महिला थाना शामली, सत्येन्द्र कुमार अध्यक्ष बाल कल्याण समिति शामली, अजय शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नामित अधिवक्ता, गजाला त्यागी केन्द्र प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर शामली, अजरा खान परियोजना समन्वयक चाईल्ड हेल्प लाईन शामली, सदफ खान को-आर्डिनेटर एच0ई0डब्लू शामली तथा महिला कल्याण विभाग शामली के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सरस्वती में लगाया दंत चिकित्सा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा छात्राओं के दांतों की जांच कर उन्हें मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। शि. विर का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविन्द कुमार व चिकित्सक डॉ. अंकित गुप्ता ने किया। डा. अंकित गुप्ता ने छात्राओं के दांतों का विस्तृत परीक्षण किया गया तथा उन्हें दांतों की सही देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए दांतों की देखभाल बेहद जरूरी है। उन्होंने दिन में दो बार ब्रुश करने, अधिक मीठे पदार्थों से बचने तथा समय-समय पर दांतों की जांच कराने की सलाह दी।

## एक नजर......

### गाली-गलौज कर जान से मारने की दी धमकी

**शामली।** कांधला थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक मिस्त्री ने दो युवकों पर गाली गलौज करने और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कस्बा निवासी चाकपाल नाला फाटक के पास पंचर लगाने की दुकान करता है। शुक्रवार को पीड़ित ने थाने में तहरीर देते हुए बताया की कस्बा एलम निवासी दो युवक फोन पर उसके साथ गाली गलौज करते हैं और कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित मिस्त्री ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पत्नी को ले जाने पर जान से मारने की धमकी

**शामली।** राजो मोहल्ला निवासी शाहिद उर्फ टोल्लू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका उसकी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। जिसमें मुरसलीन, काला उर्फ खुर्शीद, सददाम, पम्मु ने एक राय होकर मारपीट की। जिसकी वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल है। यही नही उक्त लोगों ने पत्नी के साथ मिलकर फर्जी डाक्टरी कराकर शांति भंग की धाराओं में जेल भिजवा दिया था। आरोप है कि गत 4 मई को मोहल्ले में पंचायम हुई और ससुराल पक्ष के लोगों ने पत्नी को आगामी 20 दिनों में ले जाने का दबाव बनाया। आरोप है कि पंचायत के बाद कैराना निवासी अबरार, उमर और दो अज्ञात लोगों ने रास्ते में रोक लिया और भरा बुरा कहते हुए तमंचा निकालकर पत्नी को न ले जाने पर जान से मारने की धमकी दी। पीडित ने खुद की जान का खतरा बताते हुए मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### झमाझम बारिश से हुआ जलभराव

**शामली।** अचानक मौसम में हुए बदलाव के बाद झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। गुरूवार को मौसम का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया है। बारिश के बाद दिनभर मौसम सुहावना बना रहा और ठंडी हवाऐं चलती रही। लेकिन बारिश के बाद लोगों को उस समय परेशानियां हुई, जब शहर के कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। शहर के बरखंडी रोड पर बारिश रूकने के 24 घंटों के बाद भी सडकों पर पानी भरा रहा, जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कते हुई। इसके अलावा शहर के कबाडी बाजार, बडा बाजार, नेहरू मार्किट, माजरा रोड सडकों पर कीचड फैलने से दुकानदारों को भारी परेशानियां हुई। सवेरे दुकान खोलने पहुंचे दुकानदारों ने स्वयं हाथों में झाडू लेकर साफ सफाई की। उन्होने जल निकासी बाधित होने पर नगर पालिका के प्रति रोष व्यक्त किया। साथ ही नाले और नालियों की नियमित साफ सफाई कराने की मांग की है।

### मारपीट की वायरल वीडियो में पुलिस ने कार्रवाई कर एक दर्जन का किया चालान

**कांधला।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मामूली विवाद को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे एक दर्जन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किया। पुलिस ने भविष्य में झगड़ा करने पर आरोपियों को सख्त चेतावनी दी है।थाना क्षेत्र की नई बस्ती में तीन दिन पूर्व नौशाद पक्ष एवं फहमीद पक्ष में मामूली विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले थे, जिसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से शोएब, सोनू, दानिश, इरशाद, इनाम, खुर्शीद और रहीस को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे पक्ष से नौशाद और मेहताब को गिरफ्तार किया गया। वहीं, गांव असदपुर जिडाना में मामूली विवाद को लेकर झगड़ा कर रहे मुकेश व कृष्णा को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। दूसरी ओर कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी राहुल सैनी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। गौरतलब है कि राहुल सैनी की पत्नी ने नगर के एक जिम में हंगामा करते हुए अपने पति पर दूसरी महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध गुरुवार को कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि नगर एवं क्षेत्र में झगड़ा कर रहे एक दर्जन लोगों का चालान किया गया है। दोबारा झगड़ा करने पर सख्त कार्रवाई की चेता. वनी दी गई है।

### बालिकाओं को स्वास्थ्य केंद्र पर लगाया जा रहा नि:शुल्क टीका

**थानाभवन।** क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रभारी डॉ. सुशील कुमार ने एल्पाइन विद्यापीठ स्कूल पहुंचकर छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर एवं उसके बचाव के बारे में जानकारी दी।डॉ. सुशील कुमार ने बालिकाओं को बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन बेहद प्रभावी है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में निशुल्क लगाई जा रही है। अभियान के तहत 14 वर्ष से अधिक आयु की किशोरियों का टीकाकरण किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह सिंगल डोज अभियान है जिसमें गार्डसिल-4 वैक्सीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीकाकरण प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जा रहा है।इस दौरान छात्राओं को कैंसर के शुरुआती लक्षणों, समय पर जांच और टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण कराकर उन्हें गंभीर बीमारी से सुरक्षित करें।

### रघुनाथ मंदिर में सभा आयोजित

**शामली।** शहर के पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री रघुनाथ मंदिर सभा द्वारा आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव-2026 के उपलक्ष्य में गुरूवार को भव्य प्रभात फेरी का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रभात फेरी का शुभारंभ श्री रघुनाथ मंदिर प्रांगण से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद प्रभात फेरी कॉलोनी के विभिन्न मार्गों से होती हुई सभा के प्रधान श्री सुभाष चुग के आवास पर पहुंची। तत्पश्चात प्रभात फेरी मंदिर सभा के कोषाध्यक्ष यशपाल ठकराल के निवास स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीराम के भजनों का गुणगान करते हुए चल रहे थे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। धार्मिक माहौल और भक्ति भाव से क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। आगामी 8,9,10 मई को मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभा के संरक्षक दिनेश पाठक, राधेश्याम भारती, ख्रष्ण जुनेजा, राकेश परुथी, ओमप्रकाश जुनेजा, शम्मी सेठ, सेवाराम, राजेश सेठी, संगीता अरोरा, सुमन पाठक मौजूद रहे।

## किसानों की समस्या पर चर्चा

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक ग्राम सरकथल माधो में संगठन मंत्री सुरेश कुमार के कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 मई को किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि एवं संगठन का स्थापना दिवस चांदपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बांगड़पुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। बैठक में क्षेत्र की जर्जर विद्युत लाइनों को शीघ्र ठीक कराने की मांग उठाई गई। किसानों ने आरोप लगाया कि फर्द में अंश निर्धारण सही ढंग से नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## नवनिर्मित सड़क हुई क्षतिग्रस्त सामग्री की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** लगभग एक माह पहले रेलवे द्वारा बनाया गया अंडरपास की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। जो निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगा रहा है। कस्बा में रेलवे द्वारा अंडरपास का निर्माण कराया गया है। जो लगभग एक महीने पहले बनकर तैयार हुआ है।

यह अंडरपास एलम कस्बे के मुहल्ला विकास नगर, हरी नगर, सुभाष नगर के लोगों का मुख्य मार्ग है। किसान ट्रैक्टर ट्राली और भैंसा बुग्गी खेतों पर ले जाने के लिए इसी अंडरपास का प्रयोग करते है। अंडरपास में आवागमन के लिए बनाई गई सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके कारण अंडरपास से पैदल व्यक्ति या दो पहिया वाहन तो निकल सकते है, लेकिन कोई भी चार पहिया वाहन नहीं निकल पा रहा है। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने के लिए अपने ट्रैक्टर और भैंसा बुग्गी दूसरे रास्तों से लेकर जाना पड़ रहा है। सड़क का टूटना निर्माण में प्रयुक्त की गई सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है। कस्बा निवासी आशीष, अनुज, सोनू,नीशू पंवार, कर्मा आदि का कहना है कि सड़क के टूटने से उनको अपने खेतों पर ट्रैक्टर या बुग्गी ले जाने के लिए दूसरे रास्ते का प्रयोग करना पड़ रहा है। जिसमें समय भी अधिक लग रहा है और ट्रैक्टर में तेल भी अधिक लग रहा है। जल्दी ही सड़क की मरम्मत हो जानी चाहिए।

# बिना खनन टैक्स चल रहे वाहनों पर खनन विभाग का चाबुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** हरियाणा की ओर से रोड़ी डस्ट व रेत लेकर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने वाले वाहनों पर खनन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। शामली के खनन अधिकारी सुधाकर सिंह ने बिना टैक्स के चल रहे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार हरियाणा की ओर से डस्ट से भरा एक ट्रक यूपी सीमा में प्रवेश कर अहमदगढ़ चौकी के निकट पेट्रोल पंप के पास खड़ा था। इसी दौरान खनन अधिकारी की नजर वाहन पर पड़ी। अधिकारी ने चालक से यूपी का खनन टैक्स संबंधी दस्तावेज व पर्ची मांगी, लेकिन



चालक कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका। इस पर खनन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक का 51 हजार रुपये का चालान कर वाहन को कब्जे में ले लिया। बाद में ट्रक को अहमदगढ़ चौकी के पास खड़ा करा दिया गया। खनन अधिकारी सुधाकर सिंह ने कहा कि बिना टैक्स के यूपी में प्रवेश करने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कॉमर्शियल सिलेंडर कीमतों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश पंजीकृत के बैनर तले सैकड़ों व्यापारियों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन डीएम आलोक यादव को सौंपा। व्यापारियों ने गैस के बढ़े दाम वापस लेने, जीएसटी कम करने तथा गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की।

गुरूवार को नगर अध्यक्ष किशन गर्ग के नेतृत्व में व्यापारियों दिए ज्ञापन में कहा कि कमर्शियल



गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि से छोटे एवं घरेलू कुटीर उद्योग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, कैटरिंग व्यवसायी, डेयरी संच. ालक तथा ठेला-पटरी पर खाद्य सामग्री बेचने वाले छोटे व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। व्यापारियों ने कहा कि घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ता अंतर गैस की कालाबाजारी को बढ़ावा देगा, जिससे बाजार में अव्यवस्था और भ्रष्टाचार बढ़ने की आशंका है। मांग की गई कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की आवश्यकता अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा इसकी बुकिंग भी घरेलू गैस सिलेंडर की तरह ऑनलाइन व्यवस्था से की जाए। इसके अलावा गैस के वैकल्पिक संसाधनों के लिए अनुसंधान समिति गठित करने, विवाह एवं अन्य समारोहों के लिए मांग अनुसार सिलेंडर उपलब्ध कराने तथा अस्पतालों एवं स्कूलों को पर्याप्त गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। व्यापारियों ने यह भी मांग की कि कमर्शियल गैस सिलेंडर पर वर्तमान 18 प्रतिशत जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत किया जाए। साथ ही गैस की कमी के चलते उद्योगों को पुराने वैकल्पिक ईंधन प्रयोग करने की अनुमति देते हुए पॉल्यूशन विभाग एवं एनजीटी के नियमों में पांच वर्षों के लिए छूट प्रदान की जाए। इस अवसर पर मंडल महामंत्री डॉ. राजेंद्र गोयल, गौरव रुहेला, संजीव कुमार, विना. ेद गोत्रा, सतीश संगल, जावेद अंसारी, युनूस मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा

**स्योहारा।** सीएचसी में आज राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण आरआई कार्यक्रम के अंतर्गत माइक्रोप्लान रिव्यू एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. बीके स्नेही ने की। बैठक में नियमित टीकाकरण सत्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए ड्यू, लेफ्ट-आउट एवं ड्रॉपआउट बच्चों की सूची पर विशेष चर्चा की गई।

## 1050 मैट्रिक डीएपी जनपद में पहुंची, उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कृषि अधिकारी शामली प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि मुजफ्फरनगर रैक से जनपद शामली को इफको की 1050.0 मैटन डीएपी मिली। जो 09 मई को जनपद के सभी सहकारी केन्द्रो पर पहुँच जायेगी।

खरीफ हेतु जनपद शामली में लगभग 10684.590 मै टन यूरिया तथा 2398.15 मैटन डीएपी उपलब्ध है। किसी भी प्रकार के उर्वरक की जनपद मे कोई कमी नही है। कृषको फसल में सन्तुलित मात्रा में उर्वरको का प्रयोग करे और अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार के उर्वरको का भण्डारण न करे। उत्तर प्रदेश शासन कृषि अनुभाग-2 लखनऊ के आदेश दिनांक 30 सितम्बर 2025 के द्वारा एक कृषक को उसके कृषि भूमि प्रति हेक्टेयर के आधार पर अधिकतम डीएपी-05 बैग एवं यूरिया -07 बैंग की मात्रा ही दी जाए तथा इस मात्रा से अधिक भण्डारण करने पर उसे उर्वरक स्पष्ट उल्लंघन है। जनपद शामली में उर्वरको की कुल उपलब्धता निम्न उपलब्धता है। उर्वरक- यूरिया, उपलब्धता- 10684.590 मैटन, उर्वरक- डीएपी,उपलब्धता-2398.15 मैटन, उर्वरक-एनपीके, उपलब्धता- 298.950 मैटन।, सभी समितियो पर अतिरिक्त उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी भी समिति में उर्वरक की कोई कमी नही है। वर्तमान में जनपद में किसी भी प्रकार के उर्वरको की किसी भी क्षेत्र में कमी नही है। कृषक गन्ने तथा अन्य फसलो की बुवाई में एनपी के तथा एसएसपी का प्रयोग अन्य उर्वरको की तुलना में अधिक से अधिक करे, जिससे भूमि को अन्य तत्वो के साथ सल्फर भी मिल सके। जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओ को उर्वरक बिक्री पर अनिवार्य रूप से कैश मैमो देने व पीओएस मशीन से उर्वरक बिक्री के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिये गये है एवं सभी कृषको को पीओएस मशीन से उनकी जोत के अनुसार उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान की चौसाना से शुरुआत, हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से 84 मरीजों की हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** टीबी मुक्त भारत अभियान 2026 के अंतर्गत गुरूवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौसाना पर विशेष टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लंबे समय से खांसी, सांस लेने में तकलीफ और टीबी के संभावित लक्षणों से पीड़ित लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। आधुनिक हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से मरीजों के छाती के एक्स-रे किए गए, जिससे मौके पर ही जांच प्रक्रिया तेज और सुविधाजनक रही। सुबह से ही जांच कराने के लिए मरीजों की भीड़ लगी रही।

24 मार्च से पूरे प्रदेश मे क्षयरोग मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया जोकि कि 100 दिनो तक चलेगा। जिले के कांधना,कैराना व थानाभवन ब्लॉक मे अभियान पूरा कर लिया गया। मशीनों की संख्या कम होने के कारण ऐसा कदम उठाया गया। ऊन ब्लॉक मे टीबी रोग मुक्त अभियान का कारवां चौसाना से शुरू किया गया। चौसाना के थानाभवन मार्ग स्थित प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ अशोक सैनी ने बताया कि शिविर में कुल 84 लोगों की जांच की गई, जिनमें 38 पुरुष और 46 महिलाएं शामिल रहीं। जांच के दौरान 62 लोगों की रिपोर्ट सामान्य पाई गई, जबकि 22 मरीजों के एक्स-रे में असामान्य लक्षण सामने आए। ऐसे मरीजों को आगे की जांच और उपचार के लिए चिन्हित कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।डॉ अशोक सैनी ने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह उपचार योग्य बीमारी है। यदि शुरुआती लक्षणों की समय रहते पहचान हो जाए तो मरीज को जल्द स्वस्थ किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, वजन कम होना, बुखार या सांस लेने में परेशानी होने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराने की अपील की। शिविर में डॉ नवीन, टीबी प्रोग्राम सुपरवाइजर प्रशांत कुमार तथा एक्स-रे टेक्नीशियन रवि ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं एसीएमओ डॉ विनोद ने दोपहर में शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को अधिक से अधिक लोगों की जांच कर संदिग्ध मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अभियान के तहत क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

## भाविप ने सौंपा ज्ञापन

**शामली।** भारत विकास परिषद मानव के एक प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से मुलाकात कर शहर की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। गुरूवार को उन्होने नवागत डीएम आलोक यादव का स्वागत किया और बताया कि शामली शहर की रेलवे लाईन के पास दो फाटक है। जो दिन में ट्रेने कई बार निकलने के कारण बंद होते है। जिससे जाम की समस्या पैदा होती है। जाम की समस्या को देखते हुए फाटक के दोनो ओर ओवर ब्रिज बनाया जाये। शहर में प्लास्टिक पन्नी के कारण प्रदूषण फैल रहा है। नाले और नालियों में पॉलोथीन पडी होने से जल निकासी प्रभावित होती है और जलभराव की समस्या खडी हो जाती है। उन्होने सिंगल यूज प्लास्टिक के थैलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

# धाविका निपम चौहान ने बनाया नेशनल रिकॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली की प्रतिभाशाली धाविका निपम चौहान ने 24वीं नेशनल जूनियर अंडर-20 एथलेटिक्स फेडरेशन चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया नेशनल रिकॉर्ड बनाकर जिले और प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया है। एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पावटी कलां निवासी शिवकुमार की पुत्री निपम चौहान ने कर्नाटक के टुमकुर में 24 से 26 अप्रैल के मध्य आयोजित प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निपम ने 11.53 सेकंड का समय निकालते हुए नया नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ निपम चौहान ने एशियाई एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर बड़ी सफलता हासिल की है। निपम की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। जबर सिंह खैवाल ने बताया कि निपम चौहान के शानदार प्रदर्शन के बाद जिला शामली एवं ग्राम पावटी कलां में उनके भव्य स्वागत की तैयारियां की जा रही थीं, लेकिन भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए उन्हें तुरंत बेंगलुरु रवाना होना पड़ा। वहां वह इंडिया कैंप में एशियन गेम्स की तैयारी करते हुए देश के लिए पदक जीतने हेतु कड़ी मेहनत करेंगी। निपम इससे पूर्व भी 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं।

## सूचना

मेरा पुत्र समीर व पुत्रवधु आयशा गलत संगत में पड़ गए है और हमारे कहन-सुनन से बाहर है तथा मेरे व मेरे परिवार के साथ मारपीट करते है। जिसके चलते मै अपने पुत्र समीर, पुत्रवधु आयशा व पौत्र अली को बेदखल करते हुए से संबंध विच्छेद करती हूं।

**खुशनूदा पत्नी मौ० शाहिद निवासी मौहल्ला रेत्ती कस्बा थानाभवन जनपद शामली।**

## सूचना

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कैराना, कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# डीएम ने स्वजनगणना अभियान का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनगणना -2027 के दृष्टिगत आज 07 मई से 21 मई 2026 स्व-गणना की प्रक्रिया का प्रथम दिन जिलाधिकारी शामली आलोक यादव द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष स्व-गणना की प्रक्रिया को वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी से अपेक्षा की गई की जनपद में ज्यादा से ज्यादा स्व-गणना हो। कलेक्ट्रेट स्व-गणना शुभारंभ के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र सिंह,अपर जिला. धिकारी न्यायिक



सोहनलाल,डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अश्वनी कुमार शर्मा एवं कलेक्ट्रेट का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। स्व: गणना कैसे करें स्व-गणना पोर्टल अपने मोबाईल/कम्प्यूटर से स्व-गणना पोर्टल पर जाएं।, मोबाईल नम्बर से पंजीकरण करे और ओटपी प्राप्त करें।,स्व-गणना पोर्टल पर अपने घर को टैग करें।अपने परिवार की जानकारी सही भरें।,जानकारी की जाँच करें और सबमिट करें। आपकी दी गई सभी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय है। 07 मई से प्रारंभ होकर 21 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य अवधि। 22 मई से 20 जून तक शामली जिले में कुल चार्ज-13,नगरीय चार्ज- 10 (चार्ज अधिकारी अधिशासी अधिकारी होते है।,ग्रामीण चार्ज-03 (चार्ज अधिकारी तहस. ीलदार होते है। स्व-गणना में पूछे जाने प्रश्न:-स्व-गणना के तहत कुल 34 प्रश्नों का जबाव देना होगा, जैसे परिवार के मुखिया का नाम परिवार के पास उपलब्ध कमरों की संख्या, जनगणना मकान की स्थिति, पेयजल का मुख्य स्त्रोत, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय की सुलभता, कार/जीप/वैन आदि प्रश्न पूछे जायेगें। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस के माध्यम से कराई जाएगी।

# पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस ने जनता से स्व गणना करने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव कैड़ी मे स्व गणना के लिए पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस के आवास पर तहसीलदार सदर मनोज कुमार दोहरे एवं फील्ड ट्रेनर इंद्रजीत सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व विधायक को उनके मोबा. इल के जरिए स्व-गणना कराई।

आमजन को भी 2027 जनगणना मे किस तरह स्व गणना करें उसकी जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस ने कहां की जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान मे सहभागी बनने का अवसर प्राप्त हुआ। एक सटीक और पारदर्शी जनगणना विकसित भारत के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पहली बार तकनीकी



आधारित ऑनलाइन स्व गणना की व्यवस्था शुरू होना डिजिटल भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

पूर्व विधायक राव अब्दुल बारिस ने क्षेत्र की जनता से अपील की जनगणना 2027 के इस महत्वपूर्ण अभियान में बढ़ चढ़कर सहभागिता करें और राष्ट्र निर्माण के इस कार्य में अपना योगदान दें।

## पॉलिटेक्निक परीक्षा को लेकर 10 मई तक बढ़ा समय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली एवं आसपास के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद (पॉलीटेक्निक), उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा सत्र 2026-27 के लिए पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश हेतु अन्तिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ा कर 10 मई कर दिया गया है। जितेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, शामली द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त निर्णय ''पॉलीटेक्निक चलो अभियान'' के अन्तर्गत अभ्यार्थियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जो छात्र/छात्राएं ''पॉली टेक्निक चलो अभियान'' के तहत अभी तक संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण नही करा पाए है, वह 10 मई तक पंजीकरण करा सकते है। उक्त तिथि को अब आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

# गंदा पानी जमा होने पर जनता में पनपा रोष

**शामली।** नगर पालिका के बाहर मिल रोड स्थित पालिका की दुक. ानों के सामने लंबे समय से नाली का गंदा पानी जमा होने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। दुकानदारों ने नगर पालिका गेट पर प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया और ईओ को शिकायती पत्र भेजकर जल्द समस्या समाधान की मांग की गई है। मिल रोड के दुकानदारों ने नगर पालिका गेट पर हंगामा प्रदर्शन करते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद की दुकानों के बाहर बनी नाली पिछले काफी समय से अवरुद्ध पड़ी हुई है, जिसके कारण गंदा पानी जमा होकर सड़ने लगा है। पानी में कीड़े-मकोड़े पैदा हो गए हैं तथा आसपास दुर्गंध फैल रही है। इससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि नगर पालिका गेट के पास लगी पानी की टंकी के निकट करीब डेढ़ वर्ष से पाइप फूटा हुआ है, जिसे अब तक ठीक नहीं कराया गया। लगातार पानी बहने से वहां मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है तथा सड़क भी क्षतिग्रस्त होने लगी है। उन्होने अधिशासी अधिकारी से जनहित में प्राथमिकता के आधार पर नाली की सफाई कर जल निकासी कराने तथा फूटे पाइप को शीघ्र ठीक कराने की मांग की है। इस अवसर पर योगेश कुमार, गुलजार, आर्यन कुमार, अक्षय, गौरव कुमार, धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## बनत नपं में जनजागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददातास**

**शामली।** नगर पंचायत बनत में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के स्व-गणना विशेष जनजागरूकता एवं सहभागिता अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, चेयरमैन कुसुम देवी, अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन यादव, अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह ने अभियान का शुभारंभ करते हुए लोगों को स्वगणना के प्रति जागरूक किया। मौके पर सभासद इकराम अली, सभासद अंजय कुमार, ओम सिंह, प्रताप सिंह, नसीम अहमद, सुधीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने स्वगणना को लेकर ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत नगर पालिका में बुधवार को स्व-गणना विशेष जनजागरूकता एवं सहभागिता अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरवासियों से 21 मई तक स्व-गणना पूर्ण करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि जनगणना-2027 के तहत 7 मई से 21 मई तक स्वप्रेरणा से स्व-गणना अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से परिवार स्वयं अपनी जानकारी जनगणना पोर्टल पर दर्ज कर



सकते हैं। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम आदि पर स्व-गणना से जुड़ी जानकारी साझा करने तथा हैशटैग का उपयोग करते हुए सहभागिता बढ़ाने की अपील की। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने ऑनलाइन माध्यम से स्व-गणना की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने सभी के मोबाइल पर लिंक भेजकर ऑनलाइन स्व-गणना फार्म भरवाते हुए अभियान का शुभारंभ कराया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस बार जनगणना को डिजिटल माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है, जिसे व्यक्ति स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से पूरा कर सकते हैं। बैठक का संचालन जनगणना प्रभारी चंद्र किशोर पटेल एवं अमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सभासद रामनिवास सैनी, अजीत निर्वाल, तोहीद रहमानी, अरविंद खटीक, रोबिन गर्ग, आशीष गुप्ता, हरिओम पाठक, देवानंद गौड़, सलमान अहमद, गुलजार मंसूरी, कालू कुरेशी, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति में महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस 5.2 अभियान के अंतर्गत गुरुवार को थानाभवन पुलिस द्वारा कस्बा क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक शामली एन. पी. सिंह के आदेशानुसार थाना थानाभवन के नेतृत्व में चलाया गया।अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल पूनम एवं महिला हेड कांस्टेबल उपासना ने कस्बा थानाभवन में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को नए आपरा. धिक कानूनों के संबंध में जानक. ारी दी।

उन्होंने बताया कि नए कानूनों का उद्देश्य दंड से अधिक न्याय व्यवस्था को मजबूत करना तथा महिलाओं को अधिक सुरक्षा और अधिकार प्रदान करना है।इस दौरान टीम द्वारा साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध एवं महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जागरूक किया गया। इनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 108 एंबुलेंस सेवा शामिल रही। सामूहिक विवाह योजना एवं ऑपरेशन सवेरा के बारे में भी जानकारी देते हुए महिलाओं और बालिकाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम आलोक यादव ने गुरूवार को संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट शामली का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में चल रहे अवशेष निर्माण कार्यों में देरी पर नाराजगी जताते हुए कार्यदाई संस्था को तेजी लाकर कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी शामली आलोक यादव ने अपने निरीक्षण में संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट शामली का निरीक्षण करते हुए विभिन्न कार्यालय यथा भूलेख अनुभाग,न्यायिक सहायक, आंग्ल अभिलेखागार, शिकायत कक्ष, जिला निर्वाचन कार्यालय, कोषागार कार्यालय, शस्त्र अनुभाग, भूमि अधिग्रहण, नागरिक सुरक्षा कक्ष आदि का



निरीक्षण करते हुए कार्यालयों में पटलवार जानकारी प्राप्त की गई मौके पर कार्यालय संबंधी कार्यो को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अभियोजन कार्यालय, चकबन्दी/अपर जिलाधिकारी न्यायालय आदि भी निरीक्षण किया गया।डीएम ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में साफ-सफाई के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा भूलेख विभाग का निरीक्षण करते हुए संबंधित से जानकारी प्राप्त करते हुए व्यवस्थित ढंग से फाइलों का रखरखाव के निर्देश दिए साथ ही पुराने सामान को हटाने हेतु निर्देशित किया गया।न्यायिक सहायक, कार्यालय का निरीक्षण करते हुए त्योहारों के अवसर पर लगाई जाने वाली डडूटी आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पूर्व से ही तैयारी के निर्देश दिए। भूमि अधिग्रहण कार्यालय का निरीक्षण करते हुए भूमि संबंधी विवाद जो कोर्ट में चल रहे हैं उनकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्युत व्यवस्था एवं कलेक्ट्रेट में चल रहे निर्माण कार्य एवं फिनिशिंग आदि के कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश कार्यदाई संस्था को दिये। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी न्यायिक सो. हनलाल, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, आदि मौजूद रहें।

# पति ने पत्नी पर चाकू से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन ।** कस्बे में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अपनी पत्नी को वापस ले जाने पहुंचे एक युवक ने कथित तौर पर महिला पर चाकू से हमला कर दिया और बाद में खुद को भी घायल कर लिया। गंभीर रूप से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना भवन पर ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरो ने हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला रोग. नग्रान में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब पठानकोट जनपद के गांव पिंडमुरादपुर थाना शहजहांपुर निवासी शिवकुमार पुत्र प्रीतम चंद दिनांक 7 अप्रैल को सुबह थानाभवन पहुंचा और महिला बबीता को अपनी पत्नी बताते हुए साथ ले जाने लगा। बताया जाता है कि महिला ने उसके साथ जाने से इनकार कर दिया जिससे गुस्साए शिवकुमार ने कथित तौर पर चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। हमला इतना तेज था कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। घटना के बाद शिवकुमार ने खुद को भी पेट में चाकू मार लिया।घटना से मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तत्काल थाना भवन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल शिवकुमार ने बताया कि उसकी पत्नी बबीता करीब 18 दिसंबर 2025 को घर से थाना भवन निवासी विजय पुत्र लक्ष्मीचंद के साथ चली गई थी। उसका आरोप है कि विजय उसकी पत्नी को भगाकर ले आया था और तभी से दोनों साथ रह रहे थे। काफी तलाश के बाद उसे बबीता के थानाभवन में होने की जानकारी मिली जिसके बाद वह उसे लेने पहुंचा था।वहीं दूसरी ओर विजय ने बताया कि उसने करीब छह माह पूर्व मंदिर में बबीता से शादी कर ली थी और दोनों पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। उसका आरोप है कि शिवकुमार ने घर पहुंचकर परिवार की मौजूदगी में घटना को अंजाम दिया।थाना भवन प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद और प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। जांच के दौरान जो भी तथ्य होंगे उस पर कार्रवाई होगी।

# भाजपा की डबल इंजन की सरकार में जनता को आरामदायक और सस्ता सफर मिला है: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवबंद से जब फतवे जारी होते थे तो देश के अंदर हलचल पैदा हो जाती थी। लोगों को लगता था अब पता नहीं क्या होगा। देवबंद इससे बदनाम हो रहा था। लेकिन वर्ष 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह फतवों की संस्कृति मुक्त प्रगति ही नहीं कर रहा बलकि भारत की स्मृद्धि में भी अपने योगदान दे रहा है।

योगी आदित्यनाथ हाईवे स्थित सिलवर पैराडाइज के निकट विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि वर्ष 2016 में इसी सहारनपुर में सिख विरोधी दंगे हुए् थे। वर्ष 2013 और 2014 में मुजफ्फरनगर, शामली समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश जल रहा था। कर्फ्यू लगता था और आगवागमन बंद हो जाता था। कैराना और कांधला में लोग पलायन करने को मजबूर थे। हर रोज तबाही का मंजर होते थे और जनता की कोई सुनने वाला नहीं था। उन्होने कहा कि उन परिस्थितियों में वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश की जनता ने विश्वास किया और प्रदेश में डबल इंजन की पहली सरकार बनी। सहारनपुर के कारीगरों द्वारा वर्ल्ड क्लास काश्तकला वुड कार्विंग के कार्य को नई पहचान मिली है। अब सहारनपुरवासी भी कह सकते हैं हमने अपने दम पर कुछ विशिष्ठ किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सहारनपुर वही जनपद है जहां 2013 से 2016 तक दंगे हो रहे थे। कनेक्टिविटी नहीं थी, विकास के कार्य ठप थे, देश की राजधानी में जाने के लिए चार से छह घंटे का समय और प्रदेश की राजधानी में 12 से 14 घंटे का समय सहारनपुरवासियों को लगता था। शिक्षा और स्पोर्ट का प्रमुख केंद्र नहीं था। उन्होंने कहा कि सहारनपुर अपनी पहचान के लिए मो. हताज था। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने सहारनपुर को नई पहचान दिलाई। दिल्ली, बागपत, शामली, सहारनपुर और देहरादून छह लेन एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया। जिससे अब जनता को आरामदायक और सस्ता सफर मिल रहा है। राजधानियों की दूरी घटी है। दिल्ली का छह घंटे का सफर अब मात्र दो से ढ़ाई घंटे में पूरी किया जा सकता है।

लोकनिर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि जिस तरह सीएम योगी जनता की चिंता करते हैं, उसी तरह भगवान योगी आदित्यनाथ की चिंता करते हैं। आज की सभा के दौरान यह बदला हुआ मौसम इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमने पहले बहुत सरकारें आईं, लेकिन किसी भी सरकार ने छात्र छात्राओं के भविष्य की चिंता नहीं की। प्रदेश की योगी सरकार ने उनकी मांग पर डिग्री कॉलेज में साइंस की कक्षाएं शुरु कराई। जिससे अब छात्रों को परेशानी उठाकर दूर दराज नहीं जाना पड़ता।

राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में कानून का राज स्थापित हुआ है। उससे पूर्व यहां अपराधी बेलगाम थे। बहन, बेटियां और व्यापारियों में दहशत थी। लेकिन अब यूपी में चारों ओर कानून का राज और खुशहाली है। सबसे अत्याधुनिक एक्सप्रेस-वे यहां मौजूद है। आज यूपी में उद्यमी बढ़ चढ़कर निवेश कर रहे हैं।

नकुड विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार बनने के बाद से लगातार विकास का पहिया घूम रहा है। अब यहां सड़कों पर गड्ढ़े नहीं मिलते, लोग सुरक्षित सफर करते हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प लेना होगा कि आगामी चुनाव में जनपद की सातें सीटें योगी आदित्यनाथ की झोली में डालनी है। मुख्यमंत्री की जनसभा के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एंव औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, विधायक नकुड



मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक गंगोह कीरत सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, महापौर डा. अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, एमएलसी वंदना वर्मा, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन राजपाल सिंह, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक धर्म सिंह सैनी, पूर्व विधायक संजय गर्ग, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, पूर्व विधायक नरेश सैनी, साहब सिंह सैनी, जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई आदि लोग शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे किसान नेताओं को किया हाउस अरेस्ट

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन देने के लिए जा रहे किसान नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट किये जाने पर किसान नेताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाना हर नागरिक का अधिकार है लेकिन मुख्यमंत्री किसानों से संवाद क्यों नहीं करना चाहते है।

भारतीय किसान यूनियन वर्मा एवं पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने हाउस अरेस्ट किये जाने पर कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गन्ना किसानों की समस्याओं और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उपेक्षा को लेकर वार्ता करने के लिए देवबंद जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया। न्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार गन्ना किसानों की लगातार उपेक्षा कर रही है। उनका कहना था कि किसान पूरे वर्ष मेहनत और कर्ज लेकर गन्ने की फसल तैयार करता है, लेकिन चीनी मिलों द्वारा समय पर भुगतान नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को गन्ने का लाभकारी मूल्य 700 प्रति कुंतल दिलाने में पूरी तरह विफल रही है, जबकि लागत मूल्य भी लगभग 550 प्रति कुंतल तक पहुंच चुका है। **उधर,** संगठन के जिलाध्यक्ष राजकुमार राणा के नेतृत्व में किसान गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो रहे थे। इसकी खबर जैसे ही पुलिस को



लगी तो उन्होंने रणखंडी गांव में ही किसानों को रोक लिया। बाद में उन्होंने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी को ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में आगामी सत्र में गन्ने का रेट बढ़ाकर कम से कम 500 रुपये प्रति कुंतल किए जाने, चीनी मिलों से किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान मय ब्याज दिलाए जाने, भुगतान नहीं करने वाली मिलों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने, किसानों की फसलों को



नुकसान पहुंचा रहे बेसहारा गोवंश को पकडने की व्यवस्था किए जाने और इनके कारण बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिए जाने, किसानों को नकली खाद व कीटनाशक देने वालों पर कार्रवाई और समय पर किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने आदि मांगें की गईं।

## दो तस्वीरें रहीं आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा विकास परियोजनाओं एवं राजनितिक संदेशो के लिए जहां चर्चा रही वहीं कार्यक्रम के बीच दो तस्वीरो ने लोगो का खासा धयान आकर्षित किया एक तस्वीर में सहारनपुर नगर विधायक राजीव गुम्बर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ आत्मीय अंदाज में सेल्फी लेते नजर आए जबकि दूसरी तस्वीर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे एक बच्चे नन्हें योगी के रूप में लोगो का दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विधायक राजीव गुम्बर की सेल्फी को समर्थकों ने सोशलमीडिया पर साझा किया तस्वीर में दोनो नेता सहज और आत्मीय अंदाज में दिखाई दे रहे है।



वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के वेश में पहुंचे एक छोटे बच्चे की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भेंट कराई गई। मुख्यमंत्री ने बच्चे से स्नेहपूर्ण अंदाज में मुलाकात का यह पल जनसभा के शोर, राजनितिक नारों और मंचीय कार्यक्रमों के बीच एक हलका, भावुक और मानवीय दृष्य बन गया।

# कुत्तों के झुंड ने नोच डाली 71 भेड़ें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर के मोहल्ला किला में मंगलवार देर रात आवारा कुत्तों के झुंड ने खूनी आतंक मचाते हुए एक घेर में बंधी 71 भेड़ों को नोच-नोचकर मार डाला। इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि पशुपालकों में भय और भारी आक्रोश का माहौल है।

पीड़ित पशुपालक प्रितम पाल ने बताया कि रात में तेज हवा और बारिश शुरू होने पर वह घेर में बने कमरे के अंदर सोने चले गए थे। इसी दौरान आवारा कुत्तों का झुंड घेर की दीवार को फांदकर अंदर घुस आया और भेड़ों पर हमला बोल दिया। जब तक उन्हें घटना की जानकारी हुई, तब तक अधिकांश भेड़ें दम तोड़ चुकी थीं, जबकि कई गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ी थीं। जिसमें कई भेड़ें गर्भवती थी। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले के मोनू पाल, कृष्ण पाल सिंह, नोरोतो पाल, सुखबीर पाल, यशपाल, मांगेराम, सोनू पाल और राकेश पाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे तथा पुलिस और प्रशासन को सूचना दी।



पीड़ित प्रितम पाल के अनुसार इस भयावह घटना में उन्हें करीब 12 से 13 लाख रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में मृत पशुओं और अवशेषों को खुले में फेंके जाने के कारण आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे पहले भी कई बार खतरे की स्थिति बन चुकी है, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम, हल्का लेखपाल सूरज सिंह तथा पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अधिकारियों ने नुकसान का आकलन करने के साथ मृत भेड़ों का परीक्षण भी कराया। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को तत्काल पकड़ने, क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

नगर पंचायत सभासद चौधरी जिदा हसन शाकिर, बसपा के चेयरमैन पद प्रत्याशी डॉ. कादिर और डॉ. बिन्दर पाल ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की तथा हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# हर्षोल्लास से मनाया कॉलेज का स्थापना दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मारक विद्यालय तथा नव जनोदय इंटर कॉलेज का 36 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा।

गुरुवार को कॉलेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्युत उपखण्ड अधिकारी पीसी सागर, अवर अभियंता पवन कुमार, सभासद अनुपम जैन एवं एकता जनसेवा समिति के संरक्षक बालकृष्ण शर्मा तथा प्रबंधक श्याम कुमार सैनी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।

उपखंड अधिकारी पीसी सागर ने कहा छात्र जीवन में अनुशासन का बडा महत्व है। अनुशासित छात्र ही जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। अवर अभियंता पवन कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थान ही वह स्थान है जहां पर भविष्य की नीव तैयार होती है। इस दौरान प्रधानाचार्य श्याम कुमार सैनी ने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद स्मारक विद्यालय एवं नव जनोदय इंटर कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी छात्रों को बधाई दी।

# हर्षोल्लास से मनाई गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती

**गंगोह।** श्री रामबाग सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष संस्कार ध्येय प्रतीक के अंतर्गत गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन से हुआ।

मुख्य वक्ता आचार्य राजवीर ने बताया कि राष्ट्रगान जनगणमन के रचियता गुरु रविंद्र नाथ टैगोर राष्ट्रवादी कवि, उपन्यासकार, कहानीकार व निबन्धकार थे। प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने कहा कि साहित्य के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार पाने वाले गुरु रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन में राष्ट्र भक्ति कुटकुट कर भरी थी। उनका सम्पूर्ण जीवन चरित्र प्रेरणादायक है। वासु, प्रिन्स, अनन्त, अरसान, विराट, रुद्र, विनय, रुद्राक्ष, हिमांशु, खुशी, अविका, अनुष्का, राधिका ने भी विचार व्यक्त कियें।

# सुहालिया के डाक्टर बनने पर हर्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** मनोहरपुर की बेटी ने एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर मेडिकल की डिग्री हासिल की है। पूरे गांव मे खुशी का माहौल है।

गांव मनोहरपुर निवासी सुहालिया द्वारा पश्चिम बंगाल के सरकारी कालेज से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने पर गांव मे हर्ष की लहर है। सुहालिया के पिता लियाकत अली ने बताया की उनकी बेटी का सपना शुरू से ही डॉक्टर बनने का रहा। वह बचपन से ही कहती थी की उसे डॉक्टर बनना है जिससे वह गरीब व बेसहारा लोगो की सेवा कर सके।

परिजनों ने बताया कि सुहालिया ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा सरदार पटेल इंटर कालेज पटनी व माध्यमिक शिक्षा अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पूर्ण की। जिसके बाद उन्होंने नीट क्वालिफाई किया। नीट परीक्षा में चयनित होने के बाद सुहालिया को सरकार द्वारा रायगंज गवर्नमेंट मेडिकल कालेज पश्चिम बंगाल मे पढ़ाई करने का अवसर मिला और बिना किसी रुकावट के अपनी मेडिकल की शिक्षा पूर्ण की। शेखर सैनी ने बताया कि डॉक्टर सुहालिया ग्राम पंचायत मनोहरपुर की पहली लड़की है जिसने ग्रामीण परिवेश मे शिक्षा ग्रहण कर एमबीबीएस की डिग्री हासिल करके गांव का मान बढ़ाया है। इस दौरान सरदार पटेल इंटर कालेज के प्रबंधक विनोद कुमार रावल ने कहा कि उन्हें आज बेहद खुशी है कि उनके स्कूल की छात्रा पश्चिम बंगाल से डॉक्टर बनकर आयी है उन्होंने डॉक्टर सुहालिया को शुभकामनायें और आशीर्वाद दिया।

# नामित सभासद डा. हुकम सिंह का लम्बी बीमारी से निधन

**चिलकाना।** नगर पंचायत के नामित सभासद तथा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता डा. हुकम सिंह सैनी ( 78 वर्ष ) का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। कुछ समय से करनाल के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।

बता दें कि डॉ हुकम सिंह सैनी कस्बे में भाजपा की रीढ माने जाते थे। वह लंबे समय से भाजपा के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके थे। वर्ष 2017 में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव भी लड़ा था। वह दो बार नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना के नामित सभासद बने। इस बार भी नामित सभासद श्रेणी में उनका नाम आया था लेकिन शपथ ग्रहण करने से पहले ही उनका निधन हो गया। डॉक्टर हुकम सिंह सैनी की मृत्यु से कस्बे में भाजपा का एक स्तंभ गिर गया है। उनकी शव यात्रा में नकुड विधायक मुकेश चौधरी के भाई विकेश चौधरी, सपा नेता संदीप सैनी, नगर पंचायत सभासद विनय कश्यप, अनुपम जैन, ईसम सिंह दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनाथ धीमान, वीरेन्द्र कांबोज, मंडल महामंत्री सौरभ कांबोज, बालकृष्ण शर्मा, सीताराम सैनी, राजपाल सैनी, नाथीराम कश्यप, डा. दीपक सैनी आदि रहे।

# प्रभारी निरीक्षक ने सुनी थाने पर शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा ने आज जनसुनवाई के जरिए जनता और पुलिस के बीच की दूरी को पाटने का काम किया। प्रभारी निरीक्षक ने न केवल फरियादियों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना, बल्कि मौके पर ही कई समस्याओं का निस्तारण कर त्वरित न्याय की मिसाल पेश की

जानकारी के मुताबिक आज थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं खुलकर साझा कीं। प्रभारी निरीक्षक ने अधीनस्थ स्टाफ को हिदायत दी कि जनता की शिकायतों के निस्तारण में कोई भी ढिलाई या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि फतेहपुर पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की छोटी से छोटी समस्या को हल करने के लिए हर समय मुस्तैद है।




प्रभारी निरीक्षक की इस पहल से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा का भाव जागा है और पुलिस-पब्लिक संवाद को एक नई मजबूती मिली है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सक्रियता की जमकर सराहना की है।

# गंगोह पुलिस ने चलाया सघन चैकिंग अभियान

**गंगोह।** पुलिस द्वारा कस्बे के बाजारों व बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बैंक परिसरों, एटीएमों तथा आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की गयी।

तीतरों पुलिस ने कस्बे के बाजारों व बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिसकर्मियों ने बैंक में आने जाने वाले ग्राहकों को साइबर ठगी और धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी अनजान कॉललिंक अथवा ओटीपी साझा न करने की सलाह दी। इसके अलावा कस्बे में पैदल गश्त कर भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने दुकानदारों व आम नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए अपील की कि यदि कोई संदिग्ध गति. विधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाना तीतरों प्रभारी विकास चारण का कहना है कि में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# महज 120 मिनट में ढूंढ निकाला लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान लगातार सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। ताजा मामले में थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने अपनी तत्परता और सक्रियता का परिचय देते हुए एक गुमशुदा व्यक्ति को महज 120 मिनट के भीतर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम शेखूपुर मुजाहिदपुर के निवासी गुफरान पुत्र जमील अहमद ने बुधवार दोपहर करीब 1:00 बजे थाना फतेहपुर पहुंचकर सूचना दी कि उनके गांव का मोहतरम पुत्र जाहिद संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया है सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई। एसएसपी सहारनपुर अभिनंदन सिंह सख्त निर्देशों और एसपी ग्रामीण मयंक पाठक व सीओ सदर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम को तुरंत एक्टिव किया गया पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए अलग अलग दिशाओं में तलाश शुरू की पुलिस की घेराबंदी और कड़ी मेहनत का नतीजा यह रहा कि मात्र 2 घंटे के अंदर ही मोहतरम को सुरक्षित ढूंढ निकाला गया।



जब पुलिस ने गुमशुदा मोहत. रम को सुरक्षित लाकर परिजनों के हवाले किया तो परिवार की खुशी का ठिकाना न रहा। परिजनों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भरोसा जताते हुए पूरी टीम का दिल से आभार व्यक्त किया।

इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा, उपनिरीक्षक अमित सोनी और कांस्टेबल कुलदीप कुमार की मुख्य भूमिका रही।

# कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सहारनपुर।** शास्त्री नगर स्थित बाबा अमरनाथ मंदिर हाल में आयोजित श्रीमद्‌भागवत कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ कथा श्रवण किया।

कथा व्यास आचार्य हरिओम ने लगभग 150 श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। आचार्य श्री हरिओम महाराज ने श्रीमद्‌भागवत कथा श्रवण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संसार के समस्त सुख भोग लेने के बाद भी मनुष्य का मन तृप्त नहीं होता। उन्होंने माता देवह. ूति और महर्षि कपिल मुनि के संवाद का वर्णन करते हुए बताया कि मन की वास्तविक तृप्ति केवल भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति एवं स्मरण से ही संभव है। उन्होंने कहा कि विषय-वासनाओं से मन कभी संतुष्ट नहीं होता।

**सूचना**

मैने अपने भतीजे मौहम्मद राशिद व उसकी पत्नि गुलफशा से नाफरमानी के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**दिलशाद पुत्र इश्तियाक हाल निवासी गली नम्बर-13, साबरी का बाग निकट बाग वाली मस्जिद, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर, मूल निवासी म.नं. 11/2667, लक्खी गेट-2 आतिशबाजान, थाना मण्डी, सहारनपुर।**

**सूचना**

**मैंने अपना नाम Naveen Takkar से बदलकर Naveen Kumar Takkar रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। Naveen Kumar Takkar s/o Gurdas Mal Takkar, D-47, Mission Compound, Near Khemka Sadan, Saharanpur**

# आश्वासन के बाद तीन दिन से चल रहा धरना समाप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में कार्यरत शहरी आशा कार्यकर्ताओं का सीएमओ कार्यालय पर पिछले तीन दिनों से चल रहा धरना गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया।

प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में बताया कि मार्च माह में भुगतान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन मार्च और अप्रैल में भी भुगतान नहीं किया गया। इसके अलावा वर्ष 2024 से संचारी रोग, डेंगू, टीबी सर्वे, आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी जैसे कार्यों का पारिश्रमिक भी लंबित है। धरने पर बैठी आशाओं ने मांग की कि उन्हें एकमुश्त स्थायी मानदेय दिया जाए तथा राज्य कर्मचारी का दर्जा प्रदान किया जाए। उनका कहना था कि वे बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की देखरेख और डिलीवरी सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाती हैं, लेकिन इसके अनुरूप उन्हें सुविधाएं और वेतन नहीं मिल रहा। बताया जाता है कि प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष संजय वालिया को मौके पर बुलाया। इस पर एसीएमओ डॉ. अजेन्द्र मलिक नाराज हो गए और पुलिस को बुला लिया। इस दौरान एसीएमओ एवं आशाओं के नोडल अधिकारी डॉ. अजेन्द्र मलिक, डीपीएम मोहम्मद खालिद और प्रभारी संजय मलिक मौजूद रहे। धरने में शर्मिष्ठा, शाजिया, सविता, सविता सैनी, मीनू कश्यप, सुषमा सैनी, स्वीटी, सपना, अंजली, गीता, निशा, शकुंतला, मीणा, दयावती, पूजा वालिया, बबीता सैनी, ललिता, पुष्पा सैनी, राकेश देवी, उषा, रिंकी, पूजा, रोमा और सीमा सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



# खाटू श्याम पालकी को दिया विश्राम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव उपलक्ष में खाटू श्याम पालकी को आज विश्राम दिया गया। इस अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि खाटू श्याम कष्टों से मुक्ति दिलाते हैं।

राधा विहार स्थित चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव उपलक्ष में निकाली जा रही पालकी यात्रा पूरे जिले में 11 दिवसीय विशेष खाटू श्याम भक्ति जागृति के लिए पालकी यात्रा का नगर के प्रत्येक क्षेत्र में एवं गांवों में भव्य स्वागत किया गया। खाटू श्याम पालकी का भव्य स्वागत एवं पुष्प वर्षा करते हुए सभी भक्तों ने चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर में पालकी को विश्राम दिया और खाटू श्याम जी की भव्य आरती उतारकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आज रात्रि में भव्य कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुंबई से गिन्नी कौर, ग्वालियर से मनोज शर्मा एवं लखनऊ से अंशु पागल बाबा हरिद्वार में अनूप रसीला श्याम बाबा का गुणगान करने के लिए पधार रहे हैं। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**NAME CHANGE**

I have changed my name from **RAKESH KUMAR** to **RAKESH KUMAR SURI** in future I shall be known as this name. **RAKESH KUMAR SURI** S/O Late **KAILASH CHAND SURI** R/O B-69 NUMAISH CAMP GOPAL NAGAR, Saharanpur U.P. 247001.

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)।**

इजराय वाद सं0-DC/50/EA/1/2026

मूल शिकायत सं0-DC/50/CC/136/2024

कु0 प्रज्ञा श्रीवास्तव **बनाम** सेवियर कैम पैक व अन्य।

विपक्षी सं0-1- सेवियर कैम पैक 2ए/2400 रामनगर, क्लॉक टावर, सहारनपुर, उ0प्र0 247001 द्वारा प्रोपराईटर।

उपरोक्त शिकायत में विपक्षी पर पंजीकृत नोटिस भेजा गया परन्तु तामिल पर्याप्त नहीं हो सकी।

अत: इस नोटिस का प्रकाशन इस आशय से कराया जा रहा है कि विपक्षी उपरोक्त इजराय वाद सं0-DC/50/EA/1/2026 में सुनवाई / अग्रिम आदेश स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रात: 10:30 बजे दिनांक-11-06-2026 को इस जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार में उपस्थित होकर कारण बतायें कि अभी तक मूल वाद सं0-DC/50/CC/136/2024 में पारित आदेश दिनांक-22-11-2025 का अनुपालन क्यों नहीं किया गया है। आपके अनुपस्थित रहने या अनुपालन न करने पर आपके विरूद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019, की धारा-71 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। आज दिनांक-05-05-2026 को उक्त नोटिस जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार की मुद्रा से जारी किया गया।

अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग हरिद्वार।

# जिद बनी लोगों के लिए परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर का शिवचौक से लेकर कंकराली सरोवर व बाईपास तक जाने वाला मुख्य मार्ग नगर पालिका परिषद और लोकनिर्माण विभाग की जिद के चलते नागरिकों के लिए बेहद परेशानी का कारण बना है। गहरे गड्ढों में तब्दील उक्त सडक पर रोजमर्रा दुर्घटनायें घटित होती रहती है।



बारिश में तो सडक पर होने वाले जलभराव से गड्ढे दिखाई नही देते, जिनमें दुपहिया वाहनों के साथ ही रिक्शा व रेहडी पलटती रहती है। जिससे अक्सर लोग चोटिल हो जाते है। उल्लेखनीय बात यह है कि नगर पालिका इस सडक को लोकनिर्माण विभाग की बता कर यहां निर्माण कार्य कराने से एक ओर जहां इंकार करती है, वही इसके किनारों पर स्थित दुकानों से बाकायदा नगर पालिका का गृहकर और जलकर वसुलती है। नागरिक जब नगर पालिका से इस बारे शिकायत करते है तो ईओ कोई सुनवाई नही करते। वे तो कभी कार्यालय से बाहर आकर सडक पर निकलना तक गंवारा नही करते। चौयरमैन साजिया मलिक का कार्य देखने वाले पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद भी इस ओर से लापरवाह बने है। शिवचौक के समीप गली छिम्पियान के बाहर, वाल्मीकि मंन्दिर के समीप स्थित पुलिया के पार हालत बहुत ज्यादा बदतर है।

# भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष किए गए हाउस अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारन।** भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन देने जाने की सूचना पर पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया।धर्मवीर चौधरी ने कहा कि हम मुख्यमंत्री को किसानों की समस्या बताना चाहते थे लेकिन हमें जाने ही नहीं दिया गया।ये लोकतंत्र के खिलाफ है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन देवबंद जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देना चाहते थे। जानकारी मिलने पर पुलिस ने धर्मवीर चौधरी की साथियों सहित हाउस अरेस्ट कर लिया। जिससे वह ज्ञापन देने नहीं जा सके। चौधरी धर्मवीर गुर्जर ने बताया कि वह किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को देना चाहते थे ताकि किसानों की समस्याओं का समाधान हो सके, लेकिन पुलिस ने उन्हें सुबह ही गाँव सलेमपुर पहुँच कर घर पर ही नजर बंद कर लिया। धर्मवीर चौधरी ने कहा कि वह तो किसानों की अनदेखी और उनकी समस्याओं को लेकर ज्ञापन देना चाहते थे जिसमें गन्ना मिलों द्वारा समय पर भुगतान नहीं किया जाना जैसा गंभीर विषय था। लेकिन पुलिस द्वारा हमें रोका गया।जबकि हम शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन देना चाहते थे।उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज उठाने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान देवी सिंह कश्यप, अनिल पंवार,संजीव कुमार कश्यप ब्लॉक संगठन मंत्री, सतीश, पटवारी, विजयपाल, ओंकार मुखिया, सरोज, दिनेश प्रधान, कृष्णपाल, रोशन, मास्टर राजेश, बॉबी, महबूब प्रधान, सुभाष चौधरी, प्रताप सिंह मुखिया सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री **वलिया गौर** अपनी मर्जी से फैज आलम के साथ भाग गई है व मेरे कहने-सुनने में नहीं है। जिससे परेशान होकर मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में मेरी अन्य पुत्रियों नबिया, मईसा, साहिल व राहिल का वलिया गौर से कोई सम्बन्ध नहीं है।

**मुस्तकीम पुत्र खलील**
निवासी: मकान नंबर 122, ग्राम चक आदमपुर, थाना कुतुबशेर, जिला सहारनपुर।



बेंगलुरु के ऑलराउंडर कुणाल पांड्या लखनऊ के कुलकर्णी को आउट करने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ खुशी मनाते।



LSG के मिचेल मार्श बेंगलुरु के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाकिस्तान वनडे के लिए आईपीएल नहीं छोड़ेंगे

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को कहा है कि उसके खिलाड़ी पाकिस्तान के साथ होने वाली एकदिवसीय के लिए इंडियन प्रीमिय लीग (आईपीएल) को नहीं छोड़ेंगे। सीए के प्रवक्ता ने क्रिकबज को आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अभी भी आईपीएल में रहेंगे और अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेंगे। अभी करीब एक दर्जन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह स्पटीकरण गुरुवार को सीए और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा मिलकर घोाित की गई तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद आया है। ए मैच 30 मई, 2 जून और 4 जून को होने हैं, और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचेंगे। आईपीएल 31 मई को समाप्त होगा। अभी आईपीएल में शामिल 12 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के नियमित एकदिवसीय कप्तान पैट कमिस और चोट के कारण बाहर रहने के दौरान कमिस की जगह खेलने वाले मिचेल मार्श शामिल हैं। अभी इंडिया में मौजूद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं ट्रैविस हेड, टिम डेविड, जॉश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, मार्कस स्टोइनिस, जॉश इंग्लिस, कैमरन ग्रीन, मिशेल स्टार्क और मैथ्यू शॉर्ट। उल्लेखनीय है कि आईपीएल का लीग चरण 24 मई को खत्म होगा, तब तक कई खिलाड़ी अपनी आईपीएल की जिम्मेदारी से फ्री हो जाएंगे क्योंकि 10 में से छह टीमें बाहर हो चुकी होंगी।

खेल विशेष

## मै फीफा विश्व कप में वापसी के लिए तैयार हूं: लुइस सुआरेज

**मियामी, वार्ता।** उरुग्वे के ऑल-टाइम लीडिग स्कोरर लुइस सुआरेज ने कहा कि वह इस साल होने वाले फीफा विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं। मैनेजर मार्सेलो बिएल्सा के साथ सार्वजनिक अनबन के बाद सुआरेज ने सितम्बर 2024 में उरुग्वे की नेशनल टीम से संन्यास ले लिया था। 39 साल के इंटर मियामी स्ट्राइकर ने कहा कि उन्होंने तब से अपने फैसले पर दोबारा सोचा है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के कोच के लिए उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है, जो मई 2023 से सेलेस्टे के इंचार्ज हैं। एमएलएस क्लब के साथ एक अभ्यास सत्र के बाद सुआरेज ने पत्रकारों से कहा कि मैंने कुछ ऐसा कह दिया जो मुझे नहीं कहना चाहिए था। आपको अपनी गलतियां माननी होंगी और यह अब बीती बात है।

## गीजा में भारतीय खिलाड़ियों को मिला मुश्किल ड्रॉ

**गीजा, वार्ता।** चार सदस्यों वाली भारतीय टीम - अभय सिंह, वीर चोत्रानी, रामित टंडन और वेलवन सेंथिलकुमार - वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में एक मुश्किल ड्रॉ का सामना करने की कोशिश करेगी। यह चैंपियनशिप शुक्रवार को म्रि के गीजा में शुरू होने वाली है। वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025-26, जो 8 से 16 मई तक पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में होनी है, भारत में लाइव स्ट्रीमिग पर देखने के लिए उपलब्ध होगी। प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें पुरुाों के विश्व नंबर 1 मुस्तफा असल और उनकी महिला समकक्ष, म्रि की हनिया एल हम्मामी शामिल हैं। एशियाई खेलों के पदक विज.ता अभय सिंह, जो भारत के पुरुाों के सिगल्स में सबसे अच्छी रैंक वाले खिलाड़ी हैं।

## टी-20 मुंबई लीग व पहली महिला लीग 1 से 13 जून तक होगी

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने आज घोाणा की कि टी-20 मुंबई लीग का चौथा सीजन और टी-20 मुंबई महिला लीग का पहला सीजन 1 से 13 जून तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इसके साथ ही शहर में क्रिकेट के एक बड़े उत्सव की शुरुआत होगी। यह एमसीए के उस लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके तहत वह हर वर्ग के क्रिकेट टैलेंट को एक बड़ा मंच देना चाहता है। पुरुषों की लीग में दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट सितारे और शहर के सबसे होनहार उभरते खिलाड़ी एक साथ नजर आएंगे। इनमें सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, तुाार देशपांडे, आयुष म्हात्रे, अंगकृ रघुवंशी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे और अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

# विनेश फोगाट एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल के लिए अयोग्य: WFI



**नई दिल्ली, वार्ता।** तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगट को रेसलिग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा घोाित मानदंडों के अनुसार एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल के लिए बुधवार को अयोग्य घोाित कर दिया गया। फेडरेशन के अनुसार, सेलेक्शन ट्रायल के लिए पात्रता तीन घरेलू प्रतियोगिताओं - 2025 सीनियर नेशनल रेसलिग चैंपियनशिप, 2026 सीनियर फेडरेशन कप और अंडर-20 नेशनल रेसलिग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित है। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप दिसम्बर में आयोजित की गई थी, जबकि फेडरेशन कप फरवरी में हुआ था।

विनेश फोगाट ने इनमें से किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है, क्योंकि वह पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर रही हैं और इसलिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं। उन्होंने ग्रीमकालीन खेलों के तुरंत बाद रेसलिग से संन्यास ले लिया था, लेकिन पिछले साल दिसम्बर में विनेश ने कुश्ती में फिर से वापसी की घोाणा की थी। मैदान से दूर रहने के दौरान उन्होंने एक व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की।

# प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद के लिए उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स



**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में शुक्रवार को कोल. काता नाइट राइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ होगा।

10 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ मेजबान डीसी प्ले ऑफ की दौड़ में बहुत पीछे छूट गई है और यह मुकाबला उसके लिए प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद है। हालांकि प्लेऑफ के लिए उसे अपने सभी बचे चारों मैच जीतने होंगे। वहीं केकेआर को भी नौ मैचों में सिर्फ तीन जीत मिली है, लेकिन ए तीनों जीत पिछले तीन मैचों में आई है और वे अच्छे फॉर्म व बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ इस मैच में प्रवेश करेंगे। दोनों टीमों के बीच अब तक 34 मैच हुए हैं, जिसमें केकेआर को 19 और डीसी को 15 मैचों में जीत मिली है। वहीं दिल्ली में दोनों के बीच हुए अब तक 11 मुकाबलों में भी डीसी को पांच जबकि केकेआर को छह मुकाबलों में जीत मिली है। 2024 से अभी तक डीसी, केकेआर को एक भी मैच में नहीं हरा पाई है, तो क्या डीसी इस सिलसिले को तोड़ पाएगी? केएल राहुल पर बहुत ज्यादा निर्भर है डीसी की बल्लेबाजी केएल राहुल आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म में हैं और 10 पारियों में 49-4 की औसत और 181 के स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतक और एक शतक के साथ 445 रन बना चुके हैं। लेकिन डीसी के लिए मुश्किल बात यह है कि उनके अन्य बल्लेबाज फॉर्म या निरंतरता की कमी से जूझ रहे हैं। राहुल ने डीसी के अकेले 26 फीसदी रन बनाए हैं और इस दौरान बीच के ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट बहुत शानदार रहा है। सात से 16 ओवरों के बीच राहुल ने 211 के स्ट्राइक रेट से 249 रन बनाए हैं और हर तीसरी गेंद पर बाउंड्री लगा रहे हैं। बीच के ओव. रों में उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ रजत पाटीदार (217) से कम है।

# पंजाब ने कैच टपकाकर मैच गंवाया



**हैदराबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में अब लगातार तीन मैच गंवा दिए हैं, जबकि ग्रुप चरण के पहले हिस्से में टीम अजेय रही थी। उनके इस प्रदर्शन में कैच छोड़ना, इसकी बड़ी वजहों में से एक रहा है। यह समस्या पूरे सीजन बनी हुई है और प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग भी इस पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। लेकिन जैसा कि केटी मार्टिन ने कहा कि अब यह एक संक्रमण बन चुका है।

शशांक सिंह बार-बार गलतियां कर रहे हैं, लेकिन बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ लॉकी घ्यर्यूसन और कूपर कॉनॉली भी शशांक के साथ आसान कैच छोड़ने वालों में शामिल हो गए। इन मौकों ने एसआरएच को 235 रन तक पहुंचने और 33 रन से जीत दर्ज करने में मदद की। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने ड्रॉप कैच को इस मैच सबसे बड़ा झटका बताया। मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कैच पकड़े गए होते, तो पंजाब शायद 30-40 रन कम का लक्ष्य पीछा कर रही होती। पंजाब के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने मैच के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि हमारे लिए अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना बहुत जरूरी था और हमने ऐसा किया भी। दुर्भाग्य से कैच छूट गए और मुझे लगता है कि इससे हमें नुघ्सान हुआ। उन कैचों को पकड़ना बहुत जरूरी था क्योंकि वे ऐसे खिलाड़ी हैं (ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन) कि अगर आप उन्हें मौका देते हैं तो वे रन बनाएंगे और तेजी से बनाएंगे। मुझे लगता है कि कैच पकड़ लिए जाते तो मैच का मोमेंटम बदल सकता था। नए बल्लेबाज क्रीज पर आते और हम अपनी योजनाओं को ज्यादा असरदार ढंग से लागू कर सकते थे। शायद हम 50 से ज्यादा रन कम देते।

पहला मौका आठवें ओवर में छूटा जब किशन ने घ्यर्यूसन की गेंद पर डीप स्क्वेयर-लेग की ओर शॉट खेला। कॉनॉली गेंद के नीचे अच्छी तरह पहुंचे लेकिन गेंद उनके हाथों से निकल गई। अगला मौका नौवें ओवर में शशांक ने छोड़ा। यह युजवेंद्र चहल की गेंद पर क्लासेन का आसान कैच था। तीसरा मौका 11वें ओवर में फिर चहल की गेंद पर आया, जब घ्यर्यूसन घइन लेग पर कैच का सही अंदाजा नहीं लगा सके और गेंद निकल गई। उसी ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने एक मुश्किल स्टंपिग का मौका भी गंवाया।

# लगातार दूसरे साल भारत का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया ए टीम

**मेलबर्न, वार्ता।** अगले जनवरी में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के संभावित खिलाड़ियों में से कुछ को 12 महीनों में दूसरी बार भारत दौरे का मौका मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया ए सितम्बर और अक्टूबर में पुडुचेरी में भारत ए के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच और तीन 50-ओवर मुकाबले खेलेगी।

बुधवार को बीसीसीआई द्वारा घोषित पुरुष टीम के कार्यक्रम के अलावा यह भी पुटि हुई कि ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम सितम्बर में मोहाली और धर्मशाला में दो टी-20, तीन 50-ओवर मैच और एक चार-दिवसीय मैच खेलेगी, जबकि पुरुा अंडर-19 टीम इसी दौरान राजकोट और अहमदाबाद में तीन 50-ओवर और दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी। पुरुष ऑस्ट्रेलिया ए दौरा सबसे ज्यादा अहम माना जा रहा है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज भारत में खेलनी है।

ऑस्ट्रेलिया ए ने पिछले साल सितम्बर-अक्टूबर में भारत दौरा किया था और इससे टेस्ट टीम के संभावित खिलाड़ियों सैम कॉनस्टास, नेथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी और कूपर कॉनॉली को लखनऊ में दो चार-दिवसीय मैच खेलने का मौका मिला था। कॉनस्टास ने पहले मैच में शतक बनाया था, जबकि एक और उभरते सलामी बल्लेबाज कैंपबेल केलावे ने 88 रन और कॉनॉली ने 70 रन बनाए थे। मैकस्वीनी उस मैच में सबसे शानदार खिलाड़ी रहे थे। उन्होंने 74 और नाबाद 85 रन बनाए, हालांकि टीम को पांच विकेट से हार मिली थी। उस मैच में भारत के टेस्ट तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीन विकेट लिए थे और अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज केएल राहुल ने 412 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 176 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ए टीम 22 से 25 सितम्बर और फिर 29 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक पुडुचेरी में चार-दिवसीय मैच खेलेगी। इसके बाद वहीं 6, 9 और 11 अक्टूबर को तीन 50-ओवर मैच खेले जाएंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम 2018 के बाद पहली बार भारत में मल्टी-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। यह दौरा उन खिलाड़ियों के लिए एक मौका रहेगा।

# नेमार ने टीनेजर रोबिन्हो जूनियर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** स्टार फुटबॉलर नेमार ने कहा कि उन्होंने हद पार कर दी और उन्होंने अपने सैंटोस टीम-साथी रोबिन्हो जूनियर से ट्रेनिग सेशन के दौरान उस टीनेजर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी। ब्राजील के इस क्लब ने जांच शुरू कर दी थी, जब 18 साल के फॉरवर्ड ने कथित तौर पर नेमार पर रविवार को चेहरे पर जोरदार थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था। यह घटना तब हुई थी जब वह 34 साल के नेमार को ड्रिबल करते हुए पीछे छोड़ गए थे। अब उन्होंने गलतफहमी दूर कर ली है और मंगलवार को कहा कि रे पेले ट्रेनिग सेंटर में हुई यह घटना पूरी तरह सुलझ गई है।

नेमार ने कहा कि अगर आप मीडिया के सामने माफी चाहते हैं, तो यह रही, नेमार ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके नाम 79 गोल हैं। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व फॉरवर्ड ने मंगलवार को कोपा सुदामेरिकाना में रिकोलेटा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में सैंटोस के लिए गोल करने का जश्न मनाते हुए सब्स्टीट्यूट रोबिन्हो जूनियर को गले लगाया। रोबिन्हो जूनियर उनके पूर्व ब्राजील टीम-साथी और मैनचेस्टर सिटी तथा रियल मैड्रिड के पूर्व अटैकर रोबिन्हो के बेटे हैं। नेमार ने कहा कि हां, मैंने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी, उसमें मैंने थोड़ी ज्यादा ही प्रतिक्रिया दे दी। यह अलग तरह से हो सकता था, लेकिन आखिर में मैंने अपना आपा खो दिया। हर कोई गलतियां करता है। यह मेरी गलती थी, उसकी गलती थी, मैंने थोड़ी बड़ी गलती की। वह एक ऐसा लड़का है जिसे मैं बहुत पसंद करता हूं, जिसके लिए मेरे मन में खास लगाव है। फुटबॉल में ऐसा होता रहता है, आप अपने दोस्त, अपने भाई से बहस कर लेते हैं। यही फुटबॉल है, यह खेल का ही एक हिस्सा है। रोबिन्हो जूनियर ने कहा कि नेमार को तुरंत एहसास हो गया था कि वह बहुत आगे निकल गए हैं और उन्होंने इस कहा-सुनी के लिए कई बार माफी मांगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी स्थिति थी जिसने मुझे परेशान कर दिया, क्योंकि बचपन से ही वह मेरे आदर्श रहे हैं। हमारे आस-पास के लोग बहुत सी ऐसी बातें कहते हैं जो सच नहीं होतीं, और यह देखकर दुख होता है कि बात इस हद तक बढ़ गई।

# शमास व फिरोजा ने शतक जड़े

**पाकिस्तान महिला टीम ने जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत दर्ज कर वनड़े सीरिज जीती**



**कराची, वार्ता।** सदाफ शमास और गुल फिरोजा ने शतक जड़े, जिससे पाकिस्तान महिला टीम ने वनडे में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर - 343/4 - खड़ा किया। कराची में खेले गए दूसरे वनडे में, एक रिकॉर्ड-तोड़ ओप. निग साझेदारी की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे महिला टीम पर 206 रनों की बड़ी और सीरीज-जिताने वाली जीत दर्ज की। यह महिला वनडे में रनों के लिहाज से पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद, पाकिस्तान को शमास और फिरोजा के रूप में तुरंत ही मैच पर पकड़ बनाने का मौका मिला। दोनों ने मिलकर 189 रनों की विशाल ओपनिग साझेदारी की, जिसने जिम्बाब्वे की उस शुरुआती लय को पूरी तरह तोड़ दिया, जिसकी उम्मीद वे सीरीज में बराबरी करने के लिए कर रहे थे। दोनों ने मिलकर कुल 23 चौके और एक छक्का लगाया, जिससे मेहमान टीम का मनोबल टूट गया। 31वें ओवर में यह साझेदारी टूटने के बाद भी, रन बनाने की रफ्तार में ज्यादा गिरावट नहीं आई। सिदरा अमीन ने सहजता से बल्लेबाजी की, पारी के बीच के हिस्से को संभाला और अपनी नाबाद 59 रनों की पारी से टीम को सही राह पर बनाए रखा। आखिरी ओवरों में रनों की रफ्तार में जबरदस्त तेजी आई: फातिमा सना और आलिया रियाज ने शुरू से ही आक्रामक बल्लेबाजी की, और एक मजबूत नींव को एक विशाल स्कोर में बदल दिया, जिसके साथ पाकिस्तान ने 343/4 के स्कोर पर अपनी पारी समाप्त की। जिम्बाब्वे की रनों का पीछा करने की कोशिश कभी परवान नहीं चढ़ पाई और तीसरे ही ओवर में वे 9 रन पर 2 विकेट गंवा बैठे। हालांकि केलिस न्धलोवु और बिलव्ड बिजा ने तीसरे विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी की, लेकिन तब तक जीत के लिए जरूरी रनों की रफ्तार उनकी पहुंच से काफी बाहर हो चुकी थी। पाकिस्तान की गेंदबाजों ने पूरे मैच के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे को कोई भी बड़ी साझेदारी करने से रोक दिया। फातिमा सना ने गेंदबा. जी में शानदार प्रदर्शन किया।

सातों विधानसभाओं में सीएम के कर कमलों से 2131 करोड़ की 325 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

# विकास बनेगा उज्जवल भविष्य का आधारः योगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद की सातों विधानसभाओं में 500 करोड़ की 184 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 1631 करोड़ की 141 परियोजनाओं का शिलान्यास कुल 2131 करोड़ रूपये की 325 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद, नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, खाद्य प्रसंस्करण, आयुष्मान भारत कार्ड के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

ग्राम जडौदा जट में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए माँ शाकम्भरी देवी एवं माँ त्रिपुर बाला सुन्दरी देवी के आशीर्वाद से शिलान्यास एवं लोकार्पित हुए कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों को हृदय से बधाई देते हुए जनपदवासियों का अभिनन्दन किया। उन्होने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच में सक्रिय रहे, सरकार जनभावनाओं का सम्मान करे, सुशासन के लक्ष्य को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करे और बिना भेद भाव के शासन की योजनाओं को जनता तक पंहुचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सहारनपुर के कारीगरों द्वारा बनाए गये वर्ल्ड क्लास वुड कार्विंग के कार्य से सहारनपुर को नई पहचान मिल रही है। सहारनपुर में 06 लेन के एक्सप्रेस वे का उद्घाटन आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जा चुका है। सहारनपुर से दिल्ली की दूरी अब मात्र 2.5 घण्टे में तय हो जाती है। इस इकॉनोमिक कोरीडोर में पहला इण्डस्ट्रीयल लॉजिस्टिक का हब सहारनपुर में बनाया जाएगा इसके लिए कार्य प्रारम्भ हो गया है। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। सहारनपुर में माँ शाकम्भरी के नाम पर विश्वविद्यालय है। सहारनपुर एयरपोर्ट के माध्यम से देश और दुनिया से जुड़ेगा। बेहट में स्पोर्ट्स कॉलेज, स्मार्ट सिटी, आईसीसीसी, सीएम ग्रिड के अन्तर्गत अच्छी सड़के, अनेक डिग्री कॉलेज, नगर के अंदर बस स्टेशन, नगर के अंदर जल निक. ासी की समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में आरसीसी ड्रेन की कार्यवाही, विकास की अनेक योजनाओं के साथ-साथ बेहतर कनेक्टिविटी, माँ शाकम्भरी मंदिर जाने के लिए एलिवेटिड हाईवे के निर्माण से किसी भी मौसम में जाकर पूजा अर्चना कर सकते है। नवरात्रि के दिनों में विभिन्न राज्यों एवं जनपदों से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को कोई समस्या नहीं होगी। पुलिस भर्ती में सहारनपुर के लगभग 500 नौजवान ने नौकरी पाई है। यह विकास ही विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को आगे बढाएगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेहतरीन जन सुविधाएं विकसित करने के लिए विधायकगण अपनी-अपनी विधानसभाओं में इन विकास कार्यक्रमों को आगे बढा रहे है। सहारनपुर अपनी गति के माध्यम से प्रगति करने के साथ ही देश की समृद्धि में अपना योगदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बिना रूके, बिना डिगे, बिना झुके विकास के समग्र कार्यक्रमों को आगे बढाते हुए बिना भेद भाव के शासन की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक तबके को दिया है। वंचितों को वरीयता तथा पिछडों को प्राथमिकता दी गयी है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश की लगभग 25 करोड़ की जनता एक परिवार है।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री का राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह एवं राज्यमंत्री संसदीय कार्य एंव औद्योगिक विकास जसवंत सैनी ने पगडी पहनाकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर तथा छत्रपति शिवाजी महाराज का चित्र भेंटकर स्वागत और अभिनन्दन किया। वही जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने जनपद के ओडीओपी काष्ठ निर्मित नटराज की मूर्ति भेंट की।

कार्यक्रम में मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, एमएलसी श्रीमती वंदना वर्मा, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन राजपाल सिंह, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, पूर्व विधायक नरेश सैनी, साहब सिंह सैनी, एडीजी भानू भास्कर, मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, सहित जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई तथा जनप्रतिनिधिगण एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहा।

# मेयर डा. अजय कुमार ने किया डिजीटल स्व-गणना का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर के प्रथम नागरिक/महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज अपने निवास पर अपने मोबाइल से अपने परिवार के सम्बंध में जानकारी सबमिट कर डिजीटल स्वगणना-2027 का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों से उत्साह के साथ इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना के अंतर्गत दी गयी जानकारी के आधार पर ही सरकार सही व ठोस योजनाएं बनाती और क्रियान्वित करती है।

नगर निगम के अपर नगरायुक्त/नगर जनगणना अधिकारी मृत्युंजय ने बताया कि स्व-गणना का कार्य आज 7 मई से शुरु होकर 21 मई 2026 तक चलेगा। आज महापौर डॉ. अजय कुमार ने अपने परिवार के सम्बंध में ऑनलाइन सूचनाएं भरकर स्व-गणना का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि स्व-गणना करना बहुत आसान है। केवल आठ स्टेप अपने मोबाइल में स्व-गणना करने वाले व्यक्ति को लेने है। सबसे पहले वेबसाइट पर जाएं। उसके बाद परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर डाले तथा ओटीपी से वेरिफाई करें। उसके बाद अपनी भाषा चुनें और फिर पता भरते हुए अपना राज्य, जिला, गांव/शहर, मकान नंबर व मैप पर अपने घर को मार्क करें।

उन्होंने बताया कि इसके बाद स्व-गणना कर रहे व्यक्ति से उनका घर पक्का है कि कच्चा, बिजली-पानी, शौचालय, टी वी मोबाइल, इंटरनेट व परिवार के सदस्यों आदि की जानकारी के लिए 33 सवाल पूछे जायेंगे। यह सब जानकारी देने के बाद उसे चेक कर, फॉर्म सबमिट करना है। इसके बाद मोबाइल स्क्रीन पर ही एक मैसेज आयेगा कि आपका स्व- गणना फॉर्म सफलता पूर्वक सबमिट हो गया है साथ ही एक स्व-गणना आईडी मिलेगी, जिसे संभालकर रखना है।

उन्होंने बताया कि जब जनगणना कर्मचारी घर आए तो उन्हें ये स्व-गणना आईडी दिखानी होगी, दोबारा कुछ नहीं भरना होगा। नगर जनगणना अधिकारी ने बताया कि स्व-गणना के दौरान दी गयी जानकारी गोपनीय रहेगी।

# हाईवे से लिंक हो ट्रांसपोर्ट नगरः चावला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं उत्तर प्रदेश मोटर ट्रांसपोटर्स फेडरेसन के अध्यक्ष ब्रित चावला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से सभी नेशनल हाईव व स्टेट हाईव ट्रांसपोर्ट नगर से लिंक कराने की मांग की।

ब्रित चावला ने कहा कि अम्बाला रोड से बड़ी नहर से पहले मेडिकल कॉलेज पिलखनी अम्बाला रोड से फ्लाई ओवर का निर्माण करते हुए सीधा घंटाघर से देहरादून रोड से ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए गागलहेड़ी मे फ्लाईओवर को पहुंचाकर किसी भी उचित एवं सुविधाउक्त हाईवे से लिंक किया जाये। साथ ही पश्चिम उत्तर प्रदेश में नये उद्योगों एवं व्यवसायों को और नए उद्योग स्थापित कराए जाएं ताकि हमारे नुकसान की भरपाई हो सके।

इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सरफराज, महासचिव गणेश गुप्ता, सचिव मुन्ना, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह नेगी और महिला प्रतिनिधि संगठन प्रमुख निशा साहनी मौजूद रहे।

# दुग्ध मिशन योजना में जीविका तोमर सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नंदबाबा दुग्ध मिशन योजना के अन्तर्गत मण्डल में जीविका तोमर को सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर पहुंचकर नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक वितरित किए।

ग्राम बंदूखेडी निवासी कुमारी जीविका तोमर पुत्री डॉ मनोज तंवर जो नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी के करीबी है जीविका गुरुकुल में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहीं है इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। इस मौके पर विधायक मुकेश चौधरी ने इस योजना को पशुपाल. कों एवं किसानों के लिए वरदान बताया। इससे पहेले भी डॉ मनोज की दूसरी पुत्री ने भी संस्कृत विभाग में जिले सहारनपुर के साथ साथ प्रदेश का नाम भी रोशन किया था। इस मौके पर मंत्री कुँवर बृजेश, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी रहे।

# आसपा का धरना स्थगित, पीड़ितों से वार्ता करेगा डेलिगेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आजाद समाज पार्टी द्वारा आज आयोजित किये जाने वाला धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा मामले का गंभीरता से संज्ञान लेने के बाद असपा सुप्रीमो व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद तथा उच्च अधिकारियों के बीच वार्ता हुई।

वार्ता में तय किया गया कि शुक्रवार सुबह प्रशासनिक अधिकारियों एवं असपा सुप्रीमो द्वारा नियुक्त प्रतिनिधिमंडल घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ितों से वार्ता कर समस्या का समाधान करेंगे। इसी क्रम में आज सुबह आईटीसी रोड पर दोनों पक्ष पहुंचे। प्रशासन की ओर से एडीएम ई संतोष बहादुर सिंह, एएसपी मनोज यादव, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सीओ मनीष चंद्र और इंस्पेक्टर सदर कपिल देव मौके पर पहुंचे। वहीं आजाद समाज पार्टी की ओर से नियुक्त प्रतिनिधिमंडल में भीम आर्मी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल वालिया, नकुड़ विधानसभा प्रभारी राव कैसर, जोनल अध्यक्ष डी.पी. सिंह, जिला अध्यक्ष सचिन खुराना और प्रवीण गौतम शामिल रहे। दोनों पक्षों ने पीड़ितों से विस्तृत वार्ता की। बैठक में निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को प्रशासन, सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा नियुक्त प्रतिनिधिमंडल एवं पीड़ितों के बीच फिर से वार्ता होगी। इस दौरान समस्या का स्थायी निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि जब तक दोनों पक्षों के बीच किसी निष्कर्ष पर सहमति नहीं बन जाती, तब तक विवादित स्थल पर निर्माण कार्य पूरी तरह बंद रहेगा। प्रशासन ने पीड़ितों को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। असपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हम शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं। प्रशासन ने सकारात्मक रुख दिखाया है, इसलिए आज का धरना स्थगित कर रहे हैं।



गौरतलब है कि आईटीसी रोड के मामले को लेकर आजाद समाज पार्टी ने आज धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया था, जिसे प्रशासन की पहल के बाद फिलहाल टाल दिया गया है।

# हाउस अरेस्ट रहे प्रधान अनुज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष अनुज प्रधान मदनूकी को पुलिस प्रशासन ने हाउस अरेस्ट कर लिया है।

उन्होंने बताया कि वह अपने संगठन की एक सूत्रीय मांग को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को देना चाहते थे लेकिन पुलिस ने उन्हें सुबह ही उनके घर पर नजर बंद कर लिया है। वह तो प्रधानों की ओर से एक सूत्रीय ज्ञापन देना चाहते थे जिसमें मांग थी कि या तो चुनाव समय पर कराई जाए या फिर जब तक चुनाव नहीं होते तब तक मौजूदा प्रधानो का ही कार्यकाल बढ़ाया जाए ताकि वह गांव का विकास करता रहे।

# मनीष त्यागी के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने राहुल गांधी में आस्था जताते हुए कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की।

वार्ड 67 एकता कॉलोनी मे महानगर उपाध्यक्ष यूनुस सिद्धिकी और खालिद द्वारा आयोजित बैठक में महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि देश राहुल गाँधी मे अपना भविष्य देख रहा देश का नौजवान कांग्रेस की तरफ उम्मीद से देख रहा है। लोग अब हिन्दू मुस्लिम जैसी फिजूल की बातो से ऊब चुके है। अब लोग अपनी तरक्की रोजगार रोजी रोटी तलाश रहे है वो मुद्दों की बात करना चाहते है जिसकी भाजपा की सरकार से कोई उम्मीद नहीं बची है। त्यागी ने कहा पूरे देश मे इस घमंडी सरकार और घमंडी प्रधानमंत्री के सामने अगर कोई एक नेता छाती ठोक कर खड़ा है आँख मे आंख मिला कर बात रहा है तो वो सिर्फ राहुल गाँधी है प्रधानमंत्री के पसीने छूट जाते है जब लोकसभा मे राहुल गाँधी बोलते है क्योंकि वो हर वो बात बोलते है जो देश की जनता के मतलब की बात है प्रधानमंत्री की तरह मन की नहीं जन की बात करते है और सच से पूरी भाजपा और प्रधानमंत्री डरते है उन्हें डर है की कही राहुल गाँधी की बात लोगों की समझ मे आ गई तो भाजपा के नेताओं का घर से निकलना मुश्किल हो जायेगा। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चे के महानगर अध्यक्ष आरिश सिद्धिकी, महानगर महासचिव मयंक शर्मा, सचिव रजा फरीद, नसीब खान, वार्ड अध्यक्ष मेहरबान अली, नदीम, इमरान सिद्धिकी, इस्लाम मौजूद रहे।



# डा.ममता हरियाणा केंद्रीय विवि में कोर्ट सदस्य मनोनीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** स्नेहिल संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष डा ममता सिंह को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय में कोर्ट सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है, उनके साथ प्रोफेसर एम आर गंगाधर वाइस चांसलर चामाराजांगरा विश्वविद्यालय कर्नाटक, प्रोफेसर पी श्रीकुमार केन्द्रीय विश्वविद्यालय केरल हैं।

डा ममता सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनायी हैं। उनके द्वारा लिखी 22 पुस्तकें भारतीय संस्कृति तथा कला इतिहास पर प्रकाशित हो चुकी हैं। स्नेहिल संस्था के द्वारा महिला सशक्तिकरण तथा प्रकृति संरक्षण के लिए कला के माध्यम से विशेष जनजागरण अभियान उल्लेखनीय हैं। डा सिंह को अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ साथ संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य हेतु अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त है। प्रारंभिक शिक्षा रामपुर मनिहारान से प्राप्त की है। वर्तमान में एम के पी पीजी कालेज देहरादून में चित्रकला विभाग अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

# नौ को होगा संघ का वार्षिक अधिवेशनः डा.मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने 9 मई को होने वाले वार्षिक अधिवेशन में भारी भागेदारी का आहवान किया है।

अल अमीन पब्लिक स्कूल में आयोजित बैठक में डॉ मलिक ने कहा कि मान्यता प्राप्त स्कूलों का सरकार और आम जनतस ने परीक्षा परिणाम नहीं देखा और किताबों को लेकर हंगामा किया जा रहा है। सरकार के पास एनसीईआरटी की किताबों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है सरकारी किताब सरकारी स्कूलों में और प्राइवेट किताब प्राइवेट स्कूलों में लगाई जानी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति की हैसियत किताबें खरीदने की नहीं है तो वह प्राइवेट स्कूलों में नहीं सरकारी स्कूलों में पढ़ाई सरकार अपने स्कूलों को सुधारे यदि सरकारी स्कूलों में पर्याप्त अच्छी पढ़ाई हो तो प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने की आवश्यकता नहीं होगी। उत्तर प्रदेश के किसी भी सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं का हाई स्कूल इंटर का परिणाम में कोई स्थान नहीं है मान्यता प्राप्त निजी स्कूलो के छात्र छात्राओं ने ही उच्च स्थानो में प्रतिभाओं ने लोहा लिया परचम लहराया है राष्ट्र निर्माण में निजी स्कूलों की अहम भूमिका है।



जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट, प्रदेश महामंत्री अरविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पवार, प्रभारी धनंजय शर्मा महानगर अध्यक्ष अजय सिंह रावत महानगर प्रभारी गययूर आलम उस्मान थानवी फरीद अहमद वजाहत शरीफ मोहम्मद शादाब नूर अहमद मुजाहिद नदीम सलमान थानवी मसरूर मिर्जा राशिद जावेद महामंत्री अरविंद शर्मा उपाध्यक्ष केपी सिंह महामंत्री हंस कुमार संगठन मंत्री मुजाहिद नदीम दिनेश रुपडी वीरेंद्र पवार योगेश शर्मा ब्लॉक सरसावा के अध्यक्ष सचिन कुमार कुलदीप आदि ने संबोधित किया।

## मासूम बालक को सांप ने डंसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे के बढेडी कोली में घर के अंदर खेल रहे एक चार वर्षीय मासूम बालक को सांप ने डस लिया।

मिली जानकारी के मुताबिक अंकित का चार वर्षीय पुत्र विशु गुरुवार दोपहर घर में खेल रहा था। अचानक वह जोर-जोर से रोने लगा। बच्चे की आवाज सुनकर मां मौके पर पहुंची तो वहां एक सांप दिखाई दिया जिसे देखकर वह घबरा गई। परिजनों ने तुरंत बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# पीछा कर बाइक समेत चोर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव लाखनौर मे घेर से गेंहू के कट्टे चोरी कर बाइक पर भाग रहे दो चोरों मे से ग्रामीणों ने पीछा कर एक को गेंहूं के दो कट्टे व बाइक सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को गांव के विक्रम कुमार पुत्र दिगम्बर सिंह के घेर से दो युवक गेंहू के दों कट्टे चोरी कर एक बाइक पर सवार होकर भाग निकले। इस बीच उसके किसी परिजन ने उन्हे देख लिया और सोचा कि शायद घर वालों ने गेंहू बेचे है। घर जाकर गेंहूं बेचने की बाबत जानकारी ली तो उन्होने इंकार कर दिया। ग्रामीणों ने बाइक सवार युवकों का पीछा कर उन्हे एक भट्टे के निकट बाइक सहित पकड लिया जबकि दूसरा युवक भाग निकला । पकडे गये युवक को पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सरफराज पुत्र असगर निवासी गांव उमाही बताया। पूछताछ में आरा. ेपी ने बताया कि वह और उसका एक साथी नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए छोटी-मोटी चोरी और नशे के कारोबार में शामिल रहते हैं। आरा. ेपी ने कबूल किया कि दोनों ने मिलकर ग्राम लाखनौर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।



पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ चोरी और एनडीपीएस एक्ट समेत कई मुकदमे थाना नागल और देवबंद में पहले से दर्ज हैं।

# अराजक स्थिति

4 मई को हुई मतगणना के बाद से ही शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पांच लोगों की अब तक जान जा चुकी है। जिसमें भाजपा नेता सुवेन्दु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की बुधवार देर रात 10:30 बजे हत्या भी शामिल है। सुवेन्दु अधिकारी ने भवानीपुर में ममता बनर्जी को हराया था। अब यह राजनीतिक हत्या है या कोई अन्य कारण यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन गुरुवार को सुवेन्दु अधिकारी ने कहा है कि उनके पीए की हत्या इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी को हराया। चंद्रनाथ रथ की मां ने भी इसी तरह का बयान दिया है और कहा है कि हार का बदला मेरी बेटे की हत्या कर लिया गया है। उनके अनुसार कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बच नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि चंद्रनाथ रथ को चार गोलियां लगी हैं। अब तक इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इस बीच एक नोटिफिकेशन जारी कर राज्यपाल आरएन रवी ने पश्चिम बंगाल की विधानसभा को भंग कर दिया। लोकभवन से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर ही यह फैसला लिया गया है। इस बीच कोलकाता में आज भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। पीए पर जिस तरह हमलावरों ने गोली चलाई, जिसमें बताया जा रहा है कि उन्होंने दस राउंड गोलियां चलाई। इसमें चार गोलियां चंद्रनाथ को लगी, उनके ड्राइवर बुद्धदेव को भी गोली लगने की बात सामने आई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि हमलावर 7 किमी से उनकी कार का पीछा कर रहे थे। जिस तरह हमलावर घटनास्थल से आराम से फरार हुए और अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, जिससे साफ है कि बंगाल की हिंसा एक नए दौर की तरफ जा रही है, क्योंकि एक दो नहीं दर्जनों स्थानों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। बसीरहाट, बरानगर और हावड़ा जैसे क्षेत्रों से भी हिंसा के समाचार सामने आ रहे हैं। 24 परगना के पानीहाट में तो भाजपाइयों पर बम फेंकने की बात सामने आई है। यह स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है।

# सियासत की अपनी अलग इक जुबां है





निर्मल रानी

जनता को सब्ज बाग दिखाने में पूरी महारत रखने वाले सत्ताधारी नेताओं से यदि देश के हालात के बारे में बात कीजिए तो अपनी लच्छेदार बातों से यह साबित कर देंगे कि देश में चारों तरफ बागों में बहार है, जनता खुशहाल है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद है,देश भ्रष्टाचार मुक्त हो चुका है,देश में विकास की गंगोत्री बह रही है। और यदि किसी ने सरकार की आलोचना करने की कोशिश की तो चुनाव में बार बार मिलने वाली विजय का हवाला देते हुए उल्टे उसी से यह पूछ लिया जाता है कि यदि जनता संतुष्ट नहीं तो बार बार विभिन्न राज्यों में जनादेश व जनसमर्थन सत्ता के पक्ष में क्यों?

आप चीखते चिल्लाते रहिए कि चुनाव परिणाम को सत्ता के पक्ष में प्रभावित करने में मुख्य चुनाव आयुक्त,चुनाव आयोग,एस आई आर,इनकम टैक्स, सी बी आई,ई डी,बी एस एफ,सी आर पी, गोदी मीडिया आदि संस्थाओं की भूमिका रही है। परन्तु आपकी शिकायत सुन कौन रहा है ? याद कीजिए 2013 में, जब डॉलर के मुकाबले रूपया 60 के स्तर पर पहुंचा था उस समय नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की कड़ी आला. ेचना करते हुए कहा था कि रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। तब मोदी ने रूपए की कमजोरी को यूपीए सरकार की दिशाहीन नीतियों और आर्थिक संकट का संकेत बताया था। कमजोर रुपया=कमजोर सरकार का कथन प्रचारित किया गया था । मोदी ने उस समय यह भी कहा था कि गिरते रूपए के कारण देश के व्यापारी बोझ नहीं सह पाएंगे और विश्व व्यापार में भारत पीछे रह जाएगा। परन्तु आज तो मोदी शासन काल में डॉलर के मुकाबले वही रूपया 95.18 तक पहुंच चुका है। परन्तु शायद आज न तो यह स्थिति सरकार की दिशाहीन नीतियों की वजह से है न ही यह आर्थिक संकट का संकेत है। न ही यह कमजोर सरकार का लक्षण है न ही रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। बजाए इसके अक्टूबर 2022 में जब रूपया 1 डॉलर के मुकाबले 82 पर पहुंचा था उस समय अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह तर्क जरूर दिया था कि श्भारतीय रूपया गिर नहीं रहा है, बल्कि अमे. रिकी डॉलर तेजी से मजबूत हो रहा हैश। क्या यह तर्क 2014 से पहले यू पी ए सरकार के समय लागू नहीं हो सकता था? परन्तु शायद उस समय के सत्ताधारियों और आज के विपक्ष में न तो इस तरह के श्कुतर्क रूपी तर्कश देने की सलाहियत थी न ही मीडिया मैनेज कर इस विषय को हंगामा बनाने से रोकने की कला। इसलिए 1 डॉलर के 100 रुपये के आंकड़े को छूने के करीब होने बावजूद आज यह चर्चा का विषय ही नहीं है?

इसी तरह 2004-2014 के बीच जब देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली UPA सरकार थी। उस दौरान पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने पर भाजपा ने देश भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए थे। यहां तक कि कुछ जगहों पर इनके अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने की तस्वीरें भी सामने आई थीं। 2010 से 2014 के बीच भाजपाई यह प्रदर्शन उस दौर में कर रहे थे जबकि पेट्रोल की कीमतें 61रूपये से लेकर 70 रूपये प्रति लीटर के करीब थीं। और घरेलू रसोई गैस की कीमत 414 के करीब थीं। उस समय कई भाजपा नेता सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में सड़कों पर चूल्हे जलाकर प्रदर्शन किया करते थे। परन्तु आज पेट्रोल व डीजल कहीं 100 रुपये के करीब तो कहीं 100 रुपये पार कर चुका है। गैस का मूल्य भी 1000 प्रति सिलिंडर के करीब हो गया है। परन्तु न तो विपक्ष का हंगामा न हंगामे में शोर या उसका असर न ही ऐसी खबरों को मीडिया में कोई स्थान। आजकल तो वैसे भी ईरान इस्राईल युद्ध के चलते देश में अनेक जगहों पर गैस सिलिंडर लेने के लिए लोग लंबी लंबी कतारों में खड़े हुए हैं। गैस की धड़ल्ले से ब्लैक मेलिंग हो रही है। परन्तु जनता के हितों से मुख्य रूप से जुड़े ऐसे सवालों पर तो कोई चर्चा नहीं हां इस विषय पर सरकार का यह स्टैंड मीडिया जरूर प्रचारित कर देता है कि सब कुछ ठीक ठाक है ।

इसी तरह भाजपा की केंद्र सरकार ने देश में एक नया वोट बैंक तैयार किया है लाभार्थी वोट बैंक। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देशभर में लगभग 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों अर्थात देश की लगभग 57 प्रतिशत आबादी को मुफ्त राशन दिया जा रहा है । इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को हर महीने प्रति सदस्य 5 किलोग्राम मुफ्त गेहूं या चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। आलोचक इस योजना को सरकार की नाकामी बता रहे हैं। इनका कहना है कि इस योजना का मतलब है कि देश की 57 प्रतिशत आबादी इतने पैसे भी नहीं कमा पा रही कि वह अपने व परिवार के लिए 5 किलो राशन तक खरीद सके। जबकि कुछ आलोचक कहते हैं कि ऐसी योजनाएं लोगों को निठल्ला बनाती हैं। कोई कुछ भी कहता रहे परन्तु सरकार ऐसी योजनाओं को चलाकर अपनी पीठ थपथपाती है और इसके बदले इन्हीं लाभार्थियों से वोट की उम्मीद लगाए रहती है। और धन्य है देश की वह जनता भी जो आत्मनिर्भर होने या सरकार से रोजगार के अवसर मांगने के बजाए इसी 5 किलो मुफ्त राशन को ही अपना भाग्य समझकर फूले नहीं समाती। यह सफल अन्दाज-ए-सियासत की ही एक बानगी कही जाएगी कि आज जी एस टी व नोटबंदी से परेशान लोग व व्यवसाई इस विषय पर चर्चा बंद कर चुके हैं। लॉक डाउन के दौर में हजारों किलोमीटर पैदल चलने वाले लोग अपना दु:ख भूलने को मजबूर हो चुके हैं। मंहगाई, बेरा. ेजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा व नारी स्मिता तो जैसे कोई मुद्दा ही नहीं। वास्तव में देश की राजनीति अब उस दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां जनता के मुद्दे क्या हैं और क्या होंगे यह भी अब जनता नहीं बल्कि राजनैतिक दलों के नेता तय करते हैं। इसलिए जनता की आधारभूत जरूरतें और लो. कहितकारी बातें छोड़िए और पाकिस्तान,हिन्दू मुस्लिम,मंदिर मस्जिद, घुसपैठिया, लव जिहाद,जाति धर्म,धर्म विशेष की कथित रूप से बढ़ती जनसंख्या जैसे सत्ता द्वारा निर्धारित विषयों को ही वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरुरत स्वीकार कीजिए।

## श्रीमुख से...

### तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता



ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है, पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था, उनका कहना था कि उसके बाद श्री ट्रम्प ने विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया, में बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003

Dainikshahtimes@gmail.com

# वीडियो बनाने की बजाए जान बचाना जरूरी





कहकशां

**कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, यह पट्टी लेकर खड़ा मिलता है । बिना वर्दी और भी बिना हथियार के । बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का । आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा । इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है । गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी ।**

आज 8 मई है यानी कि विश्व रेडक्रॉस दिवस। नाम सुनते ही दिमाग में क्या आता है? खून की बोतलें, पट्टियां और सफेद झंडे वाली गाड़ी। है न? लेकिन रेड क्रॉस इससे कहीं ज्यादा चटपटा है। यह वो तड़का है जो इंसानियत की दाल में स्वाद भर देता है। आज 8 मई हेनरी डड्नांट का जन्मदिन है। स्विट्जरलैंड का यह बंदा बीते सन 1859 में इटली देश में सोलफेरिनो की लड़ाई देखने पहुंच गया था। चारों तरफ लाशें, घायल कराह रहे थे। न डॉक्टर, न दवा। डड्नांट ने गांववालों को इकठा किया और बोला भाई ए अपना है या पराया इस बात को तुरंत छोड़ो। पहले पट्टी बांधो। बस वहीं से रेड क्रॉस का बीज पड़ गया। सोचो एक टूरिस्ट ने कैसे दुनिया बदल दी और हम हैं कि देहरादून या दिल्ली जाकर सेल्फी लेकर लौट आते हैं। रेड क्रॉस का सबसे चटपटा उसूल है निष्पक्षता। युद्ध में ए दुश्मन के घायल सिपाही को भी पानी पिलाते हैं। बाढ़ आए तो ए नहीं पूछते कि आधार कार्ड दिखाओ। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, ए पट्टी लेकर खड़ा मिलता है। बिना वर्दी और भी बिना हथियार के। बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का। आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा। इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है। गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी। अरे बई सुई का डर है तो जरा उन माताओं से पूछो जिनके बच्चे थैलेसीमिया से हर 15 दिन में खून चढ़वाते हैं। छह वर्ष पहले भी अपने यहां रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलंटियर कोरोना में राशन बांटते दिखे थे। पिछले वर्ष जब ओले पड़े थे तो सबसे पहले इन्हीं लड़कों ने कंबल बांटे थे। न फोटो की भूख थी और ना ही किसी नेता के साथ सेल्फी का चक्कर था। काम खत्म तो घर की राह। खून दो साल में 2 बार। शरीर फिट पुण्य हिट। वॉलंटियर बनो फर्स्ट एड सीख लो। अगला एक्सीडेंट देखकर वीडियो बनाने से बेहतर है आप किसी की जान बचाओ। अफवाह नहीं मदद फैलाओ रेड क्रॉस का निशान देखो तो तुरंत रास्ता दे दो, एम्बुलेंस को साइड दे दो। रेड क्रॉस वालों का कोई धर्म नहीं होता। इनका धर्म है दर्द। जहां दर्द दिखा ए मरहम बन गए। हेनरी डड्नांट को इसके लिए पहला नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। पर असली पुरस्कार तो वो दुआएं हैं जो किसी मां ने अपने बच्चे की जान बचने पर दी होंगी। तो अब आप इस 08 मई को एक वादा करो। खून देने से डर लगे तो कम से कम किसी का दिल तो नही दुखाओगे क्योंकि रेड क्रॉस कहता है कि इंसानियत जिंदाबाद बाकी सब बाद। हैप्पी वर्ल्ड रेड क्रॉस डे।

# बंगाल की जीत के शिल्पकार : सुनील बंसल का रणनीति मॉडल





मितेंद्र कुमार गुप्ता

भारतीय राजनीति में चुनावी जीत केवल जनसभाओं, नारों और चेहरे के आकर्षण से नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे एक मजबूत संगठन, सूक्ष्म रणनीति और जमीनी स्तर पर निरंतर काम करने वाले कुशल प्रबंधकों की बड़ी भूमिका होती है। पश्चिम बंगाल जैसे जटिल और राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में भारतीय जनता पार्टी की बढ़ती ताकत के पीछे जिस नाम की चर्चा लगातार होती रही है, वह है सुनील बंसल। भले ही चुनावी मैदान में चेहरा नरेंद्र मोदी का रहा हो, लेकिन संगठन की जड़ों को मजबूत करने और जीत की नींव तैयार करने का श्रेय काफी हद तक बंसल के रणनीतिक कौशल को दिया जाता है।

**संगठन का सूक्ष्म विज्ञान:** सुनील बंसल की कार्यशैली पारंपरिक राजनीति से अलग और आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों से प्रभावित मानी जाती है। उनका मानना है कि चुनाव केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि डेटा, नेटवर्क और निरंतर फीडबैक सिस्टम से जीते जाते हैं। वे संगठन को तीन स्तरों पर मजबूत करते हैं-

बूथ स्तर पर पकड़
कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण
डेटा आधारित निर्णय

पश्चिम बंगाल में उन्होंने सबसे पहले बूथ स्तर पर संगठन को पुनर्गठित किया। हर बूथ को एक मिनी चुनाव इकाई के रूप में विकसित किया गया, जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई।

**उत्तर प्रदेश मॉडल:** सुनील बंसल का सबसे बड़ा राजनीतिक प्रयोग उत्तर प्रदेश में देखा गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने संगठनात्मक ढांचे को इस तरह से खड़ा किया कि भारतीय जनता पार्टी को 73 सीटों की ऐतिहासिक जीत मिली। यहां उन्होंने जो मॉडल अपनाया, वही बाद में अन्य राज्यों में लागू किया गया।

हर बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता
माइक्रो मैनेजमेंट
जातीय और सामाजिक समीकरणों का संतुलन

**चुनावी डेटा का विश्लेषण:** यही मॉडल पश्चिम बंगाल में भी लागू किया गया, हालांकि वहां की परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं।

**पश्चिम बंगाल:** पश्चिम बंगाल में राजनीति लंबे समय तक क्षेत्रीय दलों और वामपंथी विचारधारा के प्रभाव में रही है। यहां संगठन खड़ा करना आसान नहीं था।

**बंसल ने इस चुनौती को अवसर में बदला-**

1. स्थानीय नेतृत्व का निर्माण

उन्होंने बाहर से नेतृत्व थोपने के बजाय स्थानीय चेहरों को आगे बढ़ाया।

2. सांस्कृतिक और सामाजिक समझ

बंगाल की संस्कृति, भाषा और स्थानीय मुद्दों को समझते हुए रणनीति बनाई गई।

3. विस्तृत संपर्क अभियान

घर-घर संपर्क, छोटे समूहों की बैठकें और निरंतर संवाद उनकी रणनीति का हिस्सा रहे।

**संगठन महामंत्री से राष्ट्रीय महामंत्री तक:** 2022 में जब सुनील बंसल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया, तो यह उनकी संगठनात्मक क्षमता की मान्यता थी। इसके साथ ही उन्हें तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों का प्रभार भी दिया गया। इससे साफ है कि पार्टी नेतृत्व उन्हें एक टास्क स्पेशलिस्ट के रूप में देखता है, जो कठिन राज्यों में संगठन खड़ा करने में माहिर हैं।

**विद्यार्थी परिषद से राजनीति तक का सफर:** सुनील बंसल की राजनीतिक यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू हुई। यहां उन्होंने संगठन की बारीकियां सीखी। ABVP में रहते हुए उन्होंने छात्र राजनीति में नेटवर्किंग सीखी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना सीखा। संघर्ष और अनुशासन का अभ्यास किया यही अनुभव बाद में उनकी रणनीतियों की नींव बना। सुनील बंसल की रणनीति को कुछ प्रमुख सिद्धांतों में समझा जा सकता है-

1. डेटा इज पावर
2. कार्यकर्ता ही असली ताकत
3. निरंतर फीडबैक
4. स्थानीय मुद्दों पर फोकस

**पश्चिम बंगाल में रणनीति के प्रमुख आयाम**

1. बूथ मैनेजमेंट
2. पन्ना प्रमुख मॉडल
3. डिजिटल और सोशल मीडिया
4. सामाजिक समीकरण

**नेतृत्व के साथ तालमेल:** सुनील बंसल की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वे शीर्ष नेतृत्व के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करना जानते हैं। नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के संदेश को उन्होंने कार्यकर्ताओं तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया।

**सरल व्यक्तित्व, मजबूत रणनीतिकार:** व्यक्तिगत जीवन में सुनील बंसल बेहद सरल और सहज माने जाते हैं। वे प्रचार से दूर रहकर काम करने में विश्वास रखते हैं।

कम बोलना, ज्यादा काम करना
टीम पर भरोसा
अनुशासन और समय प्रबंधन
निरंतर सीखने की प्रवृत्ति
आलोचना और चुनौतियां

जहां एक ओर उनकी रणनीतियों की सराहना होती है, वहीं कुछ आलोचनाएं भी सामने आती हैं।

# अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है ईरान

## अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा तेहरान

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि युद्ध समाप्त करने संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव अभी 'समीक्षाधीन' है और ईरान अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध जल्द समाप्त होने की संभावना जताई है। ट्रम्प ने जॉर्जिया में रिपब्लिकन समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना है।

मुझे लगता है कि हम जीत गए। उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के उनके प्रयासों के कारण यदि अमेरिकियों को ईंधन कीमतों जैसी अल्पकालिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो वह अस्थाई होगा। अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ईरान के साथ 14 बिंदुओं वाले एक समझौता ज्ञापन के करीब पहुंच सकता है, जो आगे परमाणु वार्ता के लिए रूपरेखा का काम करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और ईरान एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे युद्धविराम लागू हो सके और 30 दिनों के भीतर परमाणु मुद्दे, ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता जैसे विवादित मुद्दों पर समाधान निकाला जा सके। ट्रम्प ने पीबीएस न्यूज से कहा कि किसी भी समझौते के तहत ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम को अमेरिका भेजना होगा और भूमिगत परमाणु सुविधाएं बंद करनी होंगी। दूसरी ओर, ईरान में इस प्रस्ताव को लेकर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। ईरानी संसद के एक वरिष्ठ सदस्य ने प्रस्ताव को 'अमेरिका की इच्छाओं की सूची' बताया, जबकि एक अन्य अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका आवश्यक रियायतें नहीं देता है तो ईरान 'कठोर जवाब' देगा जिससे अमेरिका को पछतावा होगा। ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि अमेरिका युद्ध में वह हासिल नहीं कर पाएगा जो वह प्रत्यक्ष वार्ता में नहीं पा सका। उन्होंने कहा कि ईरान पूरी तरह तैयार है। दूसरी ओर ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर चेतावनी दी कि यदि ईरान समझौता अस्वीकार करता है तो बमबारी फिर शुरू होगी और पहले से कहीं अधिक तीव्र होगी। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कर बातचीत की प्रगति की जानकारी ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते के संकेतों का स्वागत करता है, लेकिन मध्यस्थ होने के नाते वह बातचीत का विवरण सार्वजनिक नहीं करेगा। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान युद्धविराम को स्थाई शांति में बदलने के प्रयास कर रहा है और यदि अगले दौर की वार्ता इस्लामाबाद में होती है तो यह उसके लिए सम्मान की बात होगी।

■ पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना: ट्रम्प

■ ट्रम्प ने युद्ध 'जल्द' खत्म होने का जताया अनुमान

## नॉर्वे 'पैक्स सिलिका पहल' में हुआ शामिल

**वाशिंगटन।** महत्वपूर्ण खिनजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने और वैश्विक कृत्रिम बुद्धमत्ता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के उद्देश्य से विकसित अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में नॉर्वे आधिकारिक तौर पर शामिल हो गया है। पैक्स सिलिका के सदस्य के रूप में नॉर्वे विविध महत्वपूर्ण खिनज आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। अमेरिका में नॉर्वे की राजदूत अन्निकेन हुइटफेल्ट ने वाशिंगटन डीसी में 'पैक्स सिलिका का घोषणापत्र' पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही नॉर्वे इस पहल में शामिल होने वाला 15वां देश बन गया है। इस गठबंधन में ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, भारत, इजराइल, जापान, फिलीपींस, कतर, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देश पहले से शामिल हैं।



कोलकाता। बारिश के दौरान छाता लेकर चलते लोग।

## ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर गुरुवार को भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान की सराहना की। उप राज्यपाल ने एक बयान में कहा कि आज जब हम ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मना रहे हैं, हम वर्दीधारी उन पुरुषों और महिलाओं के प्रति श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं, जिनके अटूट संकल्प और असाधारण साहस ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने वाले दुश्मन को करारा जवाब दिया था। सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर संकल्प के साथ उकेरी गई एक ऐसी घोषणा है, जो यह बताती है कि हमारे बहादुर सशस्त्र बल किसी भी कीमत पर देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उप राज्यपाल सिन्हा ने कहा कि यह भारत के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है और हम आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पाकिस्तान में पोलियो वायरस के पांच नए मामले आए सामने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पोलियो वायरस एक बार फिर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कराची के सीवेज और अन्य स्थानों से लिए गए पांच नमूनों में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। सिंध में आयोजित एक परामर्श बैठक के दौरान शहरयार मेमन ने बताया कि कराची में वायरस की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि संक्रमण अब भी फैल रहा है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर कम संक्रमण वाले मौसम में भी वायरस का सक्रिय रहना बेहद चिंताजनक है और इसके लिए तत्काल सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यह बैठक सिंध इंस्टीटड्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड नियोनेटोलाजी में आयोजित की गई थी, जिसमें यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, पाकिस्तान पीडियाट्रिक एसोसिएशन और पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन सहित कई संस्थाओं के विशेषज्ञ शामिल हुए।

# 48 घंटे भी नहीं टिका ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

## ट्रम्प को झटका, होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा भारी नुकसान

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरुआत की थी। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि होर्मुज में 1600 के करीब जहाज फंसे हुए हैं और ट्रम्प का प्रोजेक्ट फ्रीडम 48 घंटे तक ही टिक पाया।

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, लगभग 1600 जहाज अब भी होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं, शिपिंग कंपनियों को एक महंगी और जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे दो महीने से ज्यादा समय से पानी के रास्ते से निकलने का मौका ढूंढ रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला।

सिर्फ दो जहाजों को ही गाइड किया गया। अब, फिर से कंपनियां अकेले ट्रांजिट का रिस्क उठाने को तैयार नहीं हैं। जहाजों को जाने देने से कार्गो और स्टाफ दोनों को खतरा होगा। हाल ही में दक्षिण कोरिया के जहाज पर धमाके की जानकारी सामने आई थी, जिसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ये हमला ईरान की तरफ से किया गया। हालांकि, ईरान की तरफ से अब इस मामले में आधिकारिक बयान सामने आया है। ईरान ने दक्षिण कोरिया के जहाज पर हमले से साफ इन्कार कर दिया है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस्लामिक रिपब्लिक आफ ईरान की दूतावास, होर्मुज स्ट्रेट में एक कोरियाई जहाज को नुकसान पहुंचाने वाली घटना में ईरान की सेना के शामिल होने के किसी भी आरोप को पूरी तरह से खारिज करती है और साफ तौर पर मना करती है। जब से अमेरिका और इजरायली सरकार ने ईरान के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई की है, ईरान ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि होर्मुज स्ट्रेट हमलावरों और उनके समर्थकों का मुकाबला करने में उसकी सुरक्षा का एक जरूरी हिस्सा है। ईरानी दूतावास ने आगे कहा कि इस मामले में इस अहम जलमार्ग से नेविगेशन पर असर सुरक्षा की बदलती स्थिति से पड़ा है और यह पहले के समय की स्थितियों से अलग है, क्योंकि यह इलाका दुश्मन ताकतों और उनके साथियों की कार्रवाइयों से पैदा होने वाले बढ़ते तनाव का सामना कर रहा है। इसलिए, होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने के लिए लागू नियमों का पूरा पालन करना, जारी की गई चेतावनियों पर ध्यान देना, तय रास्तों पर चलना और ईरान की सक्षम अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाना जरूरी है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास ने अपने बयान में आगे कहा, ष्यह साफ है कि ऐसे हालात में, सैन्य और सुरक्षा तनाव से प्रभावित माहौल में बताई गई जरूरतों और ऑपरेशनल हकीकतों को नजरअंदाज करने से अनचाही घटनाएं हो सकती हैं।



■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला

## ट्रम्प-रुबियो के विरोधाभासी बयानों से ईरान युद्ध पर बढ़ी अनिश्चितता

**वाशिंगटन।** ईरान को लेकर अमेरिका के भीतर अलग-अलग संकेत सामने आए हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को सफल बताते हुए वार्ता का संकेत दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने समझौता न होने पर दोबारा सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को लेकर अमेरिकी प्रशासन के भीतर ही अलग-अलग संकेत सामने आने लगे हैं। एक तरफ विदेश मंत्री मार्को रुबियो का कहना है कि अभियान अपने लक्ष्य हासिल करने के बाद समाप्त हो चुका है और अब वाशिंगटन वार्ता के जरिए समाधान चाहता है। दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान प्रस्तावित समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो सैन्य हमले फिर शुरू हो सकते हैं और उनकी तीव्रता पहले से अधिक होगी। इसी बीच होर्मुज जलमार्ग में जहाजों की सुरक्षा के लिए शुरू किया गया अमेरिकी मिशन प्रोजेक्ट फ्रीडम भी फिलहाल रोक दिया गया है।

# चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन ने भ्रष्टाचार के मामलों में दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, दोनों को पहले 2 साल जेल में रखा जाएगा। अगर वह दो साल तक कोई नया अपराध नहीं करता तो सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है।

ली शांगफू को पिछले साल अचानक पद से हटाया गया था, जबकि वेई फेंगहे भी सैन्य भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आए थे। जिसके बाद दोनों को 2024 में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया था। यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन की सेना और रक्षा से जुड़े के कई वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को पिछले साल अक्टूबर में अचानक पद से हटा दिया गया था। वे करीब दो महीने तक सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे, जिससे कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं। अब पहली बार चीनी अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच चल रही थी। सैन्य अनुशासन जांच एजेंसी ने पाया कि ली ने गंभीर रूप से पार्टी अनुशासन और कानून का उल्लंघन' किया। उन पर बड़े पैमाने पर रिश्वत लेने, दूसरों को रिश्वत देने और पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि ली की गतिविधियों से सेना के हथियार डेवलपमेंट और मिलिट्री इक्विपमेंट की इमेज को भारी नुकसान पहुंचा। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे पर रिश्वत लेने और अपने पद का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगाए गए हैं। चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार का दोषी माना है।

■ भ्रष्टाचार मामले में वेई फेंगहे और ली शांगफू दोषी करार, पूरी प्रापर्टी भी जब्त

# बांग्लादेश की तीसता परियोजना में चीन की एंट्री

## ढाका-बीजिंग की बढ़ती साझेदारी पर भारत की नजर

**बीजिंग।** बांग्लादेश की नई सरकार ने तीस्ता नदी परियोजना को लेकर चीन का समर्थन औपचारिक रूप से मांग लिया है। यह कदम भारत और बांग्लादेश के रिश्तों पर असर डाल सकता है।

बुधवार को बीजिंग में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खालिलुर रहमान और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बैठक में तीस्ता रिवर काम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एंड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई। तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। यह नदी बांग्लादेश में सिंचाई और लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत मानी जाती है। बैठक में वांग यी ने नई बांग्लादेश सरकार के प्रति चीन का समर्थन जताते हुए कहा कि चीन, बेल्ट एंड रोड सहयोग को बांग्लादेश की विकास रणनीतियों के साथ जोड़ने और आर्थिक, बुनियादी ढांचे व लोगों के बीच संपर्क जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश में निवेश के लिए अपनी कंपनियों को भी प्रोत्साहित करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि चीन का बांग्लादेश और दक्षिण एशिया के अन्य देशों के साथ संबंध किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाकर नहीं बनाए जा रहे हैं और न ही किसी तीसरे पक्ष के कारण प्रभावित होने चाहिए। तारीक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विदेश मंत्री खालिलुर रहमान की यह पहली चीन यात्रा है। वह 5 मई को चीन पहुंचे थे और गुरुवार को लौटने वाले हैं। इससे पहले पिछले महीने उन्होंने भारत का भी दौरा किया था। उनकी भारत यात्रा पर बीजिंग की करीबी नजर थी, क्योंकि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन के दौरान बांग्लादेश के चीन और पाकिस्तान के करीब जाने से ढाका और नई दिल्ली के संबंधों में तनाव देखा गया था। चीन लंबे समय से तीस्ता परियोजना में रुचि दिखाता रहा है। यह परियोजना भारत के संवेदनशील सिलीगुड़ी कारिडोर के पास स्थित है, जो पूर्वोत्तर राज्यों को देश के मुख्य भूभाग से जोड़ता है। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने 2024 में तीस्ता बेसिन के लिए तकनीकी और संरक्षण सहायता की पेशकश की थी, ताकि सीमा पार नदी प्रबंधन को लेकर ढाका के साथ सहयोग मजबूत किया जा सके।



■ रिश्तों पर असर डाल सकता है बांग्लादेश का कदम

# कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी।

आंदोलन के नेता मिच सिलवेस्ट्रे ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि अब यह लड़ाई अगले चरण में पहुंच गई है। हालांकि इतना समर्थन जुटा लेने का मतलब यह नहीं है कि रेफरेंडम पक्का हो गया है। चुनाव आयोग को पहले इन हस्ताक्षरों की जांच करनी होगी। इस प्रक्रिया पर फिलहाल अदालत के आदेश की वजह से रोक भी लगी हुई है। अगर वोटिंग अल्बर्टा के पक्ष में गई तो यह प्रांत कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है। अल जजीरा के मुताबिक, अगर सभी कानूनी अड़चनें दूर हो जाती हैं, तो प्रांत में 19 अक्टूबर को प्रस्तावित बड़े जनमत संग्रह के साथ अलगाव पर भी वोटिंग कराई जा सकती है। उसी दिन संविधान और इमिग्रेशन जैसे दूसरे मुद्दों पर भी मतदान की योजना है। अगर यह प्रस्ताव वोटिंग तक पहुंचता है, तो लोगों से सीधा सवाल पूछा जाएगा कि क्या अल्बर्टा कनाडा से अलग होकर एक स्वतंत्र देश बनना चाहिए। लेकिन सर्वे बताते हैं कि अभी सिर्फ करीब 30 प्रतिशत लोग ही इसके समर्थन में हैं, यानी जनमत संग्रह पास होना भी आसान नहीं है।

■ मांग तेज हुई, अक्टूबर में वोटिंग संभव, अलगाववादियों ने तीन लाख हस्ताक्षर जुटाए

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

# अमेरिकी अदालत से भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले को बड़ी राहत

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस के खिलाफ चल रहे जासूसी कानून से जुड़े मामले में अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। वर्जीनिया की एक संघीय अदालत ने तकनीकी कानूनी आधार पर यह मामला खारिज कर दिया। अदालती आदेश में कहा गया कि याचिका स्वीकार की गई और मामला बिना किसी पूर्वाग्रह के खारिज किया गया।

अमेरिका के वर्जीनिया स्थित यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज माइकल एस. नाचमैनाफ ने 16 अप्रैल को टेलिस की याचिका स्वीकार करते हुए केस को खारिज करने का आदेश दिया। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष ने गलत कानूनी प्रावधान के तहत आरोप लगाए थे। टेलिस अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज अपने निजी घर में रखे थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक टेलिस ने अमेरिकी विदेश विभाग और रक्षा तंत्र से जुड़े वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए कई संवेदनशील दस्तावेज अपने पास रखे। सरकार की ओर से दायर आरोप पत्र में कहा गया था कि टेलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी 11 गोपनीय फाइलें अपने निजी निवास पर हार्ड कापी और डिजिटल फार्म में रखीं। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी उच्चस्तरीय पहुंच का फायदा उठाकर सुरक्षित सरकारी कार्यस्थलों से राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी बाहर निकाली और उसे निजी तौर पर संग्रहीत किया। हालांकि टेलिस की कानूनी टीम ने अदालत में दलील दी कि सरकार ने जासूसी अधिनियम की गलत धारा के तहत मामला दर्ज किया।

■ जे. टेलिस के खिलाफ चल रहा जासूसी कानून का मामला खारिज किया

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी प्रवेश परीक्षा 2026-27

महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज

देवबन्द जिला सहारनपुर (उ०प्र०) सीटें 100

मो. 9368119199, 7983332502

शैक्षिक योग्यता एवम शर्तें-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईट www.mcgcdeoband.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।

प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)

महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज देवबन्द जिला सहारनपुर (उ०प्र०)

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.

BDS, BAMS, BUMS, BEMS

Abroad Admission & Counselling For India

• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटैंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)